शारदेय नवरात्र



चतुर्थ दिवस मां कुष्माण्डा


# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 18 अक्टूबर 2023 । वर्ष –67 । अंक –339 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.



- डूबते मोदी को अब सेना...
- हमास-इजराइल सशस्त्र... 04
- आसमान में कनाडाई फ्लाइट से टकरा...
- अपने ही शहरियों से कई शहरों को... 09
- चीनी भंडार न बताने पर सख्ती की तैयारी...
- आरबीआई ने कोटक महिन्द्रा बैंक और... 11
- अफगानिस्तान से न्यूजीलैंड...
- रोहित शर्मा भारत के लिए... 10


# सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी को मान्यता देने से किया इनकार.. कहा- संसद का काम है कानून बनाना

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया और कहा कि वो स्पेशल मैरिज एक्ट को खत्म नहीं कर सकता है। कोर्ट ने कहा कि सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने का काम संसद का है। अदालत कानून नहीं बना सकती थी।

सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि समलैंगिक कपल को बच्चा गोद लेने का अधिकार नहीं दिया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि शादी का अधिकार संविधान में कोई मौलिक अधिकार नहीं है, इसलिए समलैंगिक कपल इसे मौलिक अधिकार के रूप में दावा नहीं कर सकते हैं।





सुप्रीम कोर्ट ने 3–2 की बहुमत से इस मसले पर अपना फैसला सुनाया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संवैधानिक बेंच ने याचिकाओं पर 10 दिन सुनवाई की थी। इस संवैधानिक बेंच में जस्टिस संजय किशन कौल, एस रवींद्र भट, हिमा कोहली और पीएस नरसिम्हा भी शामिल थे। कोर्ट ने सुनवाई के बाद 11 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीजेआई चंद्रचूड़ और जस्टिस एसके कौल ने समलैंगिक कपल के पक्ष में फैसला दिया। लेकिन जस्टिस एस रवींद्र भट, हिमा कोहली और पीएस नरसिम्हा ने विरोध में फैसला दिया। यानी बहुमत समलैंगिक लोगों की दलीलों के खिलाफ रहा। हालांकि इस बात पर सभी जज सहमत थे कि शादी का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि स्पेशल मैरिज एक्ट में वो शब्द नहीं जोड़ सकता क्योंकि ये काम विधायिका का है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि समलैंगिक लोगों को शादी का अधिकार मिलना चाहिए, जो बाकी हेट्रोसेक्शुअल लोगों को मिलता है। जस्टिस चंद्रचूड़ के मुताबिक, ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## केंद्र सरकार ने समलैंगिक विवाह का विरोध किया

सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले 56 पन्नों का हलफनामा भी दाखिल किया था। इसमें कहा गया था कि समलैंगिक विवाह को मंजूरी नहीं दी जा सकती। समलैंगिक शादी भारतीय परिवार की अवधारणा के खिलाफ है। भारतीय परिवार की अवधारणा पति-पत्नी और उनसे पैदा हुए बच्चों से होती है। शादी के कॉन्सेप्ट में शुरुआत से ही दो विपरीत लिंग के दो व्यक्तियों का मेल माना गया है। सामाजिक, सांस्कृतिक और कानूनी तौर पर विवाह के विचार और अवधारणा में यही परिभाषा शामिल है। इसमें कोई छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए।

ICC CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

**आज के मैच**
न्यूजीलैंड विरूद्ध अफगानिस्तान
समय - 2.00 दोपहर

## सार संक्षेप

### तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में ताबड़तोड़ विस्फोट, दर्दनाक हादसे में 10 की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु की दो अलग–अलग पटाखा फैक्ट्री में मंगलवार को एक के बाद एक हुए दो धमाकों में अब तक दस लोगों की मौत हो गई है। अग्निशमन और बचाव विभाग के मुताबिक पहला विस्फोट विरुधुनगर जिले के शिवकाशी के पास एक पटाखा बनाने वाली फैक्ट्री में हुआ। हालांकि, यहां किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कुछ समय बाद ही विरुधुनगर जिले के ही कम्मापट्टी गांव में स्थित पटाखा फैक्ट्री में एक और विस्फोट की घटना सामने आई, जिसमें दस लोगों के मारे जाने की खबर है। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे पहले, हादसे में मरनेवालों की संख्या पांच बताई गई थी।

### सेना की गरिमा को ठेस पहुंचा रही मोदी सरकार : खडगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार सेना की प्रतिष्ठा का ध्यान रखे बिना अपनी सरकार के कार्यों की उपलब्धियों का प्रचार के लिए उसका इस्तेमाल कर रही है और उसका यह कदम सेना के शौर्य को ठेस पहुंचाने वाला है। श्री खडगे ने ट्वीट किया राष्ट्र की सुरक्षा करने वाले हमारे भारतीय सेना के वीर जवानों की लोकप्रियता को भुनाकर मोदी जी स्वयं का प्रचार करवा रहें हैं।

## सूचना

**सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर**
epaper.deshbandhump.com
**वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।**

## मध्य प्रदेश के लिए कांग्रेस का वचनपत्र जारी

# प्रदेश की बनेगी आईपीएल टीम, पिछड़ों को आरक्षण, महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए

## बिजली बिल 100 युनिट तक माफ, 200 पर हॉफ

### महिला, किसान और नौजवान पर फोकस

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी कर दिया है। पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को वचन पत्र का नाम दिया है और इसमें प्रमुख तौर पर 101 गारंटियों का जिक्र भी किया है।

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने धान 2600, गेहूं 2599 रुपये में खरीदने का वादा किया है। इसके अलावा पार्टी ने कहा कि वह



सत्ता में आएगी तो गोबर भी ख़रीदेगी। रोजगार के मोर्चे पर पार्टी ने वादा किया है कि दो लाख नई भर्ती होगी।

राज्य में नौकरियों के लिए कहा गया है कि एमपी को उद्योगों को हब बनायेंगे। कृषि पर कांग्रेस ने कहा कि किसान का कर्जा माफ़ होगा। इसके साथ ही लोगों का दस लाख का दुर्घटना बीमा, पच्चीस लाख का स्वास्थ बीमा किया जायेगा। कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि जय किसान कृषि ऋण माफी ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### शिवराज बोले- घोषणा पत्र नहीं झूठ पत्र है



सीएम शिवराज ने भोपाल में कहा, यह कांग्रेस का घोषणा पत्र नहीं है, यह झूठ का पत्र है। पांच साल पहले कांग्रेस ने जनता से 900 से ज्याद वादे किए थे, लेकिन उनमें से नौ भी पूरे नहीं किए। युवाओं को 4000 रुपये बेरोजगारी भत्ता कब मिलेगा? समर्थन मूल्य पर बोनस कब दिया जाएगा?

### प्रहलाद ने बताया लालच का पुलिंदा



केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने इस घोषणा पत्र को लालच का पुलिंदा बताते हुए कहा कि- कांग्रेस के सारे वचन मात्र छलावा हैं। गरीबों के नाम पर अपने कल्याण कर षड़यंत्र है।

# 2040 तक चंद्रमा पर पहला भारतीय, 2035 में अपना स्पेस स्टेशन

**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र गगनयान मिशन की तैयारियों में जुटा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गगनयान की प्रगति का आकलन करने के लिए मंगलवार को उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

इस दौरान भारत के अंतरिक्ष मिशनों को लेकर भविष्य की रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा हुई। अंतरिक्ष विभाग ने गगनयान मिशन की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसमें अब तक विकसित विभिन्न टेक्नोलॉजी जैसे ह्यूमन-रेटेड लॉन्च वाहन और सिस्टम क्वालिफिकेशन शामिल हैं। ह्यूमन-रेटेड लॉन्च व्हीकल के 3 मिशनों समेत करीब 20 बड़े टेस्ट की योजना बनाई गई है।



### मोदी ने ली इसरो की उच्च स्तरीय बैठक

हाल के दिनों में चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 मिशन सहित भारतीय अंतरिक्ष पहल की दूसरी सफलताओं को देखते हुए पीएम मोदी ने कुछ खास निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देश को अब 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना सहित नए लक्ष्य तय करने चाहिए। इनमें 2040 तक चंद्रमा पर पहला भारतीय भेजना भी शामिल है। इस टारगेट को पाने के लिए अंतरिक्ष विभाग चंद्रमा की खोज को लेकर रोडमैप तैयार करेगा।

### दिल्ली हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# पति के बराबर कमाती है पत्नी तो अंतरिम भरण-पोषण की हकदार नहीं

**नई दिल्ली।** अगर पति और पत्नी दोनों समान रूप से कमा रहे हैं तो ऐसे में पत्नी गुजारा भत्ता की हकदार नहीं हो सकती है। यह फैसला दिल्ली उच्च न्यायालय ने सुनाया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि जब दोनों पति–पत्नी समान योग्यता रखते हों और समान रूप से कमा रहे हों तो ऐसे में हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 24 के तहत पत्नी को अंतरिम भरण–पोषण नहीं दिया जा सकता।



न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और नीना बंसल कृष्णा ने इस बात पर जोर दिया कि धारा 24 का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वैवाहिक मामले के दौरान पति–पत्नी में से किसी को भी वित्तीय बाधाओं का सामना न करना पड़े। क्योंकि वित्तीय संसाधनों की कमी उन्हें (वैवाहिक जीवन में) पूरी तरह से भाग लेने से रोक सकती है।

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने अपने 11 अक्टूबर के फैसले में कहा, हमारा मानना है कि वर्तमान मामले में, जहां दोनों पति–पत्नी समान रूप से योग्य हैं और समान रूप से कमा रहे हैं, वहां अधिनियम की धारा 24 के तहत पत्नी को अंतरिम भरण–पोषण नहीं दिया जा सकता है। अधिनियम की धारा 24 के तहत कार्यवाही का उद्देश्य दोनों पति–पत्नी की आय को बराबर करना या अंतरिम भरण–पोषण देना नहीं है।

अदालत पति और उसकी अलग रह रही पत्नी द्वारा दायर दो अपीलों पर सुनवाई कर रही थी। दरअसल एक फैमिली कोर्ट ने पति को बच्चे के भरण–पोषण के लिए प्रति माह 40,000 रुपये प्रदान करने का निर्देश दिया था, लेकिन भरण–पोषण के लिए पत्नी के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था।

### विधायकों की अयोग्यता मामले में सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# अगर विधानसभा अध्यक्ष समय–सीमा तय नहीं करेंगे, तो कोर्ट करेगा

## सर्वोच्च अदालत ने महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर को दिया आखिरी मौका

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र में विधायकों के अयोग्यता के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार 17 अक्टूबर को विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर को अंतिम मौका देने की बात कही। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि विरोधी धड़े (उद्धव ठाकरे) की तरफ से जो याचिकाएं दायर की गई हैं, उस पर फैसला लेने के लिए स्पीकर वास्तविक समयसीमा निर्धारित करें। अयोग्यता की याचिकाओं को जल्द निर्णय लिए जाने की जरूरत है।



महाराष्ट्र में विधायक अयोग्यता मामले की चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच में सुनवाई हुई। बेंच ने साफतौर पर कहा, 'टाइम शेड्यूल से हम संतुष्ट नहीं हैं। सॉलिसिटर जनरल ने भरोसा दिया है कि वे दशहरे की छुट्टियों में व्यक्तिगत रूप से स्पीकर से बात करेंगे और रास्ता निकालेंगे। अब मामले की सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी।

**13 को भी सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई थी-** महाराष्ट्र में विधायकों के अयोग्यता मामले पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार 13 अक्टूबर को सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में लगातार हो रही देरी पर महाराष्ट्र स्पीकर पर नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने कहा कि कोई उन्हें समझाए कि वे हमारे आदेश का उल्लंघन नहीं कर पाएंगे। कोई भी कार्यवाही महज दिखावा नहीं हो सकती।

**स्पीकर पर छोड़ा था सदस्यता का फैसला-**एकनाथ शिंदे गुट के 16 बागी विधायकों की अयोग्यता पर सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को फैसला सुनाया था। इसमें कोर्ट ने बागी विधायकों की सदस्यता पर फैसला स्पीकर पर छोड़ दिया था।

# भारत के 60 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है इंडिया गठबंधन- राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मिजोरम में भाजपा और संघ परिवार पर सीधा हमला बोला। राहुल गांधी ने आइजोल में कहा कि- विपक्षी इंडिया गठबंधन देश के 60 फीसदी हिस्सा का प्रतिनिधित्व करता है।

उन्होंने कहा कि हमारे देश के लिए भाजना-आरएसएस का नजरिया हमसे अलग है। उन्होंने कहा कि आरएसएस का मानना है कि भारत को एक विचारधारा, संगठन द्वारा शासित किया जाना चाहिए, जिसका हम विरोध कर रहे हैं। आरएसएस, भाजपा आपकी आस्था की बुनियाद को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं।



राहुल गांधी ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी डिसेंट्रलाइजेशन में विश्वास करती है जबकि भाजपा मानती है कि सभी फैसले दिल्ली में लिए जाने चाहिए। उन्होंने दावा कि इंडिया गठबंधन अपने मूल्यों, संवैधानिक ढांचे, स्वतंत्रता को संरक्षित कर भारत की अवधारणा की रक्षा करेगा।

### बोले- भाजपा और आरएसएस से अलग है हमारा नजरिया

### मणिपुर में जो हुआ, वह भाजपा की विचारधारा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिनों पहले मैं भारत जोड़ो यात्रा से कन्याकुमारी से कश्मीर तक चला। इसका आइडिया भाजपा और आरएसएस की ओर से देश में फैलाई गई विचारधारा से लड़ना था। अगर हम देश में ध्यान से देखें तो भाजपा की विचारधारा साफ नजर आएगी। मणिपुर में जो हो रहा है, उससे पता चलता है कि भाजपा की विचारधारा क्या कर सकती है। वहां सैकड़ों लोग मार दिए गए, महिलाओं से छेड़छाड़ हुई, उनका रेप हुआ। बच्चों को मार दिया गया, लोगों के घर जलाए जा रहे हैं। इसके बाद भी पीएम ने मणिपुर का दौरा नहीं किया।

# छत्तीसगढ़ में मारा गया 8 लाख का इनामी नक्सली

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दौरान नक्सली गतिविधियां बढ़ाने की लगातार आशंका है और ऐसा होता नजर भी आ रहा है। इसी के चलते बीजापुर के जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में एक आठ लाख का इनाम नक्सली मारा गया है। उसके पास से एके-47 राइफल भी बरामद हुई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के बीजापुर इलाके के मददेड़ थाना क्षेत्र के बंदेपुरा गांव के जंगल में नक्सलियों का शिविर होने की सूचना सुरक्षा बलों को मिली थी।

## बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** शीर्ष अदालत ने इस बार महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को फैसला लेने आखिरी मौका देते हुए कहा है कि- नहीं तो हम समय-सीमा तय करेंगे।
**चुहिया- हां प्रिये-**अब तुम भी ठहरकर देखो कि राजनीति के कैसे खेल होते हैं?


अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
**मोतियाबिंद ऑपरेशन**
मध्य भारत का सबसे आधुनिक **नया युग**
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
**डॉ. पवन स्थापक**-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
**जनज्योति सुपर स्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर**

**A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL**
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)



Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com


## सिनेमा

### अल्लू अर्जुन, आलिया भट्ट समेत कई सितारों को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

# वहीदा रहमान को दादा साहेब फाल्के सम्मान

**नई दिल्ली।** 17 अक्टूबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 69वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ। आलिया भट्ट को गंगूबाई काठियावाड़ी में उनकी परफॉर्मेंस के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया। आलिया भट्ट इस कास मौके पर अपनी शादी वाली साड़ी पहनकर पहुंची थीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सम्मान पाकर वह काफी खुश नजर आईं।

नेशनल अवार्ड के लिए सेलेब्स के नामों का ऐलान काफी पहले हो गया था। आलिया भट्ट के साथ ही कृति सेनन को भी बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवार्ड मिला है। अल्लू अर्जुन को सर्वश्रेष्ठ अभिनय के लिए राष्ट्रपति ने इस सम्मान से सम्मानित किया। अपने जमाने की दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान को दादा साहेब फाल्के लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया।

दादा साहेब फाल्के पुरस्कार पाने के बाद वहीदा रहमान काफी भावुक नजर आईं। उन्होंने अपने साथ काम किये सभी को-एक्टर्स, टेक्निशियन्स, डायरेक्टर्स,





म्युजिशियन्स और फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि अगर वो लोग ना होते तो शायद आज उन्हें ये सम्मान ना मिल रहा होता।

**पंकज त्रिपाठी को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का नेशनल अवार्ड-**पंकज त्रिपाठी को फिल्म मिमी के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। अभिनेता अपने चिर परिचित अंदाज में सम्मान लेते दिखे। पंकज के फैंस उनकी इस उपलब्धि पर काफी खुश नजर आए। सोशल मीडिया में पंकज को लोग नेशनल अवार्ड के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं।

**बेहद खुश हैं अल्लू अर्जुन-**अल्लू अर्जुन ने बेस्ट एक्टर अवॉर्ड जीतने पर खुशी ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## गाजा पर इजराइल की कार्रवाई के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** हमास के खिलाफ इजराइल के हमलों को लेकर सोमवार को यहां विद्यार्थियों समेत बड़ी संख्या में लोगों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया और फलस्तीन को कूटनीतिक समर्थन देने की एवं इजराइल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसने विरोध प्रदर्शन के लिए पूर्व अनुमति नहीं लेने के मामले में करीब 60 लोगों को हिरासत में लिया है। प्रदर्शन का आयोजन भाकपा-माले समर्थित वामपंथी संगठन 'ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) और अन्य छात्र संगठनों ने किया था। बड़ी संख्या में छात्र एवं अन्य लोग जंतर-मंतर पहुंचे और उन्होंने नारे लगाने शुरू कर दिये। इनमें अधिकतर दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्र तथा शिक्षक थे।

# गेमिंग साइटों से बच्चों के यौन शोषण का खतरा बढ़ा

## ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री में 87 फीसदी वृद्धि

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** दुनिया में आनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री के मामलों में 2019 के बाद से 87 फीसदी की वृद्धि हुई है तथा गेमिंग साइटों से भी बच्चों के यौन शोषण का खतरा बढ़ा है। यह तथ्य गैर सरकारी संगठन वीप्रोटेक्ट ग्लोबल अलायंस की ताजा रिपोर्ट में दिया गया है।

### वीप्रोटेक्ट ग्लोबल अलायंस की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

बच्चों के लिए आनलाइन खतरे के बारे में वीप्रोटेक्ट ग्लोबल अलायंस ने जारी अपनी चौथी वैश्विक रिपोर्ट में कहा है कि वैश्विक स्तर पर 3.2 करोड़ से अधिक ऐसे मामले की रिपोर्ट की गई है जहां आनलाइन माध्यमों में बाल यौनशोषण से जुड़ी सामग्री प्रस्तुत की गई थी।

**भारत पर भी आसन्न खतरों को किया जिक्र**- रिपोर्ट के अनुसार भारत चिंताजनक रूप से उन देशों में से एक है जहां बच्चों के लिए आनलाइन माध्यामों पर आसन्न खतरों का जिक्र इस रिपोर्ट में किया गया है। इसमें यह भी पाया गया कि 2020 से 2022 (इंटरनेट वॉच फाउंडेशन) के बीच सात से 10 साल के बच्चों की स्व-निर्मित यौन कल्पना की सामग्रियों में 360 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार चौंकाने वाली बात यह भी है कि सोशल गेमिंग प्लेटफॉर्म पर बच्चों के साथ बातचीत 19 सेकंड के भीतर उच्च जोखिम वाली ग्रूमिंग स्थितियों में बदल सकती है, जबकि ग्रूमिंग का औसत समय केवल 45 मिनट है।

वीप्रोटेक्ट ग्लोबल अलायंस के अनुसार सोशल गेमिंग का माहौल वयस्क और बच्चे के बीच मेल-जोल, आभासी उपहारों के आदान-प्रदान और पब्लिक रैंकिंग प्रणालियों की सुविधा प्रदान करता है, उससे ऐसे जोखिम काफी बढ़ जाते हैं। संगठन की इस शोधपरक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यौन शोषण से जुड़े वित्तीय उत्पीड़न में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज होने का उल्लेख किया गया है।

### पिछल साल 10,000 से अधिक वसूली के मामले

इसके तहत 2021 में जहां बच्चों से वसूली के 139 मामले सामने आए थे, वे 2022 में बढ़कर 10,000 से अधिक हो गए। ऐसी घटनाओं में अपराधियों का अपनी यौन तस्वीरें और वीडियो साझा करने के लिए बच्चों को तैयार करना और हेराफेरी करना और फिर पैसे कमाने के लिए उनसे जबरन वसूली करना शामिल है। जबरन वसूली करने वाले लोग युवा लड़कियों के रूप में अपने को ऑनलाइन पेश होते हैं और मुख्य रूप से सोशल मीडिया के माध्यम से 15-17 वर्ष की आयु के लड़कों से संपर्क करते हैं। इसमें कहा गया है कि कई मामलों में, ऐसी घटनाओं के कारण बच्चों ने दुखद रूप से, अपनी जान ले ली।

# संरा सुरक्षा परिषद ने इजराइल-हमास युद्ध पर रूसी मसौदा प्रस्ताव को खारिज किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा से जुड़े उस रूसी मसौदा प्रस्ताव को खारिज कर दिया जिसमें नागरिकों के खिलाफ हिंसा और आतंकवाद की तो निंदा की गई, लेकिन इसमें इजराइल पर हमास के हमले का कोई जिक्र नहीं है। हालांकि, प्रतिद्वंद्वी ब्राजीलियाई मसौदे पर मतदान मंगलवार को होगा।

15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद ने सोमवार शाम को रूस की ओर से पेश मसौदा प्रस्ताव पर मतदान करने के लिए बैठक की। यह पहला मसौदा है जब इजराइल और फलस्तीनी चरमपंथी समूह हमास के बीच बढ़ते युद्ध के बीच संयुक्त राष्ट्र के इस शक्तिशाली निकाय द्वारा विचार किया गया। एक पेज के इस प्रस्ताव पर मतदान में केवल पांच देशों, रूस, चीन, संयुक्त अरब अमीरात, मोजाम्बिक और गैबॉन ने पक्ष में मतदान किया और यह पारित नहीं हो सका।

चार देशों, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जापान ने इसके खिलाफ मतदान किया, जबकि अन्य छह देश अनुपस्थित रहे। अल्बानिया, ब्राजील, इक्वाडोर, घाना, माल्टा और स्विट्जरलैंड ने मतदान में भाग नहीं लिया। किसी प्रस्ताव को अपनाए जाने के लिए 15-सदस्यीय सुरक्षा परिषद में इसके समर्थन में कम से कम नौ वोटों की आवश्यकता होती है। सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र का सबसे ताकतवर निकाय है जिस पर अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेदारी है, लेकन यह इजराइल पर सात अक्टूबर को किये गये हमास के हमले के प्रति प्रतिक्रिया देने में नाकाम रहा जिसमें 1300 लोग मारे गये और बाद में इजराइल के जवाबी हमले में हमास शासित गाजा पट्टी में करीब 2778 लोग मारे गये और 9000 से अधिक लोग घायल हो गये।

### चार देशों ने विरोध में किया वोट

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने वोट के बारे में कहा कि रूस का प्रस्ताव बिना किसी परामर्श के रखा गया था और इसमें हमास का कोई जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन मॉस्को के प्रस्ताव का समर्थन नहीं कर सकता, जो हमास के आतंकवाद को नजरअंदाज करके पीड़ितों का अपमान करता है।

संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थायी प्रतिनिधि वासिली नेबेंजिया ने मतदान से पहले कहा कि मसौदा प्रस्ताव विशुद्ध रूप से मानवीय पाठ है। संयुक्त राष्ट्र में ब्रिटेन की राजदूत बारबरा वुडवर्ड ने कहा, इजरायल के इतिहास में सबसे बड़े आतंकी हमले को नजरअंदाज करना इस परिषद के लिए उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इजराइल के इतिहास में सबसे बड़े आतंकवादी हमले को नजरअंदाज करना परिषद के लिए अविवेकपूर्ण है।


## राजस्व मामले में नोटिस
**समक्ष न्यायालय अपर कलेक्टर (ग्रामीण) जिला-जबलपुर**

मामले का विषय - धारा 14 सुरक्षा ब्याज अधि.
मामला क्रमांक /बी-121/23-24
आवे. हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कार्पोरेशन लि. विरुद्ध श्रीमती अनीसा बेगम वगैरह
दावा

1. श्रीमती अनीसा बेगम, आयु वयस्क, पति श्री अब्दुल सलाम,
2. अब्दुल फैजान, आयु वयस्क
3. अब्दुल फहीम, आयु वयस्क
4. अब्दुल करीम आयु वयस्क पिता श्री अब्दुल रहीम

निवासी - प्लॉट नंबर 23, पी/ओ डायवर्सन प्लॉट नं. 584, मुनी मकान नं. 1245-1246, गली नं. 154-सी, सेट नं. 773 राईट टाउन एक्सटेन्शन, जबलपुर म.प्र.
एवं मकान नं. 367, कोतवाली बाजार, राजा रसगुल्ला गली, जबलपुर म.प्र.
एवं मकान नं. 1 से 24/4 सिंधी केम्पस, हनुमानताल, जबलपुर म.प्र.
एवं फैशन चप्पल स्टोर, 211, पसारी मार्केट, कोतवाली बाजार, जबलपुर म.प्र.

--0--

आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की **सुनवाई तारीख - 09/11/2023 को अपरान्ह 03:00 बजे** स्थान न्यायालय अपर कलेक्टर (ग्रामीण) जबलपुर के **कक्ष क्रमांक-17** पर होगी।

पेशी तारीख-09/11/2023
जारी तारीख- 12 अक्टूबर, 2023

अपर जिला दण्डाधिकारी
जबलपुर


## वियतनाम में गांधी की मूर्ति का एस जयशंकर ने किया अनावरण

# बोले- दुनिया में और बढ़ गई महात्मा गांधी की प्रासंगिकता

**हनोई।** हिंसा, आतंक और युद्ध की चुनौतियों से जूझ रही आज की दुनिया में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि महात्मा गांधी न केवल एक राजनीतिक, बल्कि राजनयिक प्रेरणा के रूप में भी काम करते हैं। जयशंकर वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी में गांधी की प्रतिमा के अनावरण के बाद एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। विदेश मंत्री जयशंकर ने सत्य, अहिंसा और लोगों की स्वतंत्रता और स्वतंत्रता में योगदान के लिए भारत के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी के रूप में महात्मा गांधी की सराहना की।



# प्रथम पृष्ठ का शेष

### सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक...

अगर उन्हें ये अधिकार नहीं मिलता तो ये उनके मौलिक अधिकारों का हनन है। हालांकि कोर्ट ने कानून बनाने का फैसला सरकार के हवाले कर दिया। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारें क्वीयर समुदाय के लोगों को एक साथ रहने और सरकार की तरफ से मिलने वाले लाभों को देने में भेदभाव नहीं करेंगी। सीजेआई ने सरकार को कमिटी की याद दिलाते हुए कहा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आश्वासन दिया था कि एक कमिटी बनाई जाएगी। कमिटी को क्वीयर कपल के अधिकारों को लेकर समुदाय से सुझाव लेने चाहिए। इसमें क्वीयर कपल के राशन कार्ड, जॉइंट बैंक अकाउंट, पेंशन, ग्रैचुइटी आदि अधिकारों को विचार करना चाहिए। दरअसल, सुप्रीर्म कोर्ट में 3 मई को केंद्र सरकार ने बताया था कि क्वीयर समुदाय से जुड़ी समस्याओं पर कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक कमिटी गठित की जाएगी। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तब कहा था कि सेम सेक्स कपल को सामाजिक लाभ देने को लेकर कोर्ट ने जो सवाल उठाए हैं, उस पर सरकार सकारात्मक सोच रखती है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि अगर एक ट्रांसजेडर व्यक्ति हेट्रोसेक्शुअल व्यक्ति से शादी करता है ऐसी शादी को एक व्यक्ति को पुरुष और दूसरे को महिला मानकर मान्यता दी जाएगी। ट्रांसजेंडर पुरुष को एक महिला के साथ शादी का अधिकार है, उसी तरह ट्रांसजेंडर महिला को एक पुरुष के साथ शादी का अधिकार है। ट्रांसजेंडर पुरुष और ट्रांसजेंडर महिला भी शादी कर सकते हैं और अगर इसकी अनुमति नहीं दी गई तो ये ट्रांसजेंडर एक्ट का उल्लंघन होगा।

### मध्यप्रदेश के लिए कांग्रेस..

योजना को निरंतर रखेंगे। किसानों का 2 लाख तक का कर्ज माफ करेंगे। इसके साथ ही महिलाओं को प्रतिमाह 1500/- रूपए नारी सम्मान निधि के रूप में देंगे। पार्टी ने कहा है कि घरेलू गैस सिलेंडर 500/- रूपए में देंगे। इंदिरा गृह ज्योति योजना के अंतर्गत 100 यूनिट माफ और 200 यूनिट हाफ दर पर देंगे। कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में कहा है कि पुरानी पेंशन योजना 2005 ओपीएस प्रारंभ करेंगे। किसानों को सिंचाई हेतु 5 हार्सपॉवर का विद्युत नि:शुल्क प्रदान करेंगे। किसानों के बकाया विद्युत देयक माफ करेंगे।

**दिव्यांगजनों की पेंशन की राशि बढ़ाकर रूपए 2000करने का वादा**-कांग्रेस ने एमपी के घोषणा पत्र में वादा किया है कि किसान आंदोलन एवं विद्युत संबंधी झूठे व निराधार प्रकरणों को वापिस लेंगे। बहुदिव्यांगजनों की पेंशन की राशि बढ़ाकर रूपए 2000/- करेंगे और जातिगत जनगणना कराएंगे।

इसके साथ ही पार्टी ने कहा है कि शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देंगे और संत शिरोमणि रविदास के नाम पर कौशल उन्नयन विश्वविद्यालय सागर में स्थापित करेंगे। तेंदूपत्ता की मजदूरी की दर 4000/- रूपए प्रति मानक बोरा करेंगे। पढ़ो-पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सरकारी स्कूलों के बच्चों को कक्षा 1 से 8वीं तक 500/- रूपए, कक्षा 9वीं-10वीं के लिए 1000/- एवं कक्षा 11वीं-12वीं के बच्चों को 1500/- रूपए प्रतिमाह देंगे। कांग्रेस ने वादा किया है कि मध्यप्रदेश में स्कूली शिक्षा नि:शुल्क करेंगे और आदिवासी अधिूसचित क्षेत्रों में कांग्रेस के कार्यकाल में बना पेसा एक्ट लागू करेंगे।

### वहीदा रहमान को..

व्यक्त की और कहा, मैं बेहद खुश हूं कि मुझे यह पुरस्कार मिला। एक व्यावसायिक फिल्म के लिए इसे प्राप्त करना मेरे लिए दोहरी उपलब्धि है। जैसे ही वह समारोह में शामिल होने के लिए आगे बढ़े, अल्लू अर्जुन ने पुष्पा का सिग्नेचर मूव किया। **विजेताओं की सूची**- बेस्ट एक्टर अल्लू अर्जुन (पुष्पा) **बेस्ट अभिनेत्री**- आलिया भट्ट (गंगूबाई काठियावाड़ी), कृति सैनन (मिमी) **बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर**- पंकज त्रिपाठी (मिमी) **बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस**- पल्लवी जोशी (द कश्मीर फाइल्स) **बेस्ट फीचर फिल्म**- रॉकेट्री द नांबी इफेक्ट **बेस्ट पॉपुलर फिल्म**- आरआरआर **बेस्ट फीचर फिल्म (हिंदी)**- सरदार उधम **बेस्ट फीचर फिल्म (कन्नड़)**- 777 चार्ली **बेस्ट फीचर फिल्म (तमिल)**- कदायसी विवासई **बेस्ट फीचर फिल्म (तेलुगु)**- उपेन्ना **बेस्ट फीचर फिल्म (असामी)**- अनुर **बेस्ट फीचर फिल्म (मलयालम)**- होम **बेस्ट कोरियोग्राफी**- आरआरआर **बेस्ट लिरिक्स**- कोंडापोलम **बेस्ट कॉस्ट्यूम**- सरदार उधम **बेस्ट एडिटिंग**- संजय लीला भंसाली (गंगूबाई काठियावाड़ी) **बेस्ट स्क्रीनप्ले**- गंगूबाई काठियावाड़ी **बेस्ट सिनेमेटोग्राफी**- सरदार उधम **बेस्ट डायरेक्टर** - निखिल महाजन (गोदावरी, मराठी फिल्म) **बेस्ट संगीत**- पुष्पा (देवी श्री प्रसाद), आरआरआर (एमएम कीरावनी) **स्पेशल जूरी अवार्ड**- शेरशाह **बेस्ट बुक ऑन सिनेमा**- म्यूजिक बाय लक्ष्मीकांत प्यारेलाल (लेखक- राजीव विजयकर) **बेस्ट फिल्म ऑन सोशल इशू**- अनुनाद।


**In The Court of XIV Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur**
**presiding Officer:**
ज्योत्सना आर्य
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000101/2022)
सूरज कुमार गुप्ता..............वादी
Vs
शाखा प्रबंधक ............. प्रतिवादी
Process Id- /2023
पेशी दि.:-17/11/2023

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर मध्यप्रदेश
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सूरज कुमार गुप्ता पता- 718, काली मंदिर के पास गली नं. 15, केन्ट सदर बाजार जिला जबलपुर म.प्र. ने मृतक रामनाथ गुप्ता निवासी- 718, काली मंदिर के पास गली नं. 15, केन्ट सदर बाजार जिला जबलपुर म.प्र. की केनरा बैंक शाखा, केन्टोमेन्ट जबलपुर, म.प्र. में जमा राशि प्राप्ति हेतु संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 17 नवम्बर 2023 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 17 नवम्बर 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 09 अक्टूबर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा-
टिप्पणी -प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 वास्ते उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र हेतु की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(ज्योत्सना आर्य)
चौदहवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
जबलपुर , (म.प्र.)
र.नं. 1429


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


**पश्चिम मध्य रेल**
ई निविदा सूचना - खुली निविदा
सिविल इंजीनियरिंग (निर्माण)
संख्या: उप.मु.इंजी./निविदा आमंत्रण सूचना /कोटा/16/2023 दिनांक: 14.10.2023

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या**- उप.मु. इंजी. (नि.) कोटा - 07 -2023-आर, **कार्य का विवरण**- पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल के मध्य प्रदेश राज्य में रामगंजमंडी - भोपाल नई लाईन परियोजना के संबंध में CH:148200 से CH:150600 के बीच बैंक में मिटटी का काम/कटिंग, ब्लेंकेटिंग सामग्री सहित आरयूबी सहित छोटे पुलों का निर्माण गिटटी की आपूर्ति और अन्य विविध कार्य निर्माण करना। **निविदा खुलने की तारीख** - 06.11.2023, **अनुमानित लागत रू.** - 16,35,46,599/- (दो पैकेट सिस्टम), पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई निविदा में तथा मुख्य परियोजना प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे निविदा खोलने की तारीख से पहले नियमित रूप से वेबसाईट देखते रहें और निविदा में किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र पर ध्यान दें। ऑफर सिर्फ ई निविदा के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे। ई. निविदा के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से निविदा ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण), पमरे, कोटा
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**Jawaharlal Nehru Krishi Vishwa Vidyalaya, College of Horticulture, Rehli- 470227**
**CORRIGENDUM**
The Walk-In-Interview scheduled to be held on 20th October, 2023 at 10.30 am in the office of the Dean Faculty of Horticulture, College of Agriculture, JNKVV, Jabalpur to select Guest Faculties for teaching of different Horticultural courses at College of Horticulture, Rehli is hereby Postponed due to Model Code Of Conduct (Vidhan Sabha Election-2023).
IPRO/COH/Rehli/2023/54 Dean



**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/0767/अ-6/2023-2024
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार खटीक/स्व. प्रीतम लाल खटीक, नि.-म.नं. 327, पुराना मोतीलाल वर्तमान में जवाहर लाल नेहरू वार्ड ने नजूल ब्लाक नं. 105 प्लाट नं. 49 निर्मित/रकवा 1132 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम ओमती प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा ... व.फु. वसीयतनामा दिनांक 29/09/2018 मृत्यु दिनांक 05/08/2023 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, शपथ पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 105 प्लाट नं. 49 निर्मित/रकवा 1132 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम ओमती प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा ... व.फु./हे. बैजन्ती बाई/प्रीतम लाल खटीक के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 23/10/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 10/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 10/10/2023
पेशी दिनांक 23/10/2023
तहसीलदार, रांझी, जबलपुर
र.नं. 1436



**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जिला जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 197 /अ-6/2023-2024
जबलपुर दिनांक......
**आम इश्तहार**
एतद् द्वारा सर्व साधारण आज जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अब्दुल खालिक पिता स्व. श्री नूर मोहम्मद अंसारी निवासी म.नं. 396/8 चार खम्बा जाकिर हुसैन वाई तह व जिला जबलपुर द्वारा ब्लाक नं. 24 प्लाट नं. 7/1 राजस्व निरीक्षक मण्डल जबलपुर में स्थित रकवा 760 वर्गफुट भूमि नूर मोहम्मद पिता स्व. श्री अब्दुल गफूर का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है । नूर मोहम्मद पिता स्व. श्री अब्दुल गफूर का निधन 31/12/1996 को हो चुकी है। उक्त संपति का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 25/10/23 तक कार्यालय हाट बाजार में स्थित न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा ।
जारी दिनांक 10/10/2023
पेशी दिनांक 25/10/2023
तहसीलदार अधारताल जबलपुर
र.नं. 1434



**न्यायालय - अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं.अ-6 0989/2023-24
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/शुभम नामदेव पिता मोहन लाल नामदेव निवासी वॉटर वर्क्स रोड भीटा जबलपुर द्वारा ग्राम कजरवारा न.बं. 505 प.ह.नं. 10 प्लाट नं. .... खसरा नं. 61/1 रकवा 2504 वर्गफुट भूमि पर विक्रय पत्र के आधार पर फौती नामांतरण रजिस्टर्ड शासकीय अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अत: उक्त भूमि पर आवेदक के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था आदि को कोई आपत्ति/ऐतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्रमांक 72 मे तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 10.10.2023 को जारी।
जारी दिनांक 10.10.2023
पेशी दिनांक 20.10.2023
अतिरिक्त तहसीलदार रांझी, जबलपुर
र.नं. 1421



**न्यायालय - नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क्रं.495/अ-6/2023-24
आवेदक श्रीमती चन्द्र अग्रवाल पति स्व. अजीत कुमार अग्रवाल निवासी प्लाट नं. 302 शांतिनगर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक ... दिनांक 21.09.23 के माध्यम से मौजा/नजूल ब्लॉक... नंबं..... प.ह.नं.... स्थित भूमि खसरा नं. 302 खसरा (22) रकवा 1500 वर्गफुट पर विक्रेता/ वसीयतकर्ता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी-I खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक .... तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक से पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक .... इश्तहार किया गया।
जारी दिनांक 11.10.2023
पेशी दिनांक 17.10.2023
नायाब तहसीलदार अधारताल जबलपुर
र.नं. 1428



**न्यायालय - नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर**
रा.प्र.क्रं.1050/अ-6/2023-24
**इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कमला पटेल पति स्व. लक्ष्मण प्र. पटेल निवसी 410/1 रामनगर, रामपुर, जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक ...... के माध्यम से मौजा रामपुर नं.बं. 01 प.ह.नं. 28 ख.नं. 29/72 शीट नं.... प्लाट नं.... रकवा 1600 वर्गफुट विक्रेता पी.के. रिवरमन पिता श्री केशवन नि. शंकर शाह नगर वार्ड जबलपुर से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/वसीयतनामा/बंटवारा नामा/ हस्तांतरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 25.10.23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 10.10.23 को जारी किया गया।
जारी दिनांक 10.10.2023
पेशी दिनांक 25.10.29
नायाब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर
र.नं. 1422



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, (संचा./संधा.) संभाग म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि., लखनादौन**
दूरभाष क्रं. 07690-240132 E-mail add. ee.lakhnadon@gmail.com
क्रमांक-काअ/संसं/कार्य/सूचना/2715 लखनादौन, दिनांक-17/10/2023
**बिजली आपूर्ति बंद रहने की सूचना**
(संचा./संधा.) संभाग लखनादौन के कार्य क्षेत्रांतर्गत 11 के.व्ही. लाईनों का मेंटनेंस का कार्य किया जाना है, अत: निम्नानुसार क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति सुबह 06 बजे से सुबह 10 बजे तक बंद रखी जाएगी।

| आपूर्ति बंद रहने का दिनांक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र का नाम | 11 केव्ही फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र | राजपत्रित अधिकारी का नाम | मो.नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 18.10.2023 | सैलवाडा | जलनिगम वाटर वर्क्स | 11 केव्ही फीडर से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र | कनिष्ठ अभियंता श्री जागेश्वर धुर्वे | 9425806051 |
| 18.10.2023 एवं 19.10.2023 | सुनवारा<br>मुंगवानी<br>धनौरा | गोरखपुर<br>पाटन एजी<br>बेगरवानी डीएल | 11 केव्ही फीडर से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र | कनिष्ठ अभियंता श्री केके तिवारी | 9425806274 |
| 20.10.2023 एवं 21.10.2023 | सुनवारा<br>मुंगवानी<br>धनौरा | सुनवारा टाउन<br>थावरी डीएल<br>बेगरवानी एजी | 11 केव्ही फीडर से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र | कनिष्ठ अभियंता श्री केके तिवारी | 9425806274 |
| 23.10.2023<br>23.10.2023 एवं 25.10.2023 | मुंगवानी<br>धनौरा | थांवरी एजी<br>मुर्गहाई डीएल | 11 केव्ही फीडर से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र | कनिष्ठ अभियंता श्री केके तिवारी | 9425806274 |
| 26.10.2023 एवं 27.10.2023 | धनौरा | मुर्गहाई एजी | 11 केव्ही फीडर से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र | कनिष्ठ अभियंता श्री केके तिवारी | 9425806274 |
| 28.10.2023 | धनौरा | मूडापार एजी | 11 केव्ही फीडर से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र | कनिष्ठ अभियंता श्री केके तिवारी | 9425806274 |
| 18.10.2023 | मढी | पाटन | 11 केव्ही फीडर से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र | कनिष्ठ अभियंता श्री राहुल प्रकाश | 9425806278 |
| 19.10.2023 एवं 20.10.2023 | डुडवारा | खापा मिक्स | 11 केव्ही फीडर से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र | कनिष्ठ अभियंता श्री राहुल प्रकाश | 9425806278 |
| 18.10.2023 | सिहोरा | सहसना डीएल एवं राना डीएल | 11 केव्ही फीडर से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र | कनिष्ठ अभियंता श्री संजय तिवारी | 9425806357 |
| 19.10.2023 | सिहोरा | राना एजी | 11 केव्ही फीडर से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र | कनिष्ठ अभियंता श्री संजय तिवारी | 9425806357 |
| 20.10.2023 | सिहोरा | खैरी एजी | 11 केव्ही फीडर से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र | कनिष्ठ अभियंता श्री संजय तिवारी | 9425806357 |
| 21.10.2023 | सिहोरा | गंधीला एजी | 11 केव्ही फीडर से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र | कनिष्ठ अभियंता श्री संजय तिवारी | 9425806357 |
| 18.10.2023 | छपारा | बर्रा डीएल एवं छपारा टाउन | 11 केव्ही फीडर से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र | कनिष्ठ अभियंता श्री शरदेंदु पाण्डेय | 9425806358 |
| 19.10.2023 | छपारा | बण्डोल एजी | 11 केव्ही फीडर से संबंधित सम्पूर्ण क्षेत्र | कनिष्ठ अभियंता श्री शैलेन्द्रनाथ सल्लाम | 9425805442 |

नोट-आवश्यकतानुसार उक्त समयावधि बढ़ाई/घटाई जा सकती है।
विद्युत बिल का भुगतान देय तिथि के अंदर कर, असुविधा से बचें।
कार्यपालन अभियंता (सं/सं)
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. लखनादौन



**इंडियन बैंक Indian Bank** इलाहाबाद ALLAHABAD
आंचलिक कार्यालय: प्रथम तल, बैंक बिल्डिंग, जय स्तम्भ चौक सतना (म.प्र.)- 485001 फोन: 07672-222336
**मांग सूचना**

ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा (धारा 13(2)) के अन्तर्गत वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)

| क्रं. सं. | ऋणी एवं बंधककर्ता व जमानतदार का नाम एवं पता तथा ऋण खाता नं. | ऋण राशि | बकाया राशि/ एनपीए दिनांक | मांग सूचना दिनांक | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋणी- 1. मेसर्स शुक्ला कंस्ट्रक्शन (प्रोप. श्री विकास कुमार शुक्ला), ग्राम + पोस्ट- करासरा, थाना- सिंहपुर, सतना- 485001<br>2.श्री विकास कुमार शुक्ला पिता विद्याधर शुक्ला, ग्राम + पोस्ट- करासरा, थाना- सिंहपुर, सतना- 485001<br>ऋण खाता संख्या- 50203230250 (OCC), 50518834051 (Covid), 58000271946 (GECLS) and Contingent A/c-50339954100<br>सोहावल शाखा | OCC Rs. 24.00 Lacs<br>Covid Rs. 2.40 Lacs<br>GECLS Rs. 4.85 Lacs<br>BG Rs. 20.00 Lacs | Rs. 44,93,321/- as on 04.08.2023 + Further Interest & Other Charges / 25.07.2023 | 04.08.2023 | सम्पत्ति के सभी भू- भाग सम्पत्ति स्वामी- श्री विकास कुमार शुक्ला, स्थित अराजी नं.- 263/3, एरिया- 0.012 हेक्टेयर, अराजी नं.- 259/1, एरिया- 0.012 हेक्टेयर, कुल एरिया- 0.24 हेक्टेयर या 2500 वर्गफुट स्थित मौजा- अमोधा कला, प.ह.नं.- 25, वार्ड नं.- 01, तहसील- रघुराजनगर, जिला- सतना (म.प्र.), (सेल डीड नं.- 1205 दिनांक 20.08.2014)। चतुर्सीमाः उत्तर- प्रस्तावित कच्चा रास्ता, दक्षिण- मिथलेश त्रिपाठी का प्लाट, पूर्व- शकुनतला देवी का प्लाट, पश्चिम- पंडित जी का भाग |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत मांग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं । अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।

इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं । विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

दिनांक: 18/10/2023
स्थान- सतना
प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक, सतना

जबलपुर, बुधवार 18 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# राहुल गांधी की मिजोरम यात्रा

'अगले माह जिन 5 राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें एक उत्तर-पूर्वी प्रदेश मिजोरम भी है। यहां 7 नवम्बर को यानी पहले ही चरण में मतदान होगा। 40 सीटों वाली यहां की विधानसभा में फिलहाल मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार है। इसका चुनावी मुकाबला अब तक तो मुख्य विपक्षी दल जोराम पीपुल्स मूवमेंट के साथ माना जाता था लेकिन अब इन दोनों के मुकाबले कांग्रेस भारी दिखाई देने लगी है। अब तक कांग्रेस को तीसरे नंबर पर समझा जा रहा था लेकिन राहुल गांधी की मंगलवार को खत्म हुई दो दिवसीय मिजोरम यात्रा ने जो संकेत दिये हैं उससे अनुमान लगाये जाने लगे हैं कि 3 दिसम्बर को निकलने वाले चुनावी परिणाम सबको चौंका सकते हैं। वैसे राहुल की यह यात्रा राजनैतिक सन्दर्भों से कहीं बढ़कर है। चुनावी जीत-हार से भी परे और बहुत आगे।

मुख्यमंत्री जोरामथंगा के बारे में कहा जा रहा था कि 1998 और 2003 की तरह वे फिर से सतत दो बार यह पद धारण करने वाले सीएम बन सकते हैं। इसका कारण यह था कि पिछले चुनाव में कांग्रेस को, जो उस समय सत्तारुढ़ थी, केवल 7 की संख्या में सिमटकर रह गई थी। कहने को भाजपा ने एमएनएफ के साथ चुनाव पूर्व गठबन्धन किया था पर जब पिछले वक्त एमएनएफ को पूर्ण बहुमत मिल गया तो जोरामथंगा ने साफ कर दिया कि उन्हें भाजपा की जरूरत नहीं है। फिर भी भाजपा अपने को गठबन्धन का हिस्सा बतलाती रही। उसके हिस्से में एक ही सीट आई थी। अब की एमएनएफ ने हमार पीपुल्स कन्वेंशन (रिफॉर्मेशन) से गठबन्धन कर लिया है। जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के 6 विधायक हैं। राहुल की यात्रा के पूर्व तक मिजोरम पर खास चर्चा नहीं होती थी। ज्यादातर राजनैतिक विश्लेषकों का समय पहले राजस्थान, मप्र व छत्तीसगढ़ पर खर्च होता था। बाद में तेलंगाना पर भी होने लग गया था। मिजोरम चर्चा से बाहर ही था पर यहां राहुल ने जैसा मौसम बदला है, मिजोरम भी सियासी विमर्श का हिस्सा बन गया है।

वैसे मिजोरम में राहुल के पदार्पण का महत्व राजनैतिक चर्चा व समीकरण, चुनाव आदि से बढ़कर है। उत्तर-पूर्व में ही स्थित एक अन्य राज्य मणिपुर में पिछले दिनों हुए घटनाक्रम का असर अन्य छह राज्यों पर भी होता दिख रहा है। इनमें मिजोरम भी शामिल है। वैसे तो ज्यादातर उत्तर-पूर्वी राज्यों का मानस केन्द्र में आरुढ़ पार्टी के साथ जाने का होता है ताकि उनके विकास में बाधा न हो। भाजपा को भी इसी हिस्से के कई राज्यों में पूर्ण बहुमत वाली या गठबन्धन की सरकारें है। मणिपुर की घटना के बाद यहां के राज्यों को समझ में आ गया है कि भाजपा का लक्ष्य यहां का विकास करना नहीं वरन अपनी विचारधारा को फैलाना है। प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण यह पूरा इलाका भाजपा के लिये आर्थिक दोहन के लिहाज से महत्वपूर्ण है। कई राज्यों में ईसाइयों की बहुलता भी उसकी आंखों में खटकती है। मणिपुर में मैतेई हिंदू आदिवासियों और ईसाई कुकी समुदाय के बीच पिछले कई माह से जारी संघर्षों ने जिस तरह से मणिपुर को जलाकर रख दिया है, उसने भी सभी राज्यों की आंखें खोलकर रख दी हैं। असम भी भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रयोगशाला बनी हुई है, वह भी ये सारे राज्य देख रहे हैं। यहां के लोगों को अब यह समझ में आने लगा है कि भाजपा-संघ द्वारा इन राज्यों में सायास अशांति का वातावरण बनाया जा रहा है। नफरत का जो ज़हर फैलाने की कोशिश भाजपा व केन्द्र सरकार कर रही है, उसके विरूद्ध राहुल द्वारा शांति व प्रेम का पैगाम मिजोरम के नागरिकों को आकर्षित कर रहा है। आइजोल में सोमवार को तथा लुंगलेई में मंगलवार को हुई आम सभाओं में एवं एक प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने बतलाया कि विकास के लिए शांति आवश्यक है और यहां के युवाओं को समझना होगा कि उनके लिए विकास कितना ज़रूरी है। उन्होंने साफ किया कि भाजपा व संघ ने सत्ताधारी एमएनएफ को मिजोरम में अपने प्रवेश के लिये इस्तेमाल किया है। राहुल की यह बात निश्चित ही लोगों तक पहुंची होगी कि कांग्रेस समावेशी भारत का हिमायती है जबकि भाजपा व संघ बहुसंख्यकवाद के सिद्धांत पर काम कर रहा है।

राहुल गांधी ने इस राज्य के साथ अपने पहले-पहल के सम्बन्ध को बतलाकर लोगों को भावुक कर दिया है जिसमें उन्होंने बतलाया कि 16 वर्ष के एक किशोर के रूप में वे अपने दिवंगत पिता व तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ 1986 में आए थे। उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी के कार्यकाल में ही मिजो शांति समझौता हुआ था जिसके बाद इस राज्य से अलगाववादी ताकतों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में खुद को शामिल किया था। इस राज्य के विकास में उस समझौते का बड़ा हाथ था। इसे मिजोरमवासी नहीं भूल सकते।

यह बात तो सही है कि राहुल की यह यात्रा विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में हो रही है और उसका फौरी उद्देश्य 7 नवंबर के मतदान को अपने पक्ष में प्रभावित करना है लेकिन उसे सीमित सन्दर्भों में नहीं देखा जाना चाहिये। मणिपुर के घटनाक्रम से सभी उत्तर-पूर्वी राज्य सहमे हुए हैं। भाजपा-संघ की विभाजनकारी नीति एवं केन्द्र द्वारा संघवाद (फेडरलिज़्म) पर प्रहार के दुष्परिणाम आज देश देख रहा है। हर राज्य में अपनी सरकारें बनाना और जहां न हो वहां असंवैधानिक, अनैतिक या गैरकानूनी तरीकों से बनाने की प्रवृत्ति छोटे राज्यों के लोगों को विशेष रूप से भयभीत कर रही है। राहुल की यह यात्रा चुनावी लिहाज से कितनी सफल होती है, कहना मुश्किल है पर उसके सकारात्मक परिणाम ज़रूर निकलेंगे।

# डूबते मोदी को अब सेना की रेस्क्यू टीम का सहारा

देश में काफी कुछ ऐसा हो रहा है जिससे लगता है कि केन्द्र में बैठी नरेन्द्र मोदी सरकार को न तो लोकतंत्र का सलीका है और न ही प्रशासन करने का शऊर। पिछले करीब साढ़े नौ वर्षों से जिस तरह से मोदी केन्द्र की सरकार चला रहे हैं, उससे सभी मान्य लोकतांत्रिक परम्पराएं और मर्यादाएं तो ध्वस्त हो ही रही हैं, यह खतरा भी पैदा हो रहा है कि कहीं यह हमारी कार्यप्रणाली की कुरीतियां बनकर सदा-सर्वदा के लिये स्थापित ही न हो जाये। सभी तरह की शक्तियों को अपने हाथों में बटोरकर जैसा राज मोदी जी चला रहे हैं उसमें विपक्ष तो दूर, अपने ही दल के लोगों से तक विचार-विनिमय का कोई स्थान नहीं है। विशेषज्ञों, मातहत अधिकारियों, स्वयंसेवी संगठनों की तो कोई बिसात ही नहीं है। इसके चलते एक नहीं अनेक ऐसे निर्णय लिये गये हैं जिनके कारण देश और जनता को बड़ी कीमतें चुकानी पड़ी हैं। जन धन योजना, उज्ज्वला, स्मार्ट सिटी, मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, नोटबन्दी, जीएसटी, सेंट्रल विस्टा जैसे कामों की लम्बी फेहरिस्त है जो असफल होने के साथ लोगों की बर्बादी का सबब भी बनी हैं। मोदी और भाजपा के लिये बहुत ज़रूरी हो गया है कि कोई उनकी नाकामयाबी को सफल बता सके। विभिन्न तरीकों से वे इसकी कोशिशें तो करते रहते हैं पर लोगों का उनमें भरोसा लौटता हुआ नज़र नहीं आ रहा है।

असफल योजनाओं की पूरी की पूरी श्रृंखला के कारण जहां एक ओर मोदी की छवि तथा विश्वसनीयता गिरी है वहीं पूरी भारतीय जनता पार्टी गहरे राजनैतिक संकट में धंसती चली जा रही है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में मिली पराजयों के बाद अगले महीने होने जा रहे पांच राज्यों (राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम) में भी भाजपा के लिये जीत की सम्भावनाएं दूर-दूर तक नज़र नहीं आ रही हैं। पिछले 9 वर्षों के सारे छोटे-बड़े चुनावों की तरह हाल में हुए हिप्र-कर्नाटक के चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़े गये थे और आगामी 5 चुनाव भी ऐसे ही लड़े जायेंगे। यहां तक कि लोकसभा के भी। मोदी की दरकी हुई छवि और गिरी हुई साख को ऊर्ध्वगामी बनाने के लिये मोदी और भाजपा को कोई ऐसी संस्था चाहिये जिसकी अपनी छवि व विश्वसनीयता हो। डूबते मोदी के लिये अब तिनके से बढ़कर किसी रेस्क्यू बोट जैसा सहारा भारतीय सेना में दिख रहा है जो मोदी-भाजपा को चुनावी भंवर से निकालकर सुरक्षित किनारे पर पहुंचा सके। इसका लाभ मिलेगा या नहीं-यह तो बाद की बात है, पहली बात तो यह है कि ऐसा प्रयास ही बहुत कुत्सित है। यह एक तरह से हमारी प्रतिष्ठित सेना और समग्र गौरवशाली सैन्य परम्परा का राजनीतिकरण करने जैसा है जिसके बहुत गम्भीर परिणाम हो सकते हैं।

सभी जानते हैं कि भारतीय सेना की केवल उसके पराक्रम व समर्पण के ही नहीं बल्कि अनेक कारणों से बड़ी विश्वसनीयता है। बहुत कुशल, गुणवत्तायुक्त सेवाभाव, राजनीति से उसकी सम्पूर्ण विलगता, धर्मनिरपेक्षता, उच्च आदर्श, मूल्यगत संस्कार व प्रशिक्षण और मानवीय दृष्टिकोण उसे दुनिया की ज्यादातर सेनाओं से एकदम अलग बनाती है। इन कारणों से ही उसकी बहुत उज्ज्वल छवि है। ऐसे वक्त में जब भारतीय राजनीति लोगों को पूरी तरह से निराश कर रही हो, सरकार के सभी अंग (विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका), तमाम संवैधानिक संस्थाएं, मीडिया आदि अपनी साख को पूरी तरह से खो चुके हों, अकेली भारतीय सेना ऐसी है जिसके प्रति जनता के दिलों में आज भी बहुत ऊंचा स्थान है। देश के लिये वह हमेशा उम्मीद की अंतिम किरण बनकर जनता के साथ उसके दुख व तकलीफों में खड़ी मिलती है। युद्ध ही नहीं, शांति काल में भी उसी पर भारतीय जनता का शत-प्रतिशत व आखिरी भरोसा होता है। भूकम्प हो या बाढ़, भूस्खलन हो या आतंकवाद- पीड़ित जनता सेना का बेसब्री से इंतज़ार करती है; और वह कभी निराश नहीं करती। सेना का कहा लोगों द्वारा आंख मूंदकर माना जाता है। ऐसा इसलिये क्योंकि उसकी दशकों में अर्जित की गयी विश्वसनीयता है।

उसकी इसी साख और छवि का फायदा उठाने के लिये केन्द्र सरकार ने निर्णय लिया है कि उसके माध्यम से प्रमुख शासकीय योजनाओं का प्रचार किया जायेगा। तीनों सेनाएं आत्मनिर्भर भारत, सशक्तिकरण व नारी शक्ति की सफलता लोगों तक पहुंचाएंगी। थल सेना, वायुसेना व सीमा सड़क संगठन को सीमाओं पर हुए अधोसंरचना विकास की बात करने को कहा गया है, तो व रक्षा उपक्र म कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। इतना ही नहीं, सेना के तीनों अंग व उपक्रम तथा रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन (डीआरडीओ) दिल्ली, प्रयागराज, पुणे, बेंगलुरु, मेरठ, नासिक, कोल्लम, कोलकाता और गुवाहाटी में रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, मॉल्स एवं पर्यटन स्थलों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के 822 डिजिटल सेल्फी प्वाइंट बनाएंगे।

महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सभी स्थलों पर प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीरों के साथ ये सेल्फी प्वाइंट बनेंगे जिससे स्पष्ट है कि एक निर्मल और बहुत सम्मानित संस्था की आड़ में मोदी अपनी असफलताओं को कामयाब बतलाकर न सिर्फ अपनी खोई हुई साख को वापस पाने की कोशिश कर रहे हैं बल्कि खुद की गिरती छवि को भी संवारने की कोशिश कर रहे हैं जिसका वे चुनावी लाभ उठा सकें। सेना को अपनी योजनाओं से सम्बद्ध कर इसका सियासी फायदा उठाने की यह परम्परा बहुत घातक है। सेना एक पूर्णत: स्वतंत्र संस्था है जिसका काम सरकार की छवि या साख की नहीं बल्कि देश व जनता की रक्षा करना है। शासकीय योजनाओं को लेकर सभी दलों के अलग-अलग विचार हो सकते हैं। सरकार भी किसी दल के द्वारा ही बनती है। विचार विशेष के आधार पर बनी किसी भी पार्टी की सरकार के पक्ष में प्रचार करना खुद को कोई विचारधारा से जोड़ना होता है। मोदी ने तमाम संस्थाओं को राजनैतिक रंग में रंग दिया है लेकिन उन्हें कम से कम सेना को तो बख्श देना चाहिये। सेना सरकार का प्रचार विभाग नहीं है। इसके लिये सरकारों के पास पर्याप्त व सक्षम मशीनरी उपलब्ध है। केन्द्र सरकार के पास भी है। पूरा का पूरा सूचना एवं प्रसारण विभाग है जिसके अंतर्गत न जाने कितने प्रभाग हैं और अरबों-खरबों रुपयों का बजट होता है। फिर, हर मंत्रालय-विभाग का अपना प्रचार तंत्र होता है। वैसे भी मोदी खुद पर बड़ी सरकारी राशि खर्च कर अपना प्रचार करते हैं। फिर, मोदी जी हर तरह के शासकीय-गैर सरकारी मंचों का उपयोग खुद के, अपनी सरकार व पार्टी के प्रचार के लिये करते हैं। उनका 'मन की बात' के नाम से कार्यक्रम होता है। सोशल मीडिया पर भी मोदी सक्रिय हैं जो लोगों से आग्रह करते हैं कि उनके यू ट्यूब चैनल को सभी सबस्क्राइब करें, बेल आइकन दबाएं।

प्रतीत होता है कि सरकारी प्रचार तंत्र नाकाम एवं गैर भरोसेमंद साबित हो चुका है इसलिये मोदी को सेना जैसी दमदार साख वाली संस्था का सहारा लेना पड़ रहा है। केन्द्र सरकार के इस फैसले की आलोचना करते हुए कांग्रेस के महासचिव व प्रचार प्रमुख जयराम रमेश का यह कहना वाजिब है कि पिछले साढ़े नौ साल के दौरान महंगाई, बेरोजगारी व अन्य सभी मोर्चों पर विफलता का सामना करने के बाद मोदी सरकार अब सेना से अपना राजनीतिक प्रचार पाने का बहुत घटिया प्रयास कर रही है। इसे सेना का राजनीतिकरण करने का प्रयास और खतरनाक कदम बताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से उन्होंने अनुरोध किया है कि वे मामले में इस कदम को तुरंत वापस लेने का निर्देश दें।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)



डॉ. दीपक पाचपोर

**भारतीय सेना की केवल उसके पराक्रम व समर्पण के ही नहीं बल्कि अनेक कारणों से बड़ी विश्वसनीयता है। बहुत कुशल, गुणवत्तायुक्त सेवाभाव, राजनीति से उसकी सम्पूर्ण विलगता, धर्मनिरपेक्षता, उच्च आदर्श, मूल्यगत संस्कार व प्रशिक्षण और मानवीय दृष्टिकोण उसे दुनिया की ज्यादातर सेनाओं से एकदम अलग बनाती है। इन कारणों से ही उसकी बहुत उज्ज्वल छवि है।**

# हमास-इजराइल सशस्त्र संघर्ष विश्व अर्थव्यवस्था के लिए नया जोखिम

■ नन्तू बनर्जी

हमास-इजराइल सशस्त्र संघर्ष के विश्व अर्थव्यवस्था पर दुष्परिणामों की भविष्यवाणी करना थोड़ा जल्दी हो सकता है, लेकिन अगर युद्ध लंबे समय तक जारी रहा और आने वाले सर्दियों के महीनों में तेल की कीमतें बढ़ती रहीं तो भारत पर असर पड़ना तय है। युद्ध का अब दूसरा सप्ताह चल रहा है।

भारत की लगभग 86प्रतिशत तेल आवश्यकता आयात से पूरी होती है। पिछले साल के मध्य से सस्ते रूसी तेल के आयात से देश को कुछ हद तक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिली। अप्रैल से जुलाई 2023 तक, रूस से भारत के तेल आयात की वृद्धि 126.94प्रतिशत से भी अधिकथी, जो भारत के तेल परिदृश्य में रूस की मजबूत स्थिति को रेखांकित करती है। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में रूस से तेल आयात की लागत 15.74 अरब डॉलर आंकी गई थी। हालांकि, इसी अवधि के दौरान इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और कुवैत से संयुक्त आपूर्ति की वजह से भारत को 20.7अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ। इस प्रकार, भारत तेल आपूर्ति के लिए पश्चिम एशिया पर काफी हद तक निर्भर है। यदि वैश्विक तेल की कीमतें काफी बढ़ जाती हैं तो रूस द्वारा अपने वर्तमान निर्यात मूल्य को बनाये रखने की संभावना नहीं है।

भारत में जारी महंगाई ने आम आदमी की जेब पर डाका डाल दिया है। बचत दरें निराशाजनक रूप से कम हो गई हैं। पिछले महीने के अंत में केंद्रीय बैंक द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला कि शुद्ध घरेलू वित्तीय बचत देश की जीडीपी के 5.1प्रतिशत तक गिर गई, जो 1976-77 के बाद सबसे कम है। 2021-22 में यह जीडीपी का 7.2 फीसदी था।

भारतीय रिज़र्व बैंक संभवत: व्यापारियों और निवेशकों की मदद के लिए बैंक दर को नियंत्रित करने के लिए सरकार से प्रभावित है। हालांकि, अगर तेल की बढ़ती कीमतें, उच्च व्यापार घाटा, पश्चिम एशिया से कम प्रेषण, कम विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और रुपये के गिरते विनिमय मूल्य ने भारत की आर्थिक वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव डाला, तो इसके विकल्प खत्म हो सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने हाल ही में भविष्यवाणी की थी कि वित्त वर्ष 2024 में भारत की विकास दर 6.3प्रतिशत होगी जो पहले के अनुमानित 6.1प्रतिशत से अधिक है। वैश्विक ऋणदाता को उम्मीद है कि भारत की खुदरा मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2025 में घटकर 4.6प्रतिशत होने से पहले वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 5.5प्रतिशत हो जायेगी। आईएमएफ की अक्टूबर 2023 विश्व आर्थिक दृष्टिकोण रपट हमास द्वारा इज़राइल पर हमले के बमुश्किल 72 घंटे बाद जारी की गई थी। स्वाभाविक रूप से, आईएमएफ रिपोर्ट में पश्चिम एशिया की स्थिति और भारत सहित विश्व अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव का जायजा लेने की उम्मीद नहीं थी।

हमास-इजराइल सशस्त्र संघर्ष एक क्षेत्रीय युद्ध में बदलने की संभावना है जिसमें अरब दुनिया के फिलिस्तीन और हमास के समर्थक और अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के सदस्यों जैसे इजराइल के मजबूत राजनयिक और रणनीतिक मित्र शामिल होंगे। लंबे समय तक चलने वाले हमास-इज़राइल संघर्ष से तेल की कीमतें बढ़ने, उच्च मुद्रास्फीति और अधिक आर्थिक अनिश्चितता का खतरा बढ़ जाता है। यह आंशिक रूप से कोविड महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पहले से ही नाजुक वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए जोखिमों की एक पूरी नई श्रृंखला पेश करता है।

विश्व आर्थिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के बाद, आईएमएफ ने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया में व्यापक संघर्ष से मुद्रास्फीति के माध्यम से वैश्विक अर्थव्यवस्था को खतरा होगा और बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि लड़ाई अन्य देशों भड़कती है या नहीं। आईएमएफ के शीर्ष अर्थशास्त्री, पियरे-ओलिवियर गौरींचास ने कहा कि संघर्ष से ऊर्जा-आपूर्ति को झटका लगने का खतरा है, जिससे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं, मुद्रास्फीति बढ़ सकती है और विकास कम हो सकता है।

आईएमएफ के शोध से पता चलता है कि तेल की कीमतों में 10प्रतिशत की वृद्धि से वैश्विक आर्थिक विकास में 0.15प्रतिशत की कमी आती है। लड़ाई शुरू होने के बाद से तेल की कीमतों में उछाल आया है, हालांकि गौरींचास ने कहा कि बढ़ोतरी लंबे समय तक नहीं रह सकती है। आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा कि यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि लंबे समय से चल रहे संघर्ष में वृद्धि वैश्विक अर्थव्यवस्था को कैसे प्रभावित करेगी: 'यह इस पर निर्भर करता है कि स्थिति कैसे सामने आयेगी, कई अलग-अलग परिदृश्य हैं जिनका हमने अभी तक पता लगाना भी शुरू नहीं किया है। इसलिए हम इस बिंदु पर अभी तक कोई आकलन नहीं कर सकते।' दरअसल, आईएमएफ ने मौद्रिक अधिकारियों को चेतावनी दी है कि वे ब्याज दरों में जल्द कटौती न करें।

इस प्रकार, 2023-24 के लिए भारत पर आईएमएफ के आर्थिक विकास पूर्वानुमान की प्रभावशीलता काफी हद तक हमास-इज़राइल सशस्त्र संघर्ष के विकास के तरीके पर निर्भर करेगी। इससे पहले कभी भी इजराइल ने आतंकी हमलों में इतनी ज्यादा जानें नहीं गंवाई थीं। इज़राइल के तीन बार के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने 'हमास का सफाया' करने के लिए एक राष्ट्रीय आपातकालीन सरकार की स्थापना की है, जिसमें विपक्षी दल के नेता और एक युद्ध कैबिनेट शामिल है। लेकिन, यह कहना जितना आसान होगा, करना उतना आसान नहीं।

फतह द्वारा सशस्त्र संघर्ष छोड़ने के बाद से हमास लंबे समय से फिलिस्तीनियों के लिए एक उचित राज्य के लिए लड़ रहा है। ईरान, अफगानिस्तान, सऊदी अरब, इराक, मिस्र, यमन, कतर, लेबनान और सीरिया हमास के प्रति सहानुभूति रखते हैं। वे सभी फ़िलिस्तीन राज्य के पक्ष में हैं। संयोग से, ब्रिक्स सदस्य भी फ़िलिस्तीनियों के लिए एक स्वतंत्र मातृभूमि के समर्थन में हैं। हालांकि, यह अंदाज़ा लगाना मुश्किल है कि वे आतंकवादी संगठन माने जाने वाले हमास के साथ इसराइल के ख़िलाफ़ अचानक हुए युद्ध में किस हद तक मजबूती से खड़े रहेंगे।

फ़िलिस्तीन राज्य के समर्थक हमास आतंकवादियों की तुलना में बदले हुए फिलिस्तीन मुक्ति संगठन और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के वर्तमान अध्यक्ष महमूद अब्बास पर भरोसा करते हैं। हैरानी की बात यह है कि अब्बास, जो अब जॉर्डन की राजधानी अम्मान में हैं, तब तक अपनी चुप्पी कायम रखी जब तक कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनीब्लिंकन ने पिछले हफ्ते उनसे मुलाकात नहीं की। हमास के हमले ने निश्चित रूप से अब्बास के राजनीतिक अधिकार को कमजोर कर दिया है।

ब्लिंकन ने प्रत्यक्ष रूप से हमास-इज़राइल लड़ाई में भाग न लेने का आश्वासन लेने के लिए कई अरब नेताओं से भी मुलाकात की। हालांकि, अरब भावनाएं चरम पर हैं। हमास के लिए अखिल अरब समर्थन, जो फिलहाल असंभावित लग रहा है, लड़ाई को तेज कर सकता है और इसके आधार का विस्तार कर सकता है। हालांकि न तो वेस्ट बैंक और न ही गाजा तेल का उत्पादन करते हैं, लेकिन जब से हमास ने इज़राइल पर हमला किया है तब से वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ गई हैं, इस अटकल के बीच कि संघर्ष पश्चिम एशिया में ऊर्जा उत्पादन को प्रभावित कर सकता है।

विडंबना यह है कि छोटा सा इज़राइल, जो भारत के पश्चिम बंगाल राज्य के लगभग एक-चौथाई आकार का है, दुनिया की 27वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह भारत के व्यापार अधिशेष के कुछ प्रमुख स्रोतों में से एक है। 2022-23 के दौरान दोनों देशों के बीच माल और सेवाओं का व्यापार 12 अरब डॉलर होने का अनुमान लगाया गया था। 2022-23 के दौरान इज़राइल से भारत का व्यापारिक निर्यात और आयात क्रमश: 8.4 अरब डॉलर और 2.3 अरब डॉलर था, जिससे 6.1 अरब डॉलर का व्यापारिक व्यापार अधिशेष हुआ। माना जाता है कि भारत इज़राइल से एक प्रमुख स्पाइवेयर आयातक है।

7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजराइल पर किये गये बड़े पैमाने पर आश्चर्यजनक रॉकेट हमले ने अब इजराइल के बहुप्रतीक्षित जासूसी उपकरणों और खुफिया उपकरणों की प्रभावशीलता पर सवाल उठा दिया है। हमास-इज़राइल युद्ध का विस्तार, जिसमें कुछ अरब राष्ट्र और ईरान शामिल हैं, आने वाले महीनों में भारत की अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव डाल सकते हैं।

**भारतीय रिज़र्व बैंक संभवत: व्यापारियों और निवेशकों की मदद के लिए बैंक दर को नियंत्रित करने के लिए सरकार से प्रभावित है। हालांकि, अगर तेल की बढ़ती कीमतें, उच्च व्यापार घाटा, पश्चिम एशिया से कम प्रेषण, कम विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और रुपये के गिरते विनिमय मूल्य ने भारत की आर्थिक वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव डाला, तो इसके विकल्प खत्म हो सकते हैं।**

## पावन प्रसंग

# एकांत का आनंद

एकांत में बैठने, ववक्त गुजारने उसे महसूस करने का अपना ही आनंद है। एकांत व उससे उपजी शांi शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए मरहम का काम करती है, जबकि बहुत ज्यादा शोरगुल खून में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ा देता है। इसकी वजह से हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत हो सकती है। यदि हम एकांत का लाभ उठाने की सही तकनीक जान लें तो शोर के कारण होने वाले नुकसानों को कम किया जा सकता है। अक्सर एकांत से लोग डरने की शिकायत करते हैं। वे एकांत होने पर सन्नाटे की स्थिति में आने के कारण घबरा जाते हैं। इसलिए सन्नाटे से बाहर आकर एकांत में समाने की कोशिश करनी चाहिए। उससे डरना या घबराना नहीं चाहिए, बल्कि हर क्षण में एकांत तलाशने की काबिलियत खुद में पैदा करनी चाहिए।

एकदम संबव है कि हम शोरगुल के बीच एकांत को महसूस कर सकते हैं। एकांत की सबसे ज्यादा जरूरत सुबह-सुबह होती है; क्योंकि उसके बाद कोलेस्ट्राल की मात्रा बढ़ने लगती है। टीवी देखने या अखबार पढ़ने के बजाय कुछ देर चुपचाप बैठना चाहिए। सुबह के आधा घंटे का एकांत खुद को देना चाहिए। प्रकृति का संगीत एकांत है, जिसका पूरा आनंद लेना चाहिए, महसूस करना चाहिए। अपने बगीचे की देखभाल करनी चाहिए। उसका माली खुद बनना चाहिए, मानसिक शांति महसूस होगी कि उच्च रक्तचाप होया कोलेस्ट्राल का बढ़ा स्तर सब शांत हो जाएगा। बागवानी के बी फायदे हैं, एक तो यह कि बागवानी हमको प्रकृति के निकट रखती है और जब हम प्रकृति के निकट होते हैं तो वह क्षण एकांत में बिताने का समय होता है। इससे तनाव व मानसिक दबाव का स्तर कम होता है। इसलिए आंखें मूंदकर ाजे अच्छा लगे, उस बारे में मन ही मन सोचना चाहिए, दिन भर के कामों पर मनन करना चाहिए इससे तकान दूर होगी और मन को चैन मिलेगा।

मोबाइल फोन, इंटरनेट की घंटियों से सारा माहौल गुंजायमान रहता है। इस तरह की आवाजें शोर का रूप धारण कर लेती हैं। इसलिए कोशिश करनी चाहिए कि कभी-कभार जब सोने जा रहे हैं हों या शांति से बैठे हों, तो ऐसे समय में कुछ देर के लिए ऐसे उपकरणों को बंद करके कुछ घंटे एकदम शांतिपूर्वक अलगअंदाज में बिताना चाहिए। जिंदगी आजकल इतनी तनावपूर्ण और व्यस्त हो गई है कि लोगों के सोने-गने का वक्त ही बदल गया है। परिणामस्वरूप अनिंद्रा, अवसाद और तनाव की स्थिति बनती जा रही है। देर रात तक जागना और सुबह देर से जागना, इससे जीवन और स्वास्थ्य दोनों का संतुलन बिग़ड़ता है। जरूरी है कि दस या साढ़े दस बजे राक्षि चत सो जाएं और सुबह छह बडे तक उठें। यह समय हमारी सैर का भी हो सकता है और एकांत का भी। जरूरी है कि ऐसे समय काम का, दफ्तर का अथवा घर की किसी भी मुसीबत का विचार, मस्तिष्क में नहीं होना चाहिए। अगर सैर पर नहीं जाना चाहते हैं तो अपने बगीचे की देखभाल करते हुए भी हम एकांत का लाभ उठा सकते हैं। इतना सा प्रयास हमारा मन-मस्तिष्क और स्वास्थय सुरक्षित रखेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भोजन की सात्विकता पर धअयान देना चाहिए। ठीक इसी तरह भारतीय स्वास्थ्य के लिए स्वाध्याय एवं मानसिक संगीत की जरूरत है। इससे एकांत का आनंद और बढ़ जाता है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# खेलकूद की जगह घर के कामों में उलझा दी गई किशोरियां

हाल ही में संपन्न हुए एशियाई खेलों में भारत ने पहली बार मेडलों का शतक लगाते हुए नया कीर्तिमान गढ़ दिया। इस ऐतिहासिक सफलता में पुरुष खिलाड़ियों के साथ-साथ भारत की महिला खिलाड़ियों का भी बराबर का योगदान रहा है। गर्व की बात यह है कि घुड़सवारी जैसी प्रतिस्पर्धा में भी महिला खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर यह साबित कर दिया कि समाज को अब उसे देखने का नजरिया बदल लेनी चाहिए. लेकिन एक कड़वी सच्चाई यह है कि अभी भी हमारे समाज का एक वर्ग महिलाओं और किशोरियों के प्रति संकीर्ण मानसिकता से ग्रसित है। वह महिलाओं और किशोरियों को चारदीवारी के पीछे ज़ंजीरों में कैद देखना चाहता है। वह उनके सर्वांगीण विकास को कुचल देना चाहता है। उसे महिलाओं का सशक्त होना और आत्मनिर्भर बनना संस्कृति पर कुठाराघात नज़र आने लगता है।

भले ही भारत विकास के नित्य नए प्रतिमान गढ़ रहा है। आए दिन देश में नई-नई चीजों का आविष्कार एवं नई-नई चीजों की शुरुआत हो रही है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कन्या उत्थान योजना से लेकर बेटी बचाव, बेटी पढ़ाओ के नारे बुलंद हो रहे हों, लेकिन इससे इतर लैंगिक पूर्वाग्रह एवं पुरुष मानसिकता लड़कियों के प्रति यथावत है। भले हम चांद और मंगल पर आशियाने की तलाश कर रहे हों मगर स्त्रियों के प्रति रवैया और विचार में बहुत कुछ बदलाव नहीं दिखता है। लड़कियों से उनका बचपन इस तरह से छीन लिया जाता है, जैसे लड़की होकर उसने कोई गुनाह कर दिया हो। जब लड़कियों के खेलने-कूदने की उम्र होती है, तब उसे 'ससुराल में गृहस्थ जीवन संभालने' के नाम पर रसोई से लेकर खेत-खलिहान तक के काम में लगा दिया जाता है। वहीं, लड़कों को कुछ सिखाने की जरूरत नहीं समझते, उसे खेलने-कूदने की पूरी आजादी दी जाती है जो खेलना है वह खेलो, जो मन में आए वह करो। जैसे भेदभाव के साथ एक लड़की से उसका बचपन छीन लिया जाता है।

हमारे देश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कमोबेश यही मानसिकता व्याप्त है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों की अपेक्षा अधिक है।

11 वर्षीय रोशनी बताती है कि वह छठी क्लास में पढ़ती है। वह घर का सारा काम करके, खाना बनाकर स्कूल जाती है। फिर स्कूल से घर आकर सारा काम करती है और फिर रात का खाना बनाने की तैयारी करने लगती है। उसे खेलने का भी टाइम नहीं मिलता है। स्कूल में थोड़ा लंच टाइम में खेलती है लेकिन घर पर उसे ज़रा भी खेलने नहीं दिया जाता है।

सामाजिक बंदिशों की वजह से आज भी गांव में लड़के-लड़कियां छोटी उम्र में भी एक साथ नहीं खेल सकती हैं। माता-पिता का कहना है कि लड़की खेलेगी तो समाज क्या कहेगा? हमसे बस काम कराया जाता है। हालांकि गांव के कुछ शिक्षित लोगों का मानना है कि लड़कियों को भी उनका बचपन खुलकर जीने देना चाहिए। माता-पिता को अपनी लाडली का बचपन नहीं छीनना चाहिए। खेलकूद से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। वहीं उनमें टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं निर्णय करने की समझ का विकास होता है।

खेलकूद पाठ्यक्रम एवं शैक्षिक गतिविधियों का एक मजबूत हिस्सा है। यही कारण है कि बिहार सरकार ने स्कूलों में बैगलेस डे की शुरुआत की है। खेल शिक्षकों की बहाली भी हुई है। बहुत सारी लड़कियां कबड्डी, फुटबॉल, हॉकी, तीरंदाजी, पहलवानी आदि के जरिए राष्ट्र का नाम भी ऊंचा कर रही हैं।

**सिमरन सहनी, मुजफ्फरपुर, बिहार**

## भाजपा अब केवल दौलतमंदों की पार्टी : नरेंद्र त्रिपाठी



पनागर के पूर्व विधायक का झलका दर्द

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी आज के दौर में बहुत बड़ी पार्टी बन गई है। यह केवल चुनिंदा नेताओं एवं रसूखदारों की पार्टी बन कर रह गई है। भाजपा की शीर्ष नेता कहा करते थे कि भाजपा का एक छोटा सा छोटा कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बन सकता है, लेकिन आज के दौर में अब ऐसा नहीं रह गया है। जमीनी नेताओं और पुरानी कार्यकर्ताओं की अब उपेक्षा मात्र की जा रही है। पहले भाजपा संगठन ही सत्ता को तय करता था, लेकिन अब जहां पर आज के समय में सत्ता ही संगठन चला रहा है। यह कहना है पनागर के पूर्व विधायक एवं दशकों तक पार्टी तथा संगठनों में अनेक पदों में अपनी सेवा देने वाले नरेंद्र त्रिपाठी का।

क्षेत्र के पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं ने त्रिपाठी के इस आरोप को पूर्ण समर्थन दिया है। तमाम पुराने कार्यकर्ताओं का कहना है कि भाजपा अब पुरानी पार्टी जैसे नहीं रह गई है। अब यहां पर केवल पैसे वालों का बोलबाला रह गया है, जिसके चलते आज दरी पट्टी उठाने वाले पुराने कार्यकर्ता की कोई पूछ भी नहीं है। त्रिपाठी का कहना है कि कहीं ना कहीं पुराने कार्यकर्ताओं को भूलना पार्टी को निकट भविष्य में महंगा साबित होगा। अब भारतीय जनता पार्टी भी कांग्रेस की राह पर चल पड़ी है। पार्टी के निर्णय से दुखी पूर्व विधायक ने कहा है कि अब निष्ठावन कार्यकर्ताओं की पूंछ परख नही है। सर्वे में नाम होने के बाद भी टिकट नहीं मिलने से श्री त्रिपाठी ने पार्टी से नाराजगी जताई है।

गौरतलब है कि चार से पांच दशक पहले की करें तो पं. ओंकार प्रसाद तिवारी, पं. बाबूलाल पराजपे, पं. अम्बकेश्वर दुबे समेत अनेक ऐसे शीर्ष नेता संस्कारधानी समेत पूरे महाकौशल में रहे हैं, जिनकी कोई भी पूछ परख आज पार्टी नहीं कर रही है। बावजूद इसके वह पार्टी हित में निरंतर कार्य करते हुए पार्टी को गति प्रदान कर रहे हैं। एक समय पार्टी को शीर्ष स्तर तक पहुंचाने में अपना विशेष योगदान देने वाले कार्यकर्ता आज पार्टी की उपेक्षा के शिकार हैं। जिसके चलते स्थिति आज इतनी विकट हो चुकी है, की पार्टी को केंद्रीय मंत्रियों समेत वरिष्ठ सांसदों को भी विधानसभा चुनाव के लिए मैदान पर प्रत्याशी के तौर पर उतरना पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने पार्टी से आह्वान किया है कि पुराने कार्यकर्ताओं को अब उपेक्षा से निकलकर उनका पूर्णता उपयोग किया जाए, ताकि जैसी स्थिति वर्तमान दौर में बन रही है, अब वैसी स्थिति आगे विकराल स्वरूप ना ले पाए।

गौरतलब है कि मौजूदा विधायक सुशील तिवारी इंदू को विधानसभा के साल 2013 और साल 2018 बड़े अंतर से जीत मिली थी। जिसके परिणाम इस प्रकार हैं–

2013 सुशील तिवारी इंदू– 82358, 54.32 प्रतिशत
रूपेंद्र पटैल – 54404, 35.88 प्रतिशत

2018 सुशील तिवारी इंदू भाजपा – 84302, 46.14 प्रतिशत
भरत सिह यादव निर्दलीय– 42569, 23.2 प्रतिशत
सम्मति सैनी कांग्रेस– 40629, 22.24 प्रतिशत

## वर्तमान युग में अंतरिक्ष प्रौद्यौगिकी बहुत अधिक उपयोगी : अभय वर्मा

**जबलपुर, देशबन्धु।** कमिश्नर अभय वर्मा ने कहा है कि वर्तमान युग में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी बहुत अधिक उपयोगी है। इसकी मदद से नये रहस्य जानने को मिल रहे हैं। वे आज पंडित लज्जा शंकर माडल स्कूल जबलपुर में संचालित ज्ञानाश्रय नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस के छात्र छात्राओं को समझा रहे थे।

इस दौरान सहायक संचालक आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस जबलपुर संतोष सिंह सेंगर एवं अंकित योगी और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

आयुक्त श्री वर्मा ने कहा कि आर्यभट्ट भारत द्वारा छोड़ा गया पहला उपग्रह था, जिसे 1975 में रूस के अंतरिक्ष केंद्र इंटर कोसमॉस से इसका प्रक्षेपण किया गया था।

उन्होंने कहा कि सेटेलाइट दो प्रकार के होते है प्राकृतिक उपग्रह जैसे ङ्क पृथ्वी और चंद्रमा दूसरे कृत्रिम उपग्रह (मानव द्वारा निर्मित) होते है, जिन्हे मानव द्वारा अंतरिक्ष में भेजा जाता है जैसे ङ्क आर्यभट्ट, रोहिणी, एप्पल आदि। कार्य के आधार पर सेटेलाइट को मौसमी सेटेलाइट, संचार सेटेलाइट, वैज्ञानिक सेटेलाइट, दूर संवेदी सेटेलाइट (रिमोट सेंसिंग) और नौवहन सेटेलाइट आदि भागों में बांटा गया है। उन्होंने कहा कि भारत में एसएलवी,एएसएलवी, पीएसएलवी, जीएसएलवी आरएसएलवी जैसे प्रक्षेपण यान तकनीक द्वारा सेटेलाइटों को अंतरिक्ष में छोड़ा जाता है।

उन्होंने प्रमुख भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान के बारे में विस्तार से बताया जैसे – इसरो, डीआरडीओ, सीएसआईआर आदि के साथ में बताया कि इसरो का उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को संचालित करना है।



## पूर्व विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क का शंखनाद शीतलामाई मंदिर से प्रारम्भ

**जबलपुर,देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में पूर्व विधानसभा शीतलामाई वार्ड में विधायक एवं कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने शीतलामाई मंदिर में पूजन अर्चन कर जनता से आर्शीवाद लेने के लिए जनसंपर्क प्रारम्भ कर सरकारी कुंआ से वंशकार मोहल्ला होते हुए बाई का बगीचा से झंडा चौक से काँचघर से होते हुए वार्ड के विभिन्न स्थानों में जनसंपर्क के दौरान विधायक एवं कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया जनता से कहा कि प्रदेशों में कांग्रेस की सरकार आपके आर्शीवाद से बनती है तो 500 रूपये में गैस सिलेंडर प्रदेश की माता बहनों को 1500 रूपये की राशि प्रतिमाह प्रदान की जायेगी एवं प्रत्येक घर के मीटर धारक को 100 युनिट बिजली मुफ्त दी जायेगी। जनसंपर्क अभियान में कल्लन गुप्ता, डॉ रमाकांत रावत, उमेश लोधी, पार्षद एकता राहुल गुप्ता, पप्पू श्रीवास, राम दुबे, श्याम दुबे, बिल्लु यादव, बबलू भैंसवार, संतोष ठाकुर, बबलू कोरी, राहुल कुंचबंधिया, ललित राजपूत, आभा पटेल, प्रदीप ठाकुर, विजेता गावंडे, नीरज पासी, रघुनाथ पांडे, चेतन, जयस, ज्वाला, सत्ता चक्रवर्ती, भुवन चक्रवर्ती, प्रेमसख चक्रवर्ती, राजू कोरी, दीपक गुप्ता,दीपक चौरसिया, ज्योति मेहतो, प्रेमा बाई, श्यामा बाई सैकड़ों की तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता जनसंपर्क में उपस्थित थे।



## कांग्रेस ने प्रदेश व्यापी वचन पत्र प्रस्तुत किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस ने प्रदेश व्यापी वचन पत्र के अंतर्गत नगर में भी अपनी बात आम जनों के समक्ष रखी। इस मौके पर पार्टी नेता एवं विधायक तरूण भानोत, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक विनय सक्सेना, ग्रामीण कमेटी अध्यक्ष डा. नीलेश जैन, ने इस संबंध में अपने विचार रखे। कहा गया कि वचन पत्र में महिलाओं, युवाओं और किसान, विद्यार्थियों और हर वर्ग के लिये पार्टी ने काम करने का वचन दिया है।

## कारसेवकों का सम्मान समारोह

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री रामजन्मभूमि आंदोलन के लिए अक्टूबर माह एक मील का पत्थर है, इस माह कारसेवा के 33 वर्ष पूर्ण हो रहे है और आगामी 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर का लोकार्पण होने जा रहा है। जीवन में कभी न भूलने वाले ऐसे पलो को सभी कार सेवक अपने हृदय में आज भी संजोकर रखे है उस समय के वातावरण को पुन: यादगार बनाने के लिए सभी कार सेवको का सम्मान समारोह मंगलवार 17 अक्टूबर को शाम 5 बजे मारुति मंडपम सूपाताल के पास आयोजित किया गया है।

## शक्ति का मतलब, ना डरे ना डराएं बल्कि डर को खत्म करें : प्रहलाद पटेल



शक्ति केंद्र पाटन की बैठक में बोले- दानव को मारने महादानव न बने!

**पाटन देशबन्धु।** विश्व की सबसे बड़ी लोकतान्त्रिक पार्टी भाजपा नवरात्रि पर तीन दिवसीय शक्ति सम्मेलन का आयोजन प्रदेश स्तर पर आयोजित कर रही है उसी कड़ी में भाजपा संगठन के द्वारा पाटन मण्डल के शक्ति केंद्र के पंच परमेश्वर और सभी बूथों के त्रिदेव और सभी ज्येष्ठ/श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक सामुदायिक भवन बरगी कॉलोनी पाटन में आयोजित की गई जिसमें शामिल होने केंद्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का आगमन हुआ। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी सहित निकाय अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह ने श्री पटेल का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। श्री पटेल ने शक्ति केंद्र के पंच परमेश्वर और सभी बूथों के त्रिदेव और सभी ज्येष्ठ/श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि में विधान सभा का चुनाव पहली बार लड़ रहा हूं विस चुनाव कैसे लडा जाता है इसका तरीका मुझे नहीं पता.लेकिन में यह मानता हूं की चुनाव लडने की अपनी एक विधि होती है जिसे में कला नही मानता, बल्कि यह एक सिस्टम है जिसके तहत चुनाव लडना चाहिए लेकिन वर्तमान समय में विधान सभा चुनाव लडने के तरीकों में बहुत सारे परिवर्तन हुए है। जब में कुछ चीजे अपने आस पास देखता हू तो मुझे मेरे आराध्य श्री बाबा श्री जी की वाणी.दानव से लड़ने के लिए महादानव नहीं बना जाता बल्कि शक्ति बनना पड़ता है शक्ति का मतलब यह नहीं होता कि कमजोर व्यक्ति को डराया धमकाया जाए शक्ति का मतलब होता है कि ना हम डरे ना हम दूसरों को डराए और यदि कही डर हो तो उस डर को खत्म करे। आगे अपनी बात को बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि हमारे पुरखों का दिया हुआ रास्ता यही है इस रास्ते से हमें दूर नहीं जाना चाहिए। बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए श्री पटेल ने आव्हान किया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं को लेकर जनता के बीच में जाए और यदि किसी नेता को बुलाने से भाजपा के वोट में इजाफा होता है तो वह कार्य जरूर करे।

उन्होंने कहा कि पीएम श्री मोदी के गरीब कल्याण के संकल्प को जन जन तक पहुँचाने और हर बूथ को मजबूत कर बूथ विजय के संकल्प की प्रतिज्ञा आज हम सभी ले। इस दौरान उपस्थित रहे पूर्व निकाय अध्यक्ष ठाकुर कृष्ण शेखर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश सिंह ग्वारी, हरि सिंह ठाकुर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र यादव, भाजपा नेता देवकुमार यादव, पार्षद दीपक जैन, आदित्य नामदेव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पश्चिम विधानसभा भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह का सघन जनसंपर्क आज



**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम विधानसभा भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह आज बुधवार 18 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे माँ नर्मदा तट ग्वारीघाट में भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं के साथ नर्मदा पूजन कर जनसंपर्क की शुरुआत करेंगे। श्री सिंह आज ग्वारीघाट वार्ड अंतर्गत ग्वारीघाट थाने के सामने से बर्मन मोहल्ला वापिस मेन रोड, बाबू दुबे के घर से अवस्थी मोहल्ला वापिस मेन रोड , बेन मोहल्ला झंडा चौक पुरानी बस्ती रेतनाका, अवधपुरी कॉलोनी, दुबे बाड़ा, नर्मदा नगर, भीम नगर, बागड़ा दफाई, बावली लाइन पुरानी पी पी कॉलोनी में जनसंपर्क करेंगे।

## ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय में इंडोर गेम्स का शुभारम्भ

**जबलपुर, देशबन्धु।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर में 17 अक्टूबर 2023 को इन्डोर गेम्स का शुभारंभ राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त–. द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया. इन खेलों का आयोजन प्रतिवर्ष क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ रिक्रियशन क्लब के संयोजन से किया जाता है, इन खेलों में कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेते है।

इस अवसर पर राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त–. ने अपने उदबोधन में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर के खिलाडियों का अभिवादन किया एवं अपेक्षा जाहिर कि की सभी खिलाड़ी स्पोर्टस मैनशिप के साथ खेलेंगे और बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करेंगे. राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त–. ने आगे बताया की सप्ताह भर चलने वाले इन्डोर गेम्स के दौरान बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम के सिंगल्स एवं डब्लस तथा मिक्सड डब्लस के मैच खेले जायेंगे तथा साथ ही शतरंज प्रतियोगिताएं भी होगी।

प्रतियोगिता के विजेताओं को संगठन के स्थापना दिवस 01 नवम्बर 2023 को आयोजित होने वाले समारोह के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर आशीष कुमार क्षेत्रीय आयुक्त–.., कांता मोटवानी सहायक आयुक्त, अक्षय मिश्रा सहायक आयुक्त एवं स्टाफ रिक्रियशन क्लब के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सुजीत शैलू पटेल बने अध्यक्ष



**जबलपुर,देशबन्धु।** शिवसेना हिन्दू हृदय सम्राट संस्थापक बाला साहब ठाकरे के आर्शीवाद से शिवसेना पक्ष प्रमुख उद्धव बाला साहब ठाकरे एवं अदितय ठाकरे के आदेशानुसार रजनीश गिरी मप्र उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बारी, प्रदेश प्रवक्ता पं.कन्हैया तिवारी की सहमति से शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष सुनील शर्मा ने सुजीत शैलू पटेल को जबलपुर जिला अध्यक्ष शिवसेना में हर्ष की लहर व्याप्त हुई। बधाई कर्ता अमरदेव यादव गजानंद मुकेश सराठे,भवानी शंकर सतनामी,सुधीर ताम्रकार ऋषिराज सोनी, रविशंकर वर्मा, विकास सराठे, आदि शिवसैनिकों ने बधाई दी।

## जल ही जीवन है, जल ही भोजन है : कुलपति





**जबलपुर, देशबन्धु।** एसोसिएशन ऑफ फूड साइंटिस्ट एंड टेक्नॉलॉजी चेप्टर एवं खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में, जल ही जीवन है, जल ही भोजन है, किसी को पीछे न छोड़ें थीम पर विश्व खाद्य दिवस 2023 का आयोजन जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में स्वामी विवेकानंद सभागार, कृषि महाविद्यालय जबलपुर में आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा ने मुख्यअतिथि की आसदी से कहा कि जल ही जीवन है, जल ही भोजन है, किसी को पीछे न छोड़ें पर केन्द्रित इस थीम का उद्येश्य पृथ्वी पर जीवन के लिये पानी की महत्वपूर्ण भूमिका और हमारे भोजन की नींव के रूप में पानी को उजागर करना शामिल है। वर्ल्ड फूड डे के उद्देश्यों को पूरा करने के लिये कृषि संबंधित कार्यों और भोजन बनाने के लिये स्वच्छ और पर्याप्त पानी जरूरी है। आपने कहा कि अमृततुल्य भोजन पदार्थ को अंतिम व्यक्ति एवं जीव तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिये। कुलपति डॉ. मिश्रा ने शोध छात्रों को इस दिशा में नवीन अनुसंधान, फूड इंडस्ट्री की ओर रूझान बढ़ाने एवं भविष्य की चुनौतियों से निपटने की दिशा में कार्य करने की बात कही है।

खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस. एस. शुक्ला ने कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन एवं 35 वर्षो से लगातार वर्ल्ड फूड डे कार्यक्रम विभाग द्वारा मनाने हेतु विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सुमन प्रोजेक्ट कन्सलटेंट प्राईवेट लिमिटेड दिल्ली के चेयरमेन एण्ड मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सागर कुराड़े मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थिति हुये। इस दौरान आपने कहा कि खाद्य पदार्थो की उपयोगिता व गुणवत्ता एवं सुरक्षा के साथ ही फूड इंडस्ट्री के संबंध में पॉवर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार से प्रकाश डाला, साथ ही भारत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, भारत कहा खड़ा, विभिन्न राज्यों की कमोडिटी ताकतें भारत में कच्चे माल का रोड मैप सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की प्रोफेसर एण्ड हैड स्वॉइल एण्ड वॉटर इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एवं नाहेप प्रमुख डॉ. आर. के. नेमा ने अपने व्याख्यान में विश्व वर्ल्ड डे 2023 की थीम जल ही जीवन है।

## अभ्यर्थी को नामांकन के कम से कम एक दिन पहले खोलना होगा पृथक से बैंक खाता

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय अनुरक्षण हेतु पृथक से बैंक खाता खोलना होगा तथा नाम–निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने के साथ इसकी लिखित सूचना रिटर्निंग अधिकारी को देनी होगी।

निर्वाचन आयोग के अनुसार निर्वाचन व्यय का सही–सही लेखा रखने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी को एक अलग बैंक खाता खोलना होगा। अभ्यर्थी यह बैंक खाता नाम–निर्देशन पत्र दाखिल करने के कम से कम एक दिन पहले अनिवार्य रूप से खोलना होगा और नामांकन दाखिल करते समय इस बैंक खाते की खाता संख्या संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को लिखित में देना होगी। आयोग के मुताबिक यदि अभ्यर्थी ने बैंक खाता नहीं खोला है अथवा बैंक खाता संख्या की सूचना नहीं दी है तो रिटर्निंग अधिकारी आयोग के अनुदेशों का अनुपालन करने के लिए ऐसे प्रत्येक अभ्यर्थी को नोटिस जारी करेंगे।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों में कहा गया है कि निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से बैंक खाता या तो अभ्यर्थी के नाम से या उसके निर्वाचन अभिकर्त्ता के साथ संयुक्त नाम से खोला जा सकता है। लेकिन यह बैंक खाता अभ्यर्थी के परिवार के किसी सदस्य या ऐसे किसी अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त नाम से नहीं खोला जा सकेगा जो अभ्यर्थी का निर्वाचन अभिकर्त्ता नहीं है। निर्वाचन व्यय के लिए खोला जाने वाला खाता अभ्यर्थी द्वारा राज्य में कहीं भी खोला जा सकेगा।

## दीपक सिंह राजपूत बने समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव



**जबलपुर,देशबन्धु।** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश व वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय कांडा की अनुशंसा पर कांग्रेस कमेटी समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग भार्गव ने युवा सामाजिक कार्यकर्ता ठा.दीपक सिंह राजपूत को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। कांग्रेस नेताओं ने हर्ष जताते हुए बधाई दी है।

## मतदाता जागरूक कार्यक्रम के तहत् गरबा महोत्सव जायके के साथ आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 प्रारंभ हो गया है, इसके तहत् मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) आज 18 अक्टूबर बुधवार को गरबा महोत्सव जायके के साथ कल्चरल स्ट्रीट भँवरताल गार्डन, जबलपुर में दोपहर 12:30 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन, ओपन गरबा प्रतियोगिता, लाइव म्यूजिक, बच्चों के लिए खिलौने और मनोरंजन, फर्स्ट टाइम वोटर को फूड स्टॉल पर 10 प्रतिशत की छूट, आकर्षक सेल्फी प्वाइंट, जागरूक मतदाता लाइव क्विज, के साथ–साथ आकर्षक इनाम भी रखा गया है। इतना ही नहीं लाइव म्यूजिक और ओपन गरबा की भी विशेष प्रस्तुति की जाएगी। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े एवं सी.ई.ओ. जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह, आदि ने नागरिकों से इस आयोजन में शामिल होने की अपील की है। इस कार्यक्रम के माध्यम से नए मतदाताओं को यह बताना कि हम मतदान कैसे करें क्यों करें और यह कितना जरूरी है साथ ही साथ मतदान में कितनी शक्ति है इसके लिए लोगों को जागरूक करना मुख्य है। इस गरबा महोत्सव के आयोजन में आयु वर्ग के लिए विशेष आकर्षण किये गए हैं जिनमें मुख्य रूप से विभिन्न प्रकार के व्यंजन, ओपन गरबा, लाइव म्यूजिक, आकर्षक सेल्फी प्वाइंट, जागरूक मतदाता लाइव क्विज, के साथ–साथ आकर्षक इनाम भी रखे गए हैं।

## रेलवे की आय बढ़ाने दिये गए निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के उच्च अधिकारियों द्वारा विभाग की आय बढ़ाये जाने के लिए तेजी से प्रयास किये जा रहे हैं।

इसी कड़ी में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओम प्रकाश मुख्य वाणिज्य प्रबंधक रवीन्द्र श्रीवास्तव,ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर, कोटा, भोपाल को निर्देशित किया है कि वह सभी अपने अपने मंडल में आय बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वितीय विश्व रंजन ने सोमवार को कटनी सतना का निरीक्षण किया। माल लदान के लिए सीमेंट और अन्य व्यवसायी से चर्चा की और विभागीय कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। पमरे के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता विभाग की आय बढ़ाने के लिए समय समय पर निर्देश जारी करते हुए जबलपुर कोटा,एवं भोपाल मंडल की आय पर पैनी नजर बनाए हुए है।

## पमरे मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़ा पुरस्कार वितरण समारोह

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक कार्यालय, जबलपुर में `राजभाषा पखवाडा - 2023'' का आयोजन किया गया। इसी क्रम में दिनांक 17.10.2023 को अपर महाप्रबंधक एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी, पश्चिम मध्य रेलवे, श्री रवि शंकर सक्सेना की अध्यक्षता एवं मुख्य आतिथ्य में दूसरे चरण का ``राजभाषा पखवाडा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह '' में वर्ष भर हिंदी का सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य करने वाले 64 रेलकर्मियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। श्री रवि शंकर सक्सेना ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेल में राजभाषा हिंदी की प्रगति संतोषजनक है। उन्होंने कहा कि सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने प्रेरणा और प्रोत्साहन की नीति को अपनाया है। जिसके अंतर्गत राजभाषा हिंदी का सराहनीय प्रयोग करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाता है । इस अवसर पर उपस्थित उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी तथा उप मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री महेश कुमार ने कहा कि मुख्य राजभाषा अधिकारी स्वयं राजभाषा हिंदी में कार्य करते हैं साथ ही दूसरों को भी हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।



उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकी के कारण राजभाषा हिंदी में कार्य करना अब बहुत आसान हो गया है। अत: आप सभी नवीन तकनीकी का उपयोग कर अपना दैनिक सरकारी कामकाज राजभाषा हिंदी में ही करें। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी द्वारा किया गया। वरिष्ठ अनुवादक ने अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# श्रद्धालु माता कुष्मांडा की आज विधि विधान से करेंगे पूजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** शारदेय नवरात्रि की चतुर्थी तिथि या चौथा दिन देवी कुष्मांडा को समर्पित है। इस दिन देवी दुर्गा के नौ अवतारों में से चौथे स्वरूप माँ कुष्मांडा की पूजा की जाती है। इस दिन नारंगी रंग के कपड़े पहनकर पूजा करने से माता प्रसन्न होती हैं, और आशीर्वाद देती हैं। नारंगी रंग खुशी और सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है।

मां कुष्मांडा के चेहरे पर मुस्कान दिखाई देती है। मां कुष्मांडा की पूजा करने से हमारे जीवन के दुख दूर होते हैं। मां कुष्मांडा को सिद्धि की देवी भी कहा जाता है। मालपुओं का भोग लगाने और मंदिर में बांटने से से माता खुश होकर बुद्धि देती हैं। मां के हाथों में धनुष, बाण, कमंडल, कमल, अमृत पूर्ण कलश, चक्र और गदा व एक हाथ में जपमाला होती है। कुष्मांडा माता को मालपुओं का भोग अर्पण किया जाता है, इनको रंग-नारंगी बहुत प्रिय है। मंत्र-ओम ऐं ह्रीं क्लीं कुष्मांडाये नमः मंत्र का जाप करने से देवी भक्तों के घर-परिवार में सुख-समृद्धि आती है।



## बड़ी महाकाली में अब बाहर से होगी महाआरती

जबलपुर, देशबन्ध। शारदेय नवरात्र पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए नौ दिनों तक मंदिर प्रांगण में महाआरती बाहर से ही की जायेगी। साथ ही नौ दिन तक मंदिर के प्रांगण में सुहागलें और भक्तों के कार्यक्रमों पर भी रोक लगा दी गई है । समिति ने आम श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि जूते चप्पल बाहर ही उतारकर प्रवेश करें। यह भी ध्यान रखें कि दर्शन करते जाए और प्रतीक्षारत श्रद्धालुओं के लिए भी मौका प्रदान करें। देखने में आ रहा है कि लोग सेल्फी लेने और वीडियो बनाने के चक्कर में बहुत देर तक खड़े रहते हैं, जिससे अन्य लोगों को तकलीफ का सामना करना पड़ता हैं। माँ काली समिति द्वारा व्यवस्थाएं लागू की गई है, लेकिन श्रद्धालुओं के सहयोग के बगैर व्यवस्थाएं सुचारु रुप ले पाना संभव नहीं हो पा रहा हैं। समिति ने पुलिस प्रशासन से भी मांग की है कि यहां यातायात व्यवस्था के साथ-साथ मंदिर परिसर के पास महिला पुलिस बल की तैनाती भी की जाए।

## राजा बनने के पहले वनवासी बन गए राम



**जबलपुर, देशबन्धु।** सदर स्थित धनुष यज्ञ रामलीला में भगवान राम ने अपने पिता के द्वारा दिए गए वचन की मर्यादा रखने के लिए राज महल के सभी सुखों का त्याग करते हुए, राम ने ऋषि वस्त्र धारणकर ये कहते हुए श्रीराम ने जैसे ही माता कैकेई से वन जाने की आज्ञा मांगी दर्शक गण द्रवित हो उठे। वनगमन की करूणामयी मानस लीला का प्रसंग धनुष यज्ञ रामलीला के पात्रों ने सजीव कर दिया। ओम प्रकाश पाठक, सोनाली यादव, सतीश पाठक, दिनेश शुक्ला, अनरव तिवारी, विषेश पाठक, आकाश नायडू, मोहित अग्निहोत्री, रमेश विजय ठाकुर, संतोष केसरवानी, रमन अग्रवाल, अभिषेक उपाध्याय, सिराज खान, संजय राय, दीपक रजक, सेवक रैकवार, राकेश रजत, आवेश तिवारी, वीरू यादव, रवीश तिवारी, सुभाष सिंह, अखिल अभिनेत्री, आदि के समिति सदस्य उपस्थित रहे। आज रामलीला में केवट संवाद दशरथ मरण लीला का मंचन होगा। अध्यक्ष सीताराम कुरचानिया, मधुर तिवारी, अभिषेक चौकसे, डॉ. शंकर पांडे, शिवदत्त चौबे, नरेश तिवारी, धनंजय बाजपेई, प्रहलाद श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहे।

## नाट्य समारोह 5 नवंबर से

**जबलपुर, देशबन्धु।** विवेचना थिएटर ग्रुप के तत्वावधान में 29वां राष्ट्रीय नाट्य समारोह 2 से 6 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। समारोह में देशभर से आने वाले थिएटर ग्रुप द्वारा 5 नाटक मंचित किए जाएंगे। पहले दिन जहां समागम रंग मंडल जबलपुर द्वारा भूमि नाटक का मंचन होगा, वहीं 3 नवंबर को दर्पण लखनऊ संस्था द्वारा आखिरी वसंत का मंचन होगा। इसी क्रम में 4 नवंबर को मुम्बई की संस्था द्वारा हमारी नीता की शादी। 5 नवंबर को सम्पूर्णम मुम्बई संस्था द्वारा कर्ण और 6 नवंबर को अभिनव रंगमंडल उज्जैन के कलाकारों द्वारा एक इंस्पेक्टर की वापसी नाटक का मंचन होगा। समारोह तरंग ऑडिटोरियम में प्रतिदिन 7.30 बजे से सम्पन्न होगा। इस दौरान चित्र प्रदर्शनी, पुस्तक प्रदर्शनी और पूर्व रंग आयोजन होंगे।

## निषाद प्रसंग और केवट संवाद में छलकी भक्ति भावना



**जबलपुर, देशबन्धु।** मानव लीला के अंतर्गत श्रीरामलीला समिति गढ़ा में सबसे पहले भगवान की आरती समिति संचालक अशोक मनोध्याय, सांसद राकेश सिंह, अध्यक्ष रमाशंकर कटारे, महामंत्री राजेन्द्र प्यासी, शरद दुबे कुररिया, हरीश मनोध्याय के द्वारा की गई। निर्देशक राजेश मिश्रा, सह-निर्देशक मोती शिवहरे एवं पात्र प्रतिनिधि राजा पांडे के सफल मार्गदर्शन में कैकई-दशरथ संवाद की लीला का मंचन हुआ। कैकई के न मानने पर भगवान राम, माता सीता एवं लक्ष्मण के साथ वन की ओर प्रस्थान कर गये, उन्हें वन की ओर जाते देख दर्शकों की आँखें नम हो गईं। इसके उपरांत मर्यादापुरषोत्तम भगवान श्रीराम ने निषाद से नाव लाने को कहा पर केवट ने नाव लाने से मना किया। इस आग्रह के साथ की प्रभु आपके चरण-कमलों की रज जब पत्थर को भी नारी बना देती है, तो फिर मेरी लकड़ी की नाव का क्या होगा? यह भाव केवट की परिपूर्ण भक्ति का प्रतीक है । भक्तमणि केवट ने प्रभु राम के पैर पखारने के लिये ये सारी अटपटी बातें कहीं। इस अवसर पर राकेश पाठक, लोकराम कोरी, उमाशंकर मिश्रा, ओमप्रकाश पगारे, संजय तिवारी, प्रहलाद बिलथरे, नीलेश चौबे, भोलाराम खत्री, विजय नेमा, राजेश नेमा, केदार शर्मा, अशोक बघेल, डॉ. भूपेन्द्र उपाध्याय, जवाहर तिवारी, महेन्द्र शर्मा, अविनेश रावत, डॉ. नीना उपाध्याय, अनीता मिश्रा, सुधा यादव, पूजा कोष्टा, विद्या केवट, पंचम सोनी, पंकज अवस्थी, जितेन्द्र सोनी, मदन चौरसिया, माधव दुबे, मदन गोपाल पटैल, पंकज अवस्थी, केदार नाथ शर्मा, कैलाश नेमा, रवि सोनी, नरेंद्र तिवारी, राकेश मिश्रा, जितेन्द्र सोनी, सहित स्थाई एवं आजीवन सदस्य सम्मिलित हुये । केवट, कैकयी, निषाद एवं सुमंत्र के अभिनय कर्ता मोती शिवहरे, राजेश परोहा, निक्की पटेल एवं नितिन पटेल के अभिनय की सभी ने सराहना की। आज दशरथ मरण, भरत आगमन एवं चित्रकूट सभा की रोचक लीला का मंचन होगा ।

## तीर्थधाम ज्ञानोदय में गुरुवाणी मंथन शिविर संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री कुंदकुंद कहान दिगम्बर जैन तीर्थ सुरक्षा ट्रस्ट एवं कुंदकुंद कहान पारमार्थिक ट्रस्ट मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में तीर्थधाम ज्ञानोदय भोपाल में राष्ट्रीय विद्वतगणों श्रेष्ठीजनों सहित अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन की विशेष उपस्थिति में विविध अनुष्ठानों के साथ तीन दिवसीय गुरुवाणी मंथन शिविर साआनंद संपन्न हुआ। मिडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को जैनदर्शन के मुख्य सिद्धांतों सहित तत्वज्ञान की मूल धारा से जोड़ना था। जिसमें जबलपुर, इंदौर, भोपाल, छिंदवाड़ा, सागर,



नागपुर सहित पूरे देश से पधारे जिनशासन सेवकों ने लाभ लिया। जिसका संयोजन फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष विजय बड़जात्या इंदौर के साथ अशोक जैन भोपाल एवं कुशल निर्देशन युवा विद्धान पंडित विराग शास्त्री जबलपुर ने किया।

**विद्धवत समागम का मिला लाभ -** शिविर के तीनों दिन मुख्य रूप से आध्यात्म की गंगा में श्रावकगणों ने स्नान किया जिसमें गुरुदेवश्री के सीडी प्रवचनों में ज्ञायक भगवान आत्मा को जानने का अवसर मिला। प्रमुख विद्वानो में पंडित अभयकुमार शास्त्री देवलाली, पं. देवेंद्रकुमार जैन बिजोलिया, पं. रजनी भाई दोशी, पं. गुलाबचंद जैन, पं. अंकुर शास्त्री, पं. हेमचंद हेम, पं. प्रमोदजी मोदी, पं. गौरव शास्त्री, पं. अशोक शास्त्री, पं. रितेशजी शास्त्री सनावद एवं पं. अशोक जैन सहित अन्य विद्धगणों का समागम प्राप्त हुआ।

## घमापुर रामलीला में हुआ राम का विवाह

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री गिरिजाशंकर मंदिर रामलीला घमापुर में राम विवाह जनकपुर ज्यौनार दशरथ कैकई संवाद श्रीराम वन गमन की लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय धर्मावलंबी नागरिकों के साथ रामलीला के पदाधिकारीअध्यक्षः- डा.शिव मणी मिश्रा महामंत्रीः- पं.कमलेश तिवारी,संचालक एड.बलराज सोनकर,एड.श्याम चन्द्र तिवारी,कोषाध्यक्षः-विष्णुदीक्षित. पं. बाबूलाल भारद्वाज, एड.सरमन राजपूत, राजेश सेन, संदीप सोनकर, एवं समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। आज केवट संवाद दशरथ मरण भरत आगमन चित्रकूट गमन की लीला का मंचन किया जाएगा।

## भरत ने कौशल्या से कहा माता ने मुझे कुल कलंकी बना दिया

**जबलपुर, देशबन्धु।** कैकेई कुमार कहलाते आज आती लाज, कुल का कलंकी मुझे मां ने ही बनाया है..! माता कौशल्या से ये संवाद भरत ने कहे। उन्होंने कहा कि माता कैकेई के कारण आज मैं कुल कलंकी हो गया। सारा संसार मुझे भाई विरोधी और पितृ हंता के नाम से पहचानेगा। इस पर मां कौशल्या ने कहा कि तुम्हारा ऐसा सोचना ठीक नहीं। सब विधि का विधान है। यह संवाद गोविंदगंज रामलीला के थे, जहां भरत मिलाप चित्रकूट सभा की लीला मंचित की जा रही थी।

**वापस घर लौट चलो श्रीराम-**राजा बनने की बजाय पूरी अयोध्या के साथ राम को मनाने पहुंचे भरत ने श्रीराम को मनाने का हर संभव प्रयास किया। लेकिन श्रीराम नहीं माने। उन्होंने कहा कि



पिताश्री की आज्ञा अनुसार मेरा वन में रहना ही ठीक है। इसके बाद भरत ने भी राज्य त्यागते हुए कहा कि आप अपनी खड़ाऊं दे दीजिए। मैं उन्हीं को राज सिंहासन पर रख कर शत्रुघन से राज्य संचालित कराउंगा, और स्वयं वनवासी भेष में अयोध्या के बाहर रहूंगा।

## दैनिक राशिफल

बुधवार 18 अक्टूबर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। आश्विन शुक्ल पक्ष की चतुर्थी। नक्षत्र-अनुराधा।

**मेष** आज आप आध्यात्मिक विचारों में ज्यादा रुचि लेंगे। गूढ़ रहस्यमय विद्याओं की तरफ विशेष आकर्षण होगा।

**वृषभ** आज आपको दांपत्यजीवन का विशेष आनंद मिलेगा। आप सपरिवार किसी सामाजिक स्थान पर घूमने जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे।

**मिथुन** कार्य सफलता और यश-कीर्ति प्राप्त करने के लिए आज का दिन शुभ है। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कर्क** आज का दिन शांत रहकर गुजारने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको बेचैन करेंगी। आकस्मिक खर्च होगा।

**सिंह** नकारात्मक विचार हताशा पैदा करेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता अनुभव करेंगे। घर में किसी से विवाद हो सकता है।

**कन्या** आज किसी भी काम की नई शुरुआत कर सकते हैं। आपको काम में सफलता मिलेगी। आप विरोधियों को भी परास्त कर सकेंगे।

क. 667-145

**तुला** अपना जिद्दी व्यवहार छोड़कर काम करें। आपकी अनियंत्रित वाणी किसी से मनमुटाव हो सकता है। दुविधा में फंसा मन आपको किसी ठोस निर्णय पर नहीं आने देगा।

**वृश्चिक** तन-मन से खुश और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ उत्तम भोजन, यात्रा या मुलाकात का अवसर आएगा। जीवनसाथी के साथ आत्मीयता बढ़ेगी।

**धनु** आज का दिन आपके लिए थोड़ा कष्टदायक रहेगा। स्वास्थ्य खराब होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ बहसबाजी से मन दु:खी रहेगा।

**मकर** नौकरी- धंधे और व्यापार के क्षेत्र में आज का दिन लाभदायक रहेगा। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ घूमने जाएंगे। मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

**कुंभ** आज आपके सभी काम निर्विघ्न पूरे होंगे। इससे आपको खुशी मिलेगी। नौकरी-व्यवसाय में परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। काम में सफलता मिलेगी।

**मीन** नकारात्मक विचार आप पर हावी न हो, इसका ख्याल रखें। मानसिक अस्वस्थता से परेशानी हो सकती है।

मा. 367-456

6,8,2,1,38,70,65,15,99,90,04,84



## शक्ति महिला क्लब ने आदिशक्ति के रूपों की उपासना

**जबलपुर, देशबन्धु।** शक्ति महिला क्लब के तत्वावधान में आदिशक्ति की उपासना गरबा के रंग में की गई। कार्यक्रम में महिलाओं ने मां दुर्गा, काली और आदिशक्ति के अन्य रूपों को धारण की तरह-तरह के भक्ति की। मनमोहक परिधान और खूबसूरत श्रृंगार में महिलाओं ने नारी सशक्तिकरण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में मनोरंजक खेलों में विजयी रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर ज्योति माला सिंह, श्रुति अरोरा, पुष्पा चौधरी, हीना अरोरा, अंशु अरोरा, दीपशिखा चौहान, पूजा मेहरा, अर्चना सिंह, दीप्ति कुकरेजा, प्रिया तिवारी, शारदा चौधरी, रजनी शुक्ला, मृदु सिंह, मनीषा सोनी, श्रद्धा वर्मा, काजल विश्वकर्मा मौजूद रहीं।



## मदन महल दरगाह मे मेले का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** रबि उल आखिर की पहली तारीख मंगलवार को बाद नमाज़ मगरिब मदन महल पहाड़ी पर स्थित पीराने पीर की दरगाह मे परचम कुशाई का एहतेमाम किया गया। मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी के अनुसार रबि उल आखिर ग्यारहवीं शरीफ़ के महीने मे वर्षो से हर जुमेरात को मदन महल दरगाह मे मेले का आयोजन किया जाता है जो इस साल भी परंपरानुसार जारी रहेगा।

## रबी उल आखिर चांद नहीं दिखा

**जबलपुर 17 अक्टुबर।** मुफ्ती ए आज़म मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना मुहम्मद हामिद अहमद कादरी के अनुसार 29 रबि उल अव्वल इतवार को रबी उल आखिर का चांद आमतौर पर नज़र नहीं आया और न ही कहीं चांद देखे जाने कि शहादत मौसूल हुई। इसलिए तीस के चांद के मुताबिक 17 अक्टुबर मंगलवार को पहली तारीख थी। आगामी 27 अक्टुबर मुताबिक ग्यारह रबि उल आखिर को ग्यारहवीं शरीफ मनाई जाएगी।

## नई सोच हमारी कल्पना-फ्यूजन डांस में दिखाया हुनर

**जबलपुर, देशबन्धु।** नई सोच हमारी कल्पना एवं तिलहरी विमन क्लब के तत्वावधान में नवरात्रि थीम पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं ने शक्ति की आराधना के लिए शक्ति के विभिन्न रूपों को अपनाया। डांस और गरबा की प्रस्तुति फ्यूजन स्टाइल में हुई। कृष्ण गोपियों की लीला भी देखते बनी। इस मौके पर नीतू साहू, प्रीति खनूजा, वंदना नीतू गुप्ता, प्रज्ञा द्विवेदी, डॉ. कल्पना मिश्रा, स्नेहा चतुर्वेदी मौजूद रहीं।



## बूट कैम्प में मिले स्टार्टअप टिप्स

**जबलपुर, देशबन्धु।** महिलाओं के लिए आयोजित हुए बूट कैम्प में जबलपुर स्मार्ट सिटी के तत्वावधान में स्टार्टअप टिप्स दिए गए। कार्यक्रम में स्टार्टअप मेंटर श्वेता नामदेव ने जबलपुर इंक्यूबेशन सेंटर की पहल उद्योगिनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके जरिए महिलाओं को स्वतंत्र और आत्मनिर्भर होने की दिशा प्राप्त होगी। इस मौके पर जबलपुर स्मार्ट सिटी के सीईओ चंद्र प्रताप, मैनेजर मेघा उपाध्याय, अंकित राजक मौजूद थे।



## चादर गागर जुलूस निकाला

**जबलपुर 17 अक्टुबर।** बहोराबाग के पास स्थित हज़रत हाफिज मुहम्मद कासिम बाबा रहमतुल्ला अलेह के दो दिवसीय उर्स के मौके पर मंगलवार को ठक्कर ग्राम निवासी मुहम्मद अमजद के मकान से दोपहर में चादर गागर जुलूस निकाला गया। जुलूस विभिन्न मार्गो से गश्त करते हुए कासिम बाबा की दरगाह पहुँचा। जहाँ परंपरानुसार मज़ार शरीफ पर चादर पोशी व गुल पोशी की गई। रात्रि 10 बजे महफ़िले समा का आयोजन किया गया जिसमे कव्वाल ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश किये। सयोंजक मुख्तार हुसैन अंसारी ने बताया कि बुधवार को अपरान्ह बाद नमाज़ असर दरगाह शरीफ मे कुल शरीफ की फातिहा होगी। जिसके बाद लंगर तक़सीम किया जायेगा।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री सुनील रैकवार-** यादव कॉलोनी पहली गली निवासी श्री तेजीलाल रैकवार के पुत्र सुनील रैकवार (42) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मधुकर बरकड़े-** घमापुर चौक के निकट निवासी श्री मधुकर बरकड़े (74) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गोपा दत्ता-** साहिब परिसर यादव कॉलोनी निवासी श्री आर एन दत्ता की धर्मपत्नी श्रीमती गोपा दत्ता (77) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पप्पी राव-** झिरिया सदर निवासी श्री पप्पी राव (56) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश रजक-** शांति नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री राकेश रजक (50) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दुर्गा प्रसाद रजक-** वाजपेयी कम्पाउंड पेंटीनाका सदर निवासी श्री दुर्गा प्रसाद रजक (82) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनूप सिंह पटेल-** हाथीताल कॉलोनी गुप्तेश्वर निवासी श्री भगवत सिंह पटेल के पुत्र अनूप सिंह पटेल (35) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। श्री गिरीश जाट- कंजड़ मोहल्ला पूर्वी बेलबाग निवासी श्री गिरीश जाट (75) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गोपाल प्रसाद सोनकर-** जय नारायण का बाड़ा घमापुर चौक निवासी श्री गोपाल प्रसाद सोनकर (79) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कौशल राव-** न्यू कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री जनार्दन राव की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल राव (60) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री गुडडी चौधरी-** नटबाबा पहाड़ी सिद्ध बाबा निवासी श्री श्यामलाल चौधरी की पुत्री सुश्री गुडडी चौधरी (56) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पुष्पा चौरसिया-** गली न 2 इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री रामदास चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा चौरसिया (67) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री करन बेन-** आजाद चौक रामपुर निवासी श्री प्रेम बेन के पुत्र श्री करन बेन(21) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर में किया गया।

**श्रीमती विद्या मिश्रा-** बाबू लाइन पोलीपाथर निवासी श्री हरिशंकर मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या मिश्रा (80) का निधन हो गया है अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ।

# मोहरिया में चाची निकली मासूम अलीजा की कातिल

## रोने की आवाज बाहर न जाये, इसलिये दबाया था मुंह, लेकिन निकल गई जान

**जबलपुर, देशबन्धु।** हनुमानताल थाना अंतर्गत मोहरिया क्षेत्र में सोफे के नीचे मिली ढाई साल की मासूम अलीजा के शव मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि अलीजा कि चाची अफसाना ने ही उसकी हत्या की थी। हत्या के बाद लाश को अपने कमरे में सोफे के नीचे छिपा दिया।



हनुमानताल थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि मोहरिया हनुमानताल संजय गांधी वार्ड में रहने वाले शकील की ढ़ाई साल की बेटी अलीजा अपनी चाची अफसाना के कमरे में खेल रही थी। इस दौरान अफसाना पहुंच गई, जिन्होंने बच्ची अलीजा को थप्पड़ मार दिया। जिससे बच्ची जोर-जोर से रोने लगी। बच्ची के रोने की आवाज बाहर न जाए जिसके चलते अफसाना ने बच्ची का मुंह दबा दिया। दम घुटने से बच्ची अलीजा की मौत हो गई। चाची अफसाना ने घबरा कर बच्ची की लाश को कपड़े में लपेटकर सोफे के नीचे छिपा दिया। पुलिस ने संदेह होने पर चाची अफसाना से पूछताछ की, पहले तो वह गुमराह करती रही, लेकिन जब महिला पुलिस अधिकारी ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने मुंह दबाने की बात स्वीकार ली। उल्लेखनीय है कि मोहरिया निवासी शकीज मसूंरी की बेटी अलीजा सोमवार दोपहर करीब 2 बजे अचानक गायब हो गई थी। 2 घंटे की तलाश के बाद हनुमानताल पुलिस को शाम करीब 4 बजे सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड सहित अन्य स्थानों पर खोजबीन शुरू की। इधर मामले की जांच एवं परिजनों से पूछताछ करने घर पहुंची पुलिस ने घर में पड़ताल शुरू की तो बेटी अलीजा अपने चाचा के कमरे में सोफा के पीछे मृत मिली थी। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक लखन घनघोरिया व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# डिंडौरी से लौट रहा लोकायुक्त टीम का वाहन पलटा, दो पुलिस कर्मी घायल

**जबलपुर, देशबन्धु।** लोकायुक्त टीम का वाहन कुण्डम रोड पर अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में दो पुलिस कर्मी गोविंद सिंह व दिनेश दुबे के शरीर पर चोट आई है। जिन्हें उपचार के लिए नजदीक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रवाना किया गया है।



इस संबंध में लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने बताया कि लोकायुक्त टीम ने मंगलवार को शहपुरा जिला डिंडौरी में रोजगार सहायक नानसिंह मसराम को 500 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। कार्रवाई करने के बाद टीम के सदस्य जबलपुर के लिए रवाना हो गए। टीम का वाहन जब ग्राम ददरगवां कुण्डम से आगे बढ़ रहा था, इस दौरान चालक मोड़ पर अपना संतुलन खो बैठा और वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन पलटने से लोकायुक्त टीम के दो सदस्य गोविंद सिंह व दिनेश दुबे के सिर व पैर में गंभीर चोटें आई। दुर्घटना होते देख राह चलते लोग रुक गए। घायलों को उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर के लिए रेफर किया गया है। लोकायुक्त टीम के सदस्यों के दुर्घटना में घायल होने की खबर मिलते ही एसपी लोकायुक्त संजय साहू मौके पर रवाना हुये।

# मतदान करने का संदेश घर-घर पहुंचाने गैस सिलेंडर बनेंगे माध्यम

**जबलपुर, देशबन्धु।** मतदान के प्रति नागरिकों में जागरूकता पैदा करने जबलपुर जिले में कई नवाचार किये जा रहे हैं। इन्ही नवाचारों के तहत घरेलू रसोई गैस सिलेंडर पर स्टीकर लगाकर मतदाताओं को विधानसभा चुनाव के लिये 17 नवम्बर को होने वाले मतदान में वोट डालने का संदेश पहुँचाया जा रहा है। जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश टांडेकर ने बताया कि कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन के निर्देशानुसार स्वीप की गतिविधियों के तहत मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रेरित करने की जा रही इस अनोखी पहल में सभी रसोई गैस वितरकों द्वारा एलपीजी सिलेंडर पर वोट से बढ़कर कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम के स्टीकर लगाये जा रहे हैं। इसके साथ ही रसोई गैस वितरण एजेंसियों पर आपका वोट-आपकी ताकत लिखे बैनर भी लगाये गये हैं।



# प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारी के मौत, परिजनों को दी जाये आर्थिक सहायता : योगेन्द्र दुबे



**जबलपुर, देशबन्धु।** तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने आशाराम मेश्राम संयुक्त कलेक्टर जबलपुर जिला निर्वाचन अधिकारी जबलपुर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है, कि विधान सभा चुनाव के प्रथम चरण के प्रशिक्षण दौरान जल संसाधन विभाग में कार्यरत 58 वर्षीय सालिगराम नागवंशी की पीएसएम कॉलेज में प्रशिक्षण के दौरान मृत्यु हो गई। प्रशिक्षण प्रभारी उप संचालक कृषि रवि आम्रवंशी जो पीएसएम चुनाव प्रशिक्षण प्रभारी है, उनके द्वारा उन्हें अस्पताल पहुंचाने में लेट-लतीफी की गई। जिस कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। यदि प्रशिक्षण प्रभारी द्वारा उन्हें समय पर तत्काल अस्पताल पहुंचा दिया गया होता तो शायद यह घटना नहीं हो पाती।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव कार्य में लगे कर्मचारियों की यदि मृत्यु हो तो उसे उचित मुआवजा दिये जाने का प्रावधान किया है। अत: चुनाव प्रशिक्षण के दौरान मृत कर्मचारी को 50 लाख का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को एक माह के भीतर अनुकम्पा नियुक्ति एवं लापरवाह पीएसएम चुनाव प्रशिक्षण अधिकारी उप संचालक कृषि को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाये। इस दौरान संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, आलोक अग्निहोत्री, ब्रजेश मिश्रा, अंकित चौरसिया, चूरामन गूजर, सीएम शुक्ला, शैलेन्द्र दुबे, मनोज सिंह, वीरेन्द्र चंदेल, एसपी बाथरे, अमित पटेल, रवि महलोनिया, सुशील गर्ग, चूरामन गूजर, हेमंत गौतम, सतीश देशमुख, पंकज जायसवाल, योगेश कपूर, अभिषेक वर्मा, प्रीतोष तारे, टोनी एम्ब्रोस, बलराम बाल्मीक, कमलेश पटेल, हिमारत मार्को, तुषरेन्द्र सिंह सेंगर, नीरज कौरव, निशांक तिवारी आदि ने उक्त मांग रखी।

# रोड किनारे शराब बेचते युवक पकड़ा गया, 353 पाव देशी शराब एवं मोटर सायकिल जप्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** पाटन थाना अंतर्गत ग्राम नयागांव सहसन भुवारा रोड किनारे पुलिस ने अवैध शराब बेचते एक युवक को पकड़ा है। जिससे बड़ी संख्या में देशी शराब के पाव बरामद किये गये हैं।



इस संबंध पाटर थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम नयागांव सहसन भुवारा रोड किनारे पहाड़ी के नीचे एक युवक सड़क किनारे झाड़ियों में बोरी में अधिक मात्रा में शराब बेचने के लिये खड़ा है। पुलिस ने सूचना पर तत्काल ग्राम सहसन भुवारा रोड पर दबिश दी। जहां एक युवक बोरी से कुछ निकाल रहा था, वहीं पास में बजाज प्लेटिना मोटर सायकिल खड़ी थी, उक्त युवक पुलिस को आता देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम रामेश्वर गोंड़ उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम भुवारा बताया। जिसकी तलाशी लेने पर वह बोरी में 353 पाव देशी शराब के रखे मिला। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी शराब के पाव तथा बजाज प्लेटिना मोटर सायकिल जप्त करते हुये अपराध दर्ज कर लिया है।

# अवैध उत्खनन कर चोरी से रेत भर बेचने के लिये ले जाते दो डम्फर पकड़े गये

## दोनों चालक गिरफ्तार, वाहन मालिक को खोज रही पुलिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में वर्तमान समय में भी चोरी छिपे अवैध तरीके से रेत उत्खन करने और बेचने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। रेत माफिया लाखों करोड़ों की रेत उत्खनन कर उसे बेचे रहे हैं और सरकार को करोड़ों का चूना लगा रहे हैं। इसी कड़ी में बरगी स्थित नांदिया घाट पर चोरी की रेत उत्खनन कर उसे डम्फर में लोड कर बेचने के लिये ले जाते दो डम्फर चालकों को पकड़ा है और डम्फर जप्त किये हैं।

इस संबंध में बरगी थाना प्रभारी मंगल सिंह धुर्वे ने बताया कि चौकी बरगी नगर मंगलवार को सूचना मिली कि शंकुल दुबे एवं हरिओम कुशवाहा का ड्राइवर कालूराम उर्फ कल्लू मसराम नाम के व्यक्ति अपने अपने डम्फर में नांदिया घाट सगड़ा में अवैध रूप से उत्खनन कर चोरी से रेत भर रहे हैं। जिस पर पुलिस ने सूचना पर तुरंत नांदिया घाट में दबिश दी। जहां नांदिया घाट गौशाला के पास 2 डम्फर आ रहे थे। जिसे रोकने के लिये ईशारा किया गया, दोनों डम्फर के चालक भागने का प्रयास करने लगे। लेकिन दोनों को रोका गया। दोनों डम्फर को चेक करने पर



रेत भरी हुयी थी। पूछताछ में चालक ने अपना नाम शंकुल दुबे उम्र 24 वर्ष ग्राम रोसरा थाना बरेला का होना बताया। जिसने बताया कि उक्त रेत अपने वाहन स्वामी अपने पिता अशोक दुबे के कहने पर नांदिया घाट से अपने कंडेक्टर शिवकुमार मरकाम के साथ रेत चोरी कर बेचने के लिये ले जा रहा था। जिसके कोई दस्तावेज उसके पास नहीं हैं।

दूसरे डम्फर क्रमाक एमपी 20 जीए 8666 के चालक ने अपना नाम कालूराम उर्फ कल्लू मशराम पिता गोपाल प्रसाद मसराम उम्र 42 वर्ष निवासी खुर्सी टोला बरगी नगर बताया। जिसने बताया कि वाहन स्वामी हरिओम कुशवाहा के कहने पर नांदिया घाट से अपने कंडेक्टर रवि कुशवाहा के साथ रेत चोरी कर बेचने के लिये ले जा रहा था।

शंकुल दुबे से डम्फर क्रमांक एमपी 20 जी.ए. 0811 जिससे आगे पीछे नंबर प्लेट नहीं लगी है। जिसमें रेत भरी हुई है तथा आरोपी चालक कालूराम उर्फ कल्लू मसराम के कब्जे से एक डम्फर क्रमाक एमपी 20 जी ए 8666 सफेद रंग का जिसमें रेत भरी हुई है जप्त करते हुये आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# पुलिस का सटोरियों पर शिकंजा, 5 सटोरिये गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में सट्टे का कारोबार एक बार फिर अपने पैर पसारते जा रहा है। फिर वह क्रिकेट का सट्टा हो या अंको पर दाव लगाने का सट्टा हो। शहरी इलाकों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी ये काला कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। इसी कड़ी में पुलिस ने पनागर और शहपुरा में अलग-अलग स्थानों से 5 सटोरियों को सट्टा लिखते पकड़ा है। जिनसे नगदी व मोबाइल बरामद किये गये हैं।

इस संबंध में पनागर थाना प्रभारी अजय बहदुर सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि बरझाई मंदिर के पास एक युवक मोबाइल में सट्टा लिख रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां बरझाई मंदिर के सामने टोपी लगाये शेरू बर्मन दिखा जो अपना मोबाइल पुलिस को देखकर छिपाने लगा। जिसे पकड़ा गया। पूछताछ में जिसने अपना नाम शेरू बर्मन उर्फ नरेन्द्र बर्मन उम्र 30 वर्ष निवासी देवरी पनागर बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो वह एन्ड्रॉयड मोबाईल रखे मिला। जिसे चैक करने पर व्हॉटसएप पर सट्टा अंक लिये मिले। जिसने पूछताछ पर सुमित केवट निवासी रेपुरा के कहने पर सट्टा पट्टी मोबाइल पर लिखना एवं अपने व्हाटसएप के माध्यम से सुमित केवट को व्हाटसएप करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा मुख्य आरोपी सुमित केवट की तलाश शुरू कर दी है।

**शहपुरा में भी पुलिस की दबिश**

इस क्रम में शहपुरा थाना प्रभारी पूर्वा चौरसिया ने बताया कि बीकानेर स्वीटस गली बस स्टेण्ड शहपुरा में एक युवक सट्टा पट्टी लिख रहा था। जिसे सूचना के आधार पर मौके से पकड़ा गया है।

पूछताछ में जिसने अपना नाम सोनू गोटिया उम्र 36 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 1 शहपुरा बताया। जिसके कब्जे से एक सफेद कागज जिसमें सट्टा के अंक लिखे हैं, सट्टा पट्टी तथा नगदी 2360 रूपये जप्त किये गये हैं। इसी प्रकार बीकानेर स्वीटस दुकान गली बस स्टेण्ड मे दबिश देते हुये आरोपी जितेन्द्र सिंह राजपत उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम रमखिरिया शहपुरा को सट्टा पट्टी लिखते हुये पकड़ा गया। जिसके कब्जे से एक सफेद कागज में सट्टा के अंक लिखे हुये, पेन, सट्टा पट्टी तथा नगदी 3300 रूपये जप्त किये गये। इसी प्रकार सूरज फोटो स्टूडियो के पास दबिश देते हुये आरोपी संदीप चड़ार उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम गंज कटंगा शहपुरा को सट्टा पट्टी लिखते हुये पकड़ा गया जिसके कब्जे से एक सफेद कागज में सट्टा के अंक लिखे हुये, पेन, तथा नगदी 4240 रूपये जप्त किये गये। इसी प्रकार मुखबिर की सूचना पर बस स्टेण्ड कन्हैया डेरी के पास दबिश देते हुये आरोपी सीताराम रजक उम्र 34 वर्ष निवासी खैरी मोहल्ला शहपुरा को सट्टा पट्टी लिखते हुये पकड़ा गया जिसके कब्जे से सट्टा पट्टी, पेन तथा नगदी 3 हजार रूपये जप्त किये गये हैं।

# शराब के लिये रूपये नहीं देने पर बदमाश ने युवक मार दिया चाकू

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला थाना अंतर्गत भटरा मोहल्ला रिछाई में शराब के लिये रूपये नहीं देने पर एक बदमाश ने युवक के साथ मारपीट कर चाकूमार कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह लगभग 11-45 बजे गोविन्द प्रसाद झारिया उम्र 58 वर्ष निवासी भटरा मोहल्ला रिछाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सिलाई का काम करता है अपनी पत्नि विमला के साथ बरेला से लौट रहे थे। रास्ते में पवन पाठक की मोटर साईकिल में बैठ गये थे जैसे ही दीपक विश्वकर्मा की दुकान के पास पवन पाठक की मोटर साईकिल से उतरे वहां मोहल्ले का धिल्लू रजक मिला जो उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो धिल्लू रजक उसे जातिगत रूप से अपमानित करते हुये गाली गलौज करने लगा और चाकू से हमलाकर उसे बांये पैर, बांये हाथ के अंगूठा, पीठ एव गर्दन में चोट पहुंचा दी। उसकी पत्नि विमला एवं पवन पाठक बीच बचाव किये तो धिल्लू रजक जान से मारने की धमकी दिया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# बाबुओं की उदासीनता के चलते कर्मचारी परेशान

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जबलपुर में कार्यरत बाबुओं की लापरवाही और उदासीनता के चलते कर्मचारी परेशान हैं। कर्मचारियों के पेंडिंग कार्य समय पर नहीं किये जाते जिससे जरूरत मंत कर्मचारी अपने ही स्वात्वों के लिए परेशान होता है। अभी हाल ही में उर्दू मा.शा. मोतीनाला जबलपुर में कार्यरत नूरजहां अंसारी माध्यमिक शिक्षक का माह अगस्त 2023 का वेतन आज तक प्राप्त नहीं हुआ है। जबकि बिल जमा किए जाने के बाद भी बिलों को दबा कर रख दिया जाता है, जब तक कर्मचारी कार्यालयों के चक्कर काट कर बाबुओं की मंशा पूरी नहीं करते तब तक बिलों को आगे नहीं बढ़ाया जाता। जिससे कर्मचारी परेशान है कि आखिर अपने ही स्वात्वों को प्राप्त करने के लिए इतनी मशक्कत आखिर क्यों? दूसरी तरफ शादी विवाह और त्योहारों का मौसम चल रहा है ऐसे में कर्मचारियों को उनकी जी.पी.एफ राशि समय पर न मिलने से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। क्योंकि बाबुओं की उदासीनता की वजह से ही कर्मचारी परेशान रहते हैं।

संघ के जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, हेमंत ठाकरे, रऊफ खान, एनोस विक्टर, दिनेश गौंड़, फिलिप अन्थोनी, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, अशोक राय, क्रिस्टोफर नरोन्हा, धनराज पिल्ले, उमेष सिंह ठाकुर, अशोक राय, सुनील झारिया, ओम प्रकाश झारिया, विनोद सिंह, गोपीशाह, रामकुमार कतिया, सुधीर अवधिया, आशाराम झारिया, मनीष मिश्रा, राजकुमार यादव, सुधीर पावेल, विनोद सिंह, राजेन्द्र सिंह, संतोष चौरसिया, रामदयाल उईके, अफरोज खान, देवेन्द्र पटेल, मनीष झारिया, रवि जैन, नेत राम, नीरज मरावी, वीरेन्द्र श्रीवास, सुनील स्टीफन, विनय रामजे, सरीफ अहमद अंसारी, आशीष कोरी, मनीष मिश्रा, एस.बी.रजक, सुखराम विश्वकर्मा आदि ने जिला षिक्षा अधिकारी महोद्य से मांग की है कि बी.ई.ओ कार्यालय के बाबुओ को सख्त हिदायत दी जाए की वे अपना काम समय पर करें जिससे कर्मचारियों को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े।

# आरक्षण नियमों के विरुद्ध हुई प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्तियों को चुनौती

## हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य से मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजाति कार्य विभाग द्वारा प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्तियों में व्यापक अनियमित्ताएं किये जाने का आरोप लगाते हुए मामले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। आरोप है कि मनमाने नियमों के आधार पर आरक्षित वर्ग के दो हजार से अधिक अभ्यार्थियों को आरक्षण का लाभ दिये बगैर उनकी पदस्थापना जनजातीय कार्य विभाग में की गई है। जस्टिस शील नागू व जस्टिस हृदेश की युगलपीठ ने मामले में राज्य शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, डीपीआई व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यह मामला जबलपुर निवासी गरिमा पटेल व अन्य की ओर से दायर किया गया है।

जिसमें कहा गया है कि अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम वरीयता क्रम में स्कूल शिक्षा विभाग में पदस्थापना के लिये चॉइस फिलिंग दर्ज की गई हैं, लेकिन आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को अनारक्षित वर्ग में परिवर्तित करके जनजातीय कार्य विभाग में उनके निवास स्थान से सैकड़ों किमी दूर ट्रायबल विभाग द्वारा संचालित स्कूलों में पदस्थापना दी गई है। मामले में आवेदको की ओर से कहा गया कि पूर्व में दायर याचिकाओं में हाईकोर्ट की एकलपीठ ने स्कूल शिक्षा विभाग को स्पष्ट निर्देश दिएथे कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार आरक्षित वर्ग के मेरीटोरियस अभ्यर्थियों को उनकी प्रथम वरीयता क्रम के अनुसार पदस्थापना परिवर्तित आदेश जारी किए जाएं। इसके बावजूद विभाग ने हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को नजरअंदाज कर विभाग द्वारा बनाए गए नियम का हवाला देते हुए समस्त याचिकाकर्ताओं की पदस्थापना परिवर्तन करने से इंकार कर दिया। स्कूल शिक्षा विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशों की संवैधानिकता को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक शाह ने पक्ष रखा।




## बर्खास्त पुलिस कर्मी को बहाल करने के आदेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने दो दशक पूर्व बर्खास्त किये गये पुलिस कर्मी को बहाल किये जाने के आदेश दिये है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई दौरान पाया कि शासन ने याचिकाकर्ता पुलिस कर्मी की अनुशासनिक कार्रवाई का रिकार्ड गुमा दिया है। एकलपीठ ने कहा कि ऐसे में चार्जशीट और जांच रिपोर्ट का कोई औचित्य नहीं है। एकलपीठ ने आवेदक को 90 दिनों के भीतर बहाल किये जाने के निर्देश दिये है, हालांकि आवेदक बैकवेज पाने का हकदार नहीं होगा।

यह मामला दसवीं बटालियन सागर में आरक्षक के पद पर पदस्थ रहे एससी पांडे की ओर से दायर किया गया था। आवेदक को उसके पिता की मृत्यू उपरांत उक्त नौकरी मिली थी। आवेदक की ओर से कहा गया कि उसने 1991 में माया देवी से विवाह किया था। विवाद होने पर माया देवी ने वैवाहिक विवाद दायर किया था। इसी दौरान पुष्पा नामक महिला ने खुद को याचिकाकर्ता की पत्नी होने का दावा किया और उसके खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज करा दिया। उक्त मामले में वह दोषमुक्त हो गया, लेकिन बिना अनुमति दूसरी शारी करने के आरोप में याचिकाकर्ता को चार्जशीट जारी की गई और जांच उपरांत उसे सेवामुक्त कर दिया गया। सुनवाई दौरान न्यायालय ने पाया कि जांच उपरांत ही अधिकारियों ने आवेदक को बर्खास्त करने का निर्णय लिया था। लेकिन शासन की ओर से बताया गया कि वर्ष 2000 में आवेदक को बर्खास्त किया गया था और अनुशासनिक रिकार्ड गुम गये है। जिसके बाद न्यायालयने कहा कि इतने लंबे अर्से बाद बिना रिकार्ड के सेवामुक्ति के फैसले का परीक्षण नहीं किया जा सकता। जिसके बाद न्यायालय ने आवेदक के पक्ष में राहतकारी आदेश दिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता उद्यन तिवारी ने पक्ष रखा।

## साली से छेड़छाड़ करने के आरोपी जीजा को दो साल की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** नाबालिग साली के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी जीजा को पाक्सो की अदालत ने दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को दो साल की सजा व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि आरोपी मोहम्मद सुबराती ने 8 अप्रैल 2019 को अपनी नाबालिग साली से कहा की उसकी बहन ने उसे घर में बुलाया है। नाबालिग जब बहन के घर पहुंची तो आरोपी जीजा ने उसे नशीली चीज सुंघा दिया और उसके साथ अश्लीलता करने लगा। उसी दौरान पीड़िता की मॉ और बुआ वहां पहुंच गई, जिस पर आरोपी पीड़िता को किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर हनुमानताल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई पश्चात् अदालत ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया।

# ट्रेन से टकराकर बुजुर्ग की मौत, शिनाख्तगी के कर रही प्रयास

**जबलपुर, देशबन्धु।** मदन महल के इटारसी एण्ड के अप लाईन पर एक अज्ञात पुरुष उम्र करीबन 65-70 वर्ष बदन दुबला पतला रंग सांवला चेहरे एवं सिर व दाढ़ी के बाल साधुनुमा बड़े सफेद बाल, बदन में सफेद हाफ अस्तीन वाली सेंडो बनियान, कमर में नारंगी रंग का गमच्छा जो प्रथम दृष्टया में मांग कर अपना जीवन व्यापना करना प्रतीत हो रहा है। जो किसी ट्रेन से टकराकर घायल हो गया है और उसकी मौत हो गई है। होने से इंकार नही किया जा सकता जिसके पास कोई परिचय संबंधी आधार कार्ड आईडी नही मिला। फोटो हुलिया देखकर यदि कोई जानकारी मिली है। रेलवे पुलिस ने जनता से अपील की है कि इस वृद्ध के संबंध में कोई जानकारी मिले तो जीआरपी कंट्रोल रूम-9479994200 तथा रेल पुलिस चौकी मदन महल-07612426233 पर सूचित करें।



# राजा जनक की बातों से क्रोधित हुए लक्ष्मण, श्रीराम ने शिव धनुष तोड़ा स्वयंवर रचाया।

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति रामजानकी मन्दिर मानस भवन के तत्वाधान में चित्रकूट की ख्यातिलब्ध आदर्श रामलीला मंडल द्वारा मानस भवन रामलीला मंच में सीता स्वयंवर प्रसंग का मंचन किया गया।मिथिला पुर के राजा जनक शिव धनुष तोड़ने पर उसके साथ सीता स्वयंवर करने की शर्त रखी थी।देश-देशांतर के राजा आए और शिव धनुष को हिला तक नहीं सके और वापस चले गए। यह जानकर राजा जनक निराश हो गए और उन्होंने कह दिया कि पृथ्वी वीरों से खाली है।ऐसा होता तो मैं स्वयंबर का आयोजन ना करता।राजा जनक की इन बातों से दशरथ पुत्र राजकुमार लक्ष्मण क्रोधित हुए और उन्होंने कहा कि यदि गुरू की आज्ञा हो तो जो तुम्हारा अनुशासन पाऊं कंदुक इव ब्रह्मांड उठाऊंलक्ष्मण ने कहा कि हे जनक तुम इस धनुष की बात करते हो मैं तो सारे ब्रह्मांड को कंदुक के समान उठा सकता हूं। श्रीराम ने लक्ष्मण के क्रोध को शांत कराया। श्री राम गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से शिव धनुष का पूजन किया और दोनों हाथों से उठाकर धनुष को दो



खंडों में विभक्त कर दिया। श्रीराम का शुभ विवाह जनक नंदिनी सीता से हुआ। पात्र अभिनय के रुप में महंत,व्यास श्री राजाराम पांडे,राम कुशल गौतम, लक्ष्मण राजेश गौतम,

# सचिव एवं रोजगार सहायक सचिव की लापरवाही से नहीं मिला वृद्ध महिला को राशन

**पाटन देशबन्धु।** सरकार एवं मौजूदा विधायक का पाटन के अधिकारियों के ऊपर कोई नियंत्रण नहीं है तभी तो प्राय: सभी विभाग के अधिकारी आम आदमी को परेशान करके अपनी काली कमाई करने का एक भी मौका नहीं छोड़ते है। बेचारा आम आदमी नेता नगरी एवं अधिकारियों के चक्कर काटने विवश है।ऐसा ही एक सनसनी खेज मामला कुंवरपुर पंचायत से निकल कर सामने आया है जहां की एक 70 वर्षीय बुजुर्ग अम्मा के नाम राशि वाली अपात्र महिला को पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक सचिव की लापरवाही के कारण विगत कई महीनों से गरीब बुजुर्ग महिला के हिस्से का राशन नहीं दिया जा रहा है एवं उसके हक का मिलने वाला राशन की काला बाजारी करके मुनाफा कमा कर वृद्ध महिला को ज़िम्मेदार अधिकारियों के द्वारा बेवजह परेशान किया जा रहा है।

**ये है माम**ला-मीडिया से चर्चा के दौरान 70 वर्षीय बुजुर्ग अम्मा ने बताया कि मेरा नाम गिरजा बाई है मेरे पति का नाम भगवान सिंह निवासी हाउस ना 297 मनकेडी रोड़, कुवरपुर बजरनगढ़ तह.पाटन है मेरा आधार ना 4923-0585-6704 और मेरी समग्र परिवार आईडी



33699987 एवं मेरी समग्र आईडी 156439237 और पात्रता पर्ची नंबर 1203476666 बीपीएल कार्ड धारक हू विगत कई महीनों से मेरे पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक सचिव के द्वारा मेरे दस्तावेजों में हेरफेर करके मेरे नाम राशि वाली महिला को ज़िम्मेदारो के द्वारा राशन दिया जा रहा है। वृद्ध महिला के कथन की पड़ताल करने पर पता चला कि पाटन जनपद क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों एवं शहरी क्षेत्रों में राशन माफियाओं के कई गिरोह सक्रिय है जो सचिव एवं रोजगार सहायक सचिव तथा राशन दुकानदार व अधिकारीयों के साथ मिलकर ऐसे बेसहारा बुजुर्गो को अपना शिकार बनाता है और उनके कागजों में हेरा फेरी करके उनका राशन हर महीने हजम करके मोटी कमाई कर रहे है।

वृद्ध महिला के दस्तावेजों में सचिव,रोजगार सहायक सचिव ने करी हेराफेरी...

जानकारी के मुताबिक राशन माफियाओं के द्वारा बुजुर्ग महिला के नाम राशि वाली महिला जिसका नाम गिरजा बाई पति चरण सिंह आधार ना 3927-8548-1402 है जबकि समग्र आई डी एवं राशन पर्ची का नंबर गिरजा बाई पति भगवान सिंह का उक्त राशन प्रकरण में ऑनलाइन शो हो रहा है चुकी महिला बुजुर्ग है और ज्यादा दौड़ भाग नहीं कर सकती है इसलिए राशन माफिया एवं ज़िम्मेदार पंचायत के कर्मी के द्वारा उक्त महिला के दस्तावेजो में हेराफेरी करके बुजुर्ग महिला को राशन न देकर उसके हिस्से में मिलने वाले राशन की काला बाजारी करके सभी लोग लाभ अर्जित कर रहे है।

**इनका कहना है** -जब इस संबंध में सहायक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी भावना तिवारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण के सारे दस्तावेज आप मेरे पाटन कार्यालय में गुरुवार को लेकर आए में पूरे मामले को दिखवाती हूं और जो भी इस मामले में दोषी पाया जाता है उस पर सक्त कार्यवाही की जाएगी।

## सार-समाचार



### सुश्री एकता ठाकुर को कांग्रेस पार्टी से टिकट मिलने पर भव्य स्वागत किया

कुंडम,देशबन्धु। सुश्री एकता ठाकुर को कांग्रेस पार्टी से टिकट मिलने पर सिहोरा विधानसभा 102 में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता पर खुशी और उत्सव देखने को मिल रहा है बहन एकता ठाकुर कुंडम नगर के सभी कार्यकर्ताओं ने बहन एकता जी का भव्य स्वागत किया गया और समस्त कार्यकर्ताओं से मिली समस्त कार्यकर्ता भी एकता जी से मिलकर खुशी जाहिर किया और भगवान भोलेनाथ कुंडेश्वर धाम के दर्शन के लिए पहुंची कुंडेश्वर धाम पहुंच कर एकता बहन ने अपने विचारों में कहा समस्त कार्यकर्ता बंधु जो मुझे टिकट मिला माननीय राहुल गांधी जी सोनिया गांधी जी माननीय कमलनाथ जी विवेक तंखा जी दिग्विजय सिंह जी एवं समस्त पार्टी के नेताओं का में आभार व्यक्त करती हूं जो मुझे टिकट दिया है उन्हें धन्यवाद देती हूं जो मुझे जनता की सेवा के लिए सिहोरा विधानसभा 102 में मुझे टिकट दिया है और विधानसभा के मतदाता बंधुओ को एवं पार्टी के समस्त कार्यकर्ता सभी को मैं बार-बार धन्यवाद देती हूंसी।

### मैहर बड़ा अखाड़ा के महाराज करा रहे दुर्गा पूजन भक्तों की भीड़ बढ़ी



### छोटे गांव में दूसरी बार रखी गई है मां दुर्गा की प्रतिमा

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** ग्राम पंचायत गांधीग्राम के अंतर्गत आने वाले छोटे से गांव माल्हा में प्रवेश द्वार पर दिसहाई माता स्थल पर अष्टभुजी मां दुर्गा की नयनाभिराम प्रतिमा रखी गई है।इस स्थल पर मातारानी का पूजन अर्चन,पाठ,महाआरती महाराज विपेन्द्र जी महाराज बड़ा अखाड़ा मैहर द्वारा की जा रही है,मैहर बड़ा अखाड़ा के महाराज के पूजन कराने की जानकारी लगते ही आसपास के ग्रामो से भक्तों का माँ दुर्गा के पूजन के लिए तांता लगा हुआ है।

*तीसरी बार हुई है स्थापना--ग्राम माल्हा में 90 प्रतिशत गरीब लोग व शेष कृषक निवास करते हैं जनसहयोग से तीसरी बार दुर्गा माँ की प्रतिमा रखे जाने के कारण ग्राम के श्रद्धालु भक्तों की भीड़ लग रही है। महाआरती कराने के लिए लोगों का ताँता लगा हुआ है।महाआरती क्रमश: संयोजक भूरा पटैल, अध्यक्ष गगन, तीरथ, गोविन्द ,कौशल पवन राकेश सुरेन्द्र मोहन, चन्द्रभान, संदीप, उत्तम तिवारी व समिति की ओर से कराई जा रही है।

### सीटीव्ही कैमरे की मदद से पकड़ा गया 4 चोरियों का आरोपी

**रीवा देशबन्धु।** शहर की अमहिया पुलिस ने चार अलग-अलग चोरियों का खुलासा किया है। मिली जानकारी के मुताबिक 10 माह के भीतर एक शातिर बदमाश ने दो घरों के बाहर से बाइक, पुलिस प्रशिक्षण शाला से विद्युत तार और जनरेटर की कॉपर वायर चुनाई थी। आधी रात में हुई चार चोरियों के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। इसके बाद एक दर्जन जगहों पर लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों के फुटेज खंगाले गए। ऐसे में एक चोर का फुटेज कई जगहों पर दिखा है। संदेही चोर को पकड़कर अमहिया पुलिस थाने लाई। सख्ती दिखाई तो आरोपी बदमाश ने जुर्म कबूल किया है। बदमाश के कब्जे से बाइक क्रमांक एमपी 17 एमएन 5647, दूसरी बाइक क्रमांक एमपी 19 एमआर 5783, विद्युत तार और जनरेटर की कॉपर वायर रात बरामद की गई है। जब्त समान की कीमत करीब 1.20 लाख रुपए है।

# चित्तार माता के दरबार में भक्तों का लगा तांता

## दूर दूर से अर्जी लगाने भक्त पहुंच रहे माता के दरबार

**पाटन देशबन्धु।** जिले की पाटन जनपद क्षेत्र में आने वाली ग्राम पंचायत ग्वारी के समीप विशाल पहाड़ी पर भव्य चित्तार माता का मंदिर है। मंदिर के चारों ओर प्राकृतिक हरियाली की वजह से इस मंदिर में रोजाना भक्तों का ताता लगा रहता है।

जबलपुर से महज 40 किलोमीटर की दूरी पर पाटन शहपुरा मार्ग पर हरे भरे जंगलों के बीच विशाल परिसर में यह माता का मंदिर है। यह सिद्धपीठ माता का प्राचीन मंदिर है यहां जो भी माता का भक्त आता है वह माता के दरबार से खाली हाथ नहीं लोटता है यहां भक्तों की ऐसी आस्था है जिस की जो



मनोकामना होती है माता वह पूरी करती हैं वही माता के मंदिर के चारों ओर हरा भरा जंगल है यहां का दृश्य बहुत ही मनोरम है सभी भक्त 9 दिनों तक माता की आराधना करके माता की भक्ति में डूबे रहते हैं माता अपने सभी भक्तों के कष्ट दूर करती हैं। नवरात्रि पर्व पर माता के दरबार में दूर दूर से भक्त अपनी अर्जी लगाने आते है।

# कैंसर महिला मरीज की लगा दी चुनाव डीयूटी

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने चुनाव कार्य से गंभीर रूप से बीमार, बुद्ध, साठ साल की उम्र पार कर चुके , रिटायर मैट के करीब अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग की है।विगत दिनों चुनाव प्रशिक्षण के समय एक कर्मचारी का स्वास्थ्य खराब होने के पश्चात इसकी मृत्यु हो चुकी है। मोर्चा संरक्षक योगेंद्र दुबे, जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया है कि बताया है कि लोक निर्माण विभाग मुख्य अभियंता कार्यालय में कैंसर महिला मरीज श्रीमती अनीता केवट सहायक ग्रेड 3 की चुनाव ड्यूटी लगाई गई है, संबंधित कार्यालय से चुनाव कार्यालय समस्त रिकार्ड भेजे गए है। चुनाव ड्यूटी का प्रशिक्षण आज मॉडल स्कूल के कमरा नंबर 12 में सुबह 9:00 बजे से 1:00 बजे तक रखा गया था, बीमार महिला कर्मचारी को मात्र एक समोसा नाश्ते में दिया गया जबकि केंसर मरीज को दवाइयां खाने के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, आज क्क्र में लगाई गई ड्यूटी के समय समस्त दस्तावेज देने के पश्चात भी चुनाव ड्यूटी से मुक्त नहीं किया गया मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जबलपुर के संरक्षक योगेंद्र दुबे, जिलाध्यक्ष अटल , नरेश शुक्ला , संतोष मिश्रा, विश्वदीप पटेरिया, योगेश चौधरी प्रशांत सोंधिया, रविकांत दहायत, मुकेश मरकाम , देव दोनेरिया, धीरेंद्र सिंह, योगेंद्र मिश्रा, अजय दुबे ,नरेंद्र सैन,मंसूर बेग, गोविंद बिलथरे, सुरेंद्र जैन, संदीप नेमा, सतीश उपाध्याय ,विनय नामदेव ने गंभीर रूप से बीमार, साठ वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनाव कार्य से मुक्त रखने की मांग की है।

# सिविल लाइन पुलिस द्वारा गुमशुदा नाबालिक लड़की को किया परिजनों के सुपुर्द

**रीवा देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती शिवाली चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाइन व एएसआई द्वारिका बागरी ने दिनांक 03.06.23 को गुमशुदा के परिजनों के रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया था बीते दिनअपहता लड़की को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरी. संतोष पंद्रे , उनि .मिथिलेश यादव ,सउनि द्वारिका बागरी , प्रआर.593 त्रिदेव तिवारी,आर.1144 बृजेश सिंह, मआर.508 खुशबू तिवारी ,आर. सुभाष,आर.वरुण सिंह साइबर सेल रीवा शामिल रहे।

# बिजली के ट्रांसफार्मर में तारों का मकड़जाल, हादसे को दे रहा आमंत्रण

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** लेकिन विद्युत सुरक्षा के मद्देनजर जिले में पुख्ता इंतजाम नहीं हैं।कई जगह असुरक्षित तरीके से रखे ट्रांसफार्मर और बेतरतीब लटके-उलझे तार मौत को दावत दे रहे हैं। इसके लिए जिम्मेदार विद्युत सुरक्षा विभाग और बिजली विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। न तो कोई सर्वे रिपोर्ट बनी है और न ही लोगों को करंट से बचाने के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं।

वर्तमान समय में गांधीग्राम हाईवे के किनारे , मुस्कुरा, घाटसिमरिया स्थित ग्रामों खेतों में लगे ट्रांसफार्मरों से किसानों द्वारा टीसी कनेक्शन लिये गए हैं साथ ही बहुत से लोगों ने अवैध तरीके से लाइन लगा ली है,जिससे ट्रांसफार्मरों पर बिजली के तारों का मकड़जाल निर्मित हो गया है जो अनचाही दुर्घटनाओं को दावत दे रहा है। गम्भीर हादसे की आशंका--ट्रांसफार्मर से बिजली तारों का इतना अधिक मकड़जाल फैला हुआ है कि ग्रामीणों के साथ कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। यहां पर स्थानीय लोगों ने खेतों व घरेलु बिजली आपूर्ति के



लिए 50 से अधिक केवल डालकर बिजली का कनेक्शन लिया है। यह तार लटकते हुए निकले हैं। जिससे तारों के नीचे से निकलने के दौरान ग्रामीणों को करंट लगने का खतरा बना हुआ है। जमीन से 3 फीट की ऊंचाई पर फैले बिजली के खुले तार के संबंध में विभाग द्वारा न तो ध्यान दिया जाता है न ही इन्हें हटाया जा रहा है और न ही तारों को दुरूस्त किया जा रहा है। गांव के ओमप्रकाश चौरसिया, आशीष असाटी उर्फ आचार्य जी, प्रकाश मिश्रा, भूपेन्द्र चौरसिया, वासुदेव मिश्रा ने बताया कि सबसे ज्यादा खतरा रात के समय बना रहता है क्योंकि लोगों को यह तार नजर नहीं आता। इसके अलावा आम रास्ते से निकलने वाले मवेशियों को भी करंट लगने का डर बना रहता है। इस रास्ते से गांव के लोगों के ग्रामीणों का आना-जाना होता है।

ग्रामीणों ने इस खतरनाक स्थिति की सुधार करने की मांग की है तो उनका कहना है कि किसानों के अस्थायी, स्थायी कनेक्शन के चलते यह स्थिति बनी हुई है। वह ट्रांसफार्मर से तार के जरिए खेतों तक बिजली ले जाते हैं और असुरक्षित तरीका अपनाते हैं। कोई हादसा घटित होता है तो किसान खुद इस अव्यवस्था के लिए जिम्मेवार होंगे।

# महिला की हत्या का आरोपी 12 घंटे में गिरफ्तार

## कोतवाली मैहर पुलिस की कार्यवाही

**मैहर, देशबन्धु।** एक परिवार पर जानलेवा हमला करते हुए महिला की हत्या करने के आरोपियों को कोतवाली मैहर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर कुमार अग्रवाल के कुशल निर्देशन एवं सीएसपी राजीव पाठक के मार्गदर्शन में आरोपियों तक 12 घंटे में पहुंचने की सफलता मिली है।पुलिस के अनुसार, 16 अक्टूबर को फरियादिया सुमन चौधरी पिता स्व. नत्थू चौधरी निवासी करियापानी ने रिपोर्ट किया कि पुराने विवाद को लेकर आरोपी मुंशी चौधरी व मोनू भुजवा ने रात 11.30 बजे घर के पास आकर फरियादिया एवं उसकी मां उर्मिला चौधरी,



भाई धर्मेन्द्र चौधरी पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर चोट आने पर उर्मिला चौधरी की मृत्यु हो गई तथा धर्मेन्द्र चौधरी की हालत गंभीर होने से जिला अस्पताल सतना रेफर किया गया। रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना दौरान पुलिस ने आरोपियों को घटना के 12 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी उप जेल मैहर भेजे गए। आरोपियों में आकाश भुजवा उर्फ मोनू पिता धनपत भुजवा (20) निवासी वार्ड 20 घुरपुरा थाना मैहर, जीतेन्द्र कुमार उर्फ मुंशी चौधरी पिता राजेश कुमार चौधरी (24) निवासी वार्ड 18 करियापानी मैहर हैं। इस प्रकरण में आरोपियों तक पहुंचने में निरीक्षक अनिमेष व्दिवेदी थाना प्रभारी मैहर, उप निरीक्षक महेन्द्र गौतम, बालकेश सिंह, एएसआई रामलाल रावत, प्रधान आरक्षक राजभान सिंह, राघवेन्द्र सिंह, अनिल सिंह, जय बागरी की सराहनीय भूमिका रही है।

# व्यापारी से लाखों रुपए का सोना-चांदी बरामद

**शहडोल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ अंतर्राज्यीय सीमा पर शहडोल और एम. सी. बी. जिले की संयुक्त टीम ने बार्डर पर चेकिंग के दौरान एक व्यापारी से 22 लाख 5 हजार रुपए कीमत का अवैध सोना-चांदी सहित 93 हजार 8 सौ रुपए नगद बरामद किया है। यह कार्यवाही थाना सीधी अंतर्गत चांटी चेक पोस्ट पर की गई है।

विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार अंतर्राज्यीय बॉर्डर पर चेकिंग को लेकर इस वक्त विशेष जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य और पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक के निर्देशन पर थाना सीधी एवं जैतपुर अंतर्गत जिले की सीमाओं पर कुल 06 चेक पोस्ट सक्रिय किए गए हैं। इन चेक पोस्टों पर जिला शहडोल और जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) से ड्यूटी में पुलिस विभाग, वन विभाग, आबकारी विभाग और परिवहन विभाग की संयुक्त टीमें तैनात की गई हैं। इसी क्रम में थाना सीधी एवं थाना जनकपुर (छ. ग.) अंतर्गत मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ की सीमा पर शहडोल और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ. ग.) जिले की संयुक्त चांटी चेक पोस्ट पर उक्त टीम ने बीती रात को चेकिंग के दौरान घनश्याम दास सोनी निवासी रसमोहनी द्वारा अवैध रूप से परिवहन कर ले जाए जा रहे सोना एवं चांदी के आभूषण सहित अवैध नगद रुपए बरामद किये।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरामद की गई चांदी की अनुमानित कीमत 10 लाख 50 हकार रूपये एवं सोने की कीमत 12 लाख रूपये है। नगद कुल 93 हजार 800 रूपए भी बरामद किए गए है।

## वियतनाम में मंकीपॉक्स के छह नए मामले

हनोई। दक्षिणी वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर में एक सप्ताह में मंकीपॉक्स के छह और मामले सामने आने से इनकी कुल संख्या 19 हो गई है। हो ची मिन्ह सिटी मंकीपॉक्स के 12 मामलों को अलग इलाज कर रहा है, जिनमें से सभी की स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है। मंकीपॉक्स वियतनाम में एक बी समूह संक्रामक रोग है। हो ची मिन्ह सिटी के स्वास्थ्य विभाग ने सितंबर 2022 में पहला मामला सामने आने के बाद से, रोग नियंत्रण केंद्र और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को समुदायों के बीच रोकथाम और नियंत्रण को मजबूत करने का आदेश दिया है।

### इजरायल को भी सता रहा युद्ध बढ़ने का डर

# अपने ही शहरियों से कई शहरों को करा रहा है खाली



**तेलअवीव।** इजरायल और हमास के बीच जारी जंग लगातार भीषण हो रही है। इजरायल ने तो अपने करीब साढ़े तीन लाख सैनिकों को गाजा पट्टी की सीमा पर तैनात कर रखा है और कभी भी जमीनी हमला हो सकता है। इजरायल इस ऐक्शन के जरिए गाजा पट्टी के बड़े इलाके पर कब्जा जमा सकता है, जिसे लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ समेत दुनिया भर की संस्थाएं चिंतित है।

हालांकि यह जंग अकेले फिलिस्तीन का ही नुकसान नहीं कर रही बल्कि इजरायल के आगे भी और मुसीबत खड़ी है। एक तरफ वह गाजा पर हमले को तैयार है तो लेबनान की ओर से हिजबुल्लाह भी उसकी उत्तरी सीमा को निशाना बना सकता है।

ऐसी स्थिति से निपटने के लिए इजरायल ने भी बैकअप बनाना शुरू कर दिया है। लेबनान की ओर से खतरे को देखते हुए इजरायल ने अपनी उत्तरी सीमा के कई इलाकों को खाली करने का आदेश दिया है। इजरायल की सेना ने लेबनान से लगती करीब 2 किलोमीटर की एक कॉलोनी में रह रहे लोगों को निकलने को कहा है। लंबे समय से यह इलाका हिजबुल्लाह के निशाने पर रहा है। पहले भी हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच जंगें हो चुकी हैं और इसी इलाके से हिजबुल्लाह ने इजरायल पर वार किए हैं। रविवार को भी हिजबुल्लाह ने एक मिसाइल इजरायल की ओर दागी थी, जिसमें एक नागरिक की मौत हो गई थी।

यही नहीं एक और मिसाइल जो इजरायल को निशाना बनाकर दागी गई थी, वह लेबनान की सीमा में ही एक पत्रकार पर जा गिरी। इस घटना में रॉयटर्स के वीडियो पत्रकार इसाम अब्दल्लाह की मौत हो गई थी। इस हमले में अल जजीरा, एएफपी समेत कई और एजेंसियों के 6 पत्रकार जख्मी हुए थे। इस हमले पर दुख जताते हुए लेबनान के राष्ट्रपति ने इस घटना के लिए इजरायल को जिम्मेदार बताया था। लेबनान के राष्ट्रपति गिलाड एर्डान ने कहा कि आप जानते हैं कि हम मीडिया को निशाना नहीं बनाते। हम युद्ध में हैं और उसमें गलती से ऐसी चीज हुई है।

गौरतलब है कि इजरायल और हमास के बीच छिड़ी जंग ने पूरी दुनिया को अलर्ट कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन इस मामले में मध्यस्थता के मूड में दिख रहे हैं।

वह बुधवार को इजरायल पहुंचेगें और फिर उनका जॉर्डन जाने का भी प्लान है। उनसे पहले विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन सऊदी अरब और मिस्त्र जैसे देशों का दौरा कर चुके हैं। हालांकि सऊदी अरब ने दोटूक कहा कि इजरायल को फिलिस्तीन पर हमले रोकने होंगे।

## आज का इतिहास

1898–अमेरिका ने स्पेन से प्यूर्टो रिको को अपने कब्जे में लिया।
1922–ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की स्थापना।
1925–उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी का जन्म।
1944–द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी से चेकोस्लोवाकिया की स्वतंत्रता के लिये सोवियत संघ ने लड़ाई शुरु की।
1950–हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता ओम पुरी का जन्म।
1972–पहले बहुद्देशीय हेलिकॉप्टर एस ए 315 का बैंगलोर में परीक्षण।
1980–पहली हिमालय कार रैली को बम्बई (मुंबई) के ब्रेबोर्न स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
1985–सम्पूर्ण विश्व में व्यापक विरोध के बावजूद दक्षिण अफ़्रीकी सरकार द्वारा अश्वेत कवि बेंजामिन मोलोइस को फ़ाँसी।
1991–दक्षिण पश्चिम एशिया और दक्षिणी पूर्वी यूरोप के मुहाने पर स्थित अजरबैजान ने तत्कालीन सोवियत संघ से स्वतंत्र होने की घोषणा की।

### तो दुनिया के मुसलमान जंग में उतरेंगे; इजरायल को ईरान की मजहबी युद्ध वाली धमकी

तेहरान। इजरायल और हमास के बीच छिड़ी जंग अब पूरी इस्लामिक दुनिया के लिए एक मुद्दा बनती दिख रही है। इस मामले पर सऊदी अरब, जॉर्डन, लेबनान, सीरिया और मिस्त्र जैसे देश पहले ही इजरायल को गाजा पर हमले रोकने को कह रहे हैं। अब ईरान ने तो खुली धमकी दी है कि यदि गाजा पर इजरायल के युद्ध अपराध नहीं रुके तो फिर पूरी दुनिया के मुसलमान इस जंग में उतरेंगे। ईरान के शीर्ष नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने कहा कि कोई भी दुनिया भर के मुसलमानों और ईरान की फोर्स को रोक नहीं पाएगा, यदि गाजा में इजरायल के हमले नहीं रुके। उन्होंने ईरान के सरकारी टीवी चैनल पर देश को संबोधित करते हुए यह बात कही। माना जाता है कि हमास और हिजबुल्लाह जैसे उग्रवादी संगठनों क ईरान पर्दे के पीछे से मदद करता रहता है। इजरायल पर हमास के हमले के पीछे भी ईरान की मदद को लेकर कई खबरें आई हैं। हालांकि ईरान ने इससे इनकार किया था।

### समलैंगिक शादी पर कहां क्या कानून? इन 10 मुस्लिम देशों में पूरी छूट

भारत में सेम सेक्स मैरिज पर सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने बंटा हुआ फैसला सुनाया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि समलैंगिक शादी पर अदालत कानून तो नहीं बना सकती लेकिन, उन्होंने यह जरूर कहा कि समलैंगिक जोड़े को बच्चा गोद लेने अधिकार जरूर है। सीजेआई ने टिप्पणी में कहा कि हम कानून न तो बना सकते हैं और न ही संसद पर दबाव। समलैंगिक शादी को दुनिया के 34 देशों में मान्यता प्राप्त है, 22 देशों में इस पर कानून है। वहीं, इसे लेकर कट्टर कानूनों का पालन करने वाले मुस्लिम देशों में क्या सोच है? क्या आप जानते हैं कि 10 मुस्लिम देशों में समलैंगिक शादी वैध है। समलैंगिक शादी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बंटा हुआ फैसला सुनाया गया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने इसे मान्यता देने से इनकार कर दिया। इसकी मान्यता देने की मांग को लेकर 18 समलैंगिक जोड़ों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सेम सेक्स मैरिज पर दुनिया के 34 देशों में इसकी मान्यता है, 22 देशों ने तो कानून भी बनाया है। यहां हम उन 10 मुस्लिम देश के बारे में जानेंगे, जहां समलैंगिकता को पूरी छूट है।

### बम की सूचना पर करानी पड़ी विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, चेकिंग की तो निकला नई दिल्ली

बम की धमकी का मात्र जिक्र ही हर किसी को डरा देता है। विमान में इस तरह की घटनाएं सिहरन पैदा कर देती हैं। अमेरिका में इसी तरह का एक मामला सामने आया है। यहां कोपा एयरलाइंस में बम की अफवाह से हड़कंप मच गया। यात्रियों में मची चीख-पुकार के बीच पायलट को इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में 144 यात्री सवार थे। जब विमान की चेकिंग की गई तो पता लगा कि वह बम नहीं बल्कि एडल्ट डायपर था। क्या थी इसकी पूरी कहानी, जानते हैं। जानकारी के अनुसार, कोपा एयरलाइंस ने पनामा सिटी से टाम्टा की ओर उड़ान भरी। लगभग एक घंटे तक हवाई उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान में बम की अफवाह उड़ी। संदिग्ध बम की धमकी के कारण विमान को वापस आना पड़ा और इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

कोपा एयरलाइंस का विमान शुक्रवार को पनामा सिटी के टोक्यूमेन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से टाम्पा, फ्लोरिडा जा रहा था, तभी उसे विमान के एक शौचालय में एक संदिग्ध वस्तु के बारे में सूचना मिली। विमान पनामा लौट आया। इसके बाद, सभी 144 यात्रियों को बाहर निकाला गया और एक विस्फोटक रोधी टीम ने विमान की गहन जांच की।

# आसमान में कनाडाई फ्लाइट से टकरा जाता चीनी लड़ाकू विमान

### 5 मीटर की दूरी सभगाया, मचा हड़कंप

**ओटावा।** कनाडा और चीन में जारी विवाद के बीच एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। चीनी विमानों ने सोमवार को कनाडाई विमानों को रोक दिया जिससे खतरनाक स्थिति पैदा हो गई। दरअसल उत्तर कोरिया पर प्रतिबंध लागू करने की मांग कर रही कनाडा की एक सर्विलांस फ्लाइट (निगरानी उड़ान) को सोमवार को चीनी लड़ाकू विमानों ने रोक लिया। अंतर्राष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में पूर्वी चीन सागर के ऊपर उड़ान भरते हुए चीनी युद्धक विमान कथित तौर पर कनाडाई विमान के पांच मीटर के भीतर आ गए। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, एक कनाडाई जनरल ने चीनी वायु सेना की आलोचना की है। उन्होंने बताया कि एक चीनी लड़ाकू जेट ने कनाडाई गश्ती विमान का रास्ता काट दिया और ऊपर से फ्लेयर गिराए। सोमवार को इस प्रकरण की रिपोर्ट ग्लोबल न्यूज ने की थी। इस कनाडाई निगरानी विमान पर पत्रकार सवार थे। इसमें कहा गया है कि चीनी लड़ाकू विमान कनाडाई विमान के 5 मीटर (5.5 गज) के दायरे में उड़ रहे थे।

मेजर-जनरल इयान हडलस्टन ने कनाडाई समाचार आउटलेट को बताया, वे (चीनी जहाज) बहुत आक्रामक हो गए थे। एक हद तक हम इसे असुरक्षित और गैर-पेशेवर मानेंगे। उन्होंने कहा कि कनाडा नहीं चाहता था कि कोई भी अप्रिय घटना हो जिसके परिणामस्वरूप लोगों की जान जाए। वहीं चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने मंगलवार को बीजिंग में एक नियमित प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि बीजिंग ने दक्षिण चीन सागर में हुई घटना पर ओटावा के साथ एक राजनयिक शिकायत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में कनाडाई विमानों ने चीन के खिलाफ टोह ली है।

चीनी प्रवक्ता ने कहा, कनाडा के हवाई जहाजों ने चीन के दरवाजे पर मुसीबत खड़ी कर दी है। कनाडा को तथ्यों का सम्मान करना चाहिए और झूठी जानकारी फैलाना बंद करना चाहिए। इसके अलावा, चीन के रक्षा मंत्रालय ने कोई बयान जारी नहीं किया है। यह घटना चीन के डर को दर्शाती है। चीन अपने तटों के पास दूसरे देशों के विमानों के उड़ने पर बेहद सख्ती दिखाता रहा है भले ही वे अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में ही क्यों न हों। मई में, अमेरिकी रक्षा विभाग ने कहा था कि दक्षिण चीन सागर के ऊपर अमेरिकी टोही विमान के सामने एक चीनी लड़ाकू जेट ने अनावश्यक रूप से आक्रामक व्यवहार दिखाया। पिछले साल भी, चीनी लड़ाकों ने कथित तौर पर इसी क्षेत्र में कनाडाई विमानों को भगा दिया था और ऑस्ट्रेलियाई विमानों के सामने एल्यूमीनियम के छोटे टुकड़े छोड़े थे। चीन पूरे दक्षिण चीन



सागर पर अपना दावा करता है। 2001 में अमेरिकी नौसेना का एक निगरानी विमान एक चीनी लड़ाकू विमान से टकरा गया था। जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसका पायलट कभी नहीं मिला। वहीं जब अमेरिकी नौसेना का ईपी-3 दक्षिणी चीनी द्वीप हैनान पर उतरा था, तो इससे दस दिनों तक गतिरोध पैदा हुआ जिसके बाद 24 अमेरिकी चालक दल के सदस्यों को अंततः रिहा कर दिया गया।

कनाडा ने कहा कि सोमवार को हुई घटना में शामिल विमान का 13 सदस्यीय चालक दल संयुक्त राष्ट्र के एक मिशन का हिस्सा था। इसका उद्देश्य परमाणु हथियार कार्यक्रम को समाप्त करने के वास्ते प्रोत्साहित करने के लिए उत्तर कोरिया के खिलाफ प्रतिबंध लागू करना था।

ओटावा के अनुसार, मिशन में जापान, फ्रांस और अमेरिका शामिल हैं। इसका उद्देश्य चोरी गतिविधियों, विशेष रूप से ईंधन और अन्य वस्तुओं के जहाज-से-जहाज हस्तांतरण में का पता लगाना है।

# कनाडा में हिंदूफोबिया के खिलाफ कानून की मांग तेज, समर्थन में हुजूम, अभियान तेज

**ओटावा।** कनाडा में हिंदूफोबिया के खिलाफ शुरू की गई पेटिशन को जबर्दस्त समर्थन मिला है। इसके पक्ष में 25 हजार लोगों ने सिग्नेचर किया है, जबकि सरकार के पास भेजने के लिए इसे मात्र 500 लोगों के सिग्नेचर की ही जरूरत थी। यह पेटिशन 19 जुलाई को लांच की गई थी और मंगलवार को इसका आखिरी दिन था। इसे सिविल एंड ह्यूमन राइट्स कैटेगरी में रखा गया था। इस पेटिशन को सांसद मेलिसा लैंट्समैन लेकर आई थीं, जो चिंता का विषय इस याचिका की शुरुआत एक भारतीय-कनाडाई संस्थान, कनाडियन ऑर्गेनाइजेशन फॉर हिंदू हेरिटेज एजुकेशन द्वारा की गई थी। याचिका को मिले रिस्पांस पर खुशी जताते हुए संस्थान के निदेशकों में से एक विजय जैन ने कहा कि यह अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की पहली याचिका है। इसके पक्ष में 25000 से अधिक लोगों के सिग्नेचर, जो कुल आबादी का 2.5 प्रतिशत से अधिक है, यह दर्शाता है कि यह बड़ी चिंता का विषय है। हम समुदाय से इस तरह की शानदार भागीदारी देखकर बहुत खुश हैं। यह अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के मानवाधिकारों का मामला है।



**ब्रैम्पटन में पास हो चुका है प्रस्ताव-** जैन ने आगे कहा कि इस साल की शुरुआत में ब्रैम्पटन में नगर परिषद ने सर्वसम्मति से हिंदूफोबिया को मान्यता देने वाला एक ऐसा ही प्रस्ताव पारित किया था। उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि यह संघीय संसद में भी पारित हो जाएगा। याचिका में सदन से मांग की गई है कि हिंदूफोबिया को मानवाधिकार संहिता की शब्दावली में एक शब्द के रूप में मान्यता दी जाए। इससे हिंदू विरोधी पूर्वाग्रह और भेदभाव का वर्णन किया जा सकेगा। इसके अलावा हिंदूफोबिया को हिंदुओं, हिंदू धर्म या हिंदुत्व के खिलाफ इनकार, निषेध, पूर्वाग्रह या अपमान के रूप में परिभाषित किया जा सके। साथ ही इसको लेकर जागरूकता बढ़ाई जा सके और सिस्टम या संस्थान में हिंदूफोबिया पर ध्यान दिया जा सके।

**पन्नू के वीडियो के बाद पकड़ा जोर-** इस याचिका ने तब जोर पकड़ा जब अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस द्वारा पिछले महीने भारतीय मूल के कनाडाई हिंदुओं को निशाना बनाते हुए एक वीडियो जारी किया गया। वायरल वीडियो में एसएफजे के वकील गुरपतवंत पन्नू इंडो-हिंदू कनाडा छोड़ दो, भारत जाओ की बातें कह रहा था। पन्नू ने आगे कहा कि आप न केवल भारत का समर्थन करते हैं बल्कि खालिस्तान समर्थक सिखों के भाषण और अभिव्यक्ति के दमन का भी समर्थन कर रहे हैं। साथ ही निज्जर की हत्या का जश्न मनाकर हिंसा को भी बढ़ावा दे रहे हैं। एसएफजे के वीडियो के अलावा, कई उदाहरण हैं जब कनाडा में मंदिरों और भारत के वरिष्ठ राजनयिकों को निशाना बनाया गया।

## सुडोकू 6350


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 3 | | 9 | 8 | 1 | | |
| | | 2 | | 5 | 3 | 8 | | 7 |
| 5 | | 8 | 7 | | | | 2 | |
| 6 | | | | | 9 | | 5 | |
| | 3 | 4 | | | | 6 | 7 | |
| | 1 | | 4 | | | | | 2 |
| | 7 | | | | 2 | 5 | | 4 |
| 2 | | 9 | 5 | 4 | | 7 | | |
| | | 6 | 9 | 3 | | 2 | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गो का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6350




**बायें से दायें:-**

१. पहिये आदि के बीच का भाग, केन्द्र, धुरी, नाभि
३. जिसे उसके पद से हटा दिया गया हो
५. पेट, जठर
६. मनोरंजक दृश्य,खेल आदि
७. संदेहास्पद (उर्दू)
८. ठुकराना, ठोकर लगाना (मुहावरा)
१३. बदचलन, पतित
१५. माफ किया गया
१६. जौहरी, श्रृंगार रस, पारा
१७. प्रार्थना, निवेदन
१८. किंचित, थोड़ा
२०. कृषक, किसान
२२. फायदेमंद
२३. थकान, शारीरिक शिथिलता

**ऊपर से नीचे:-**

१. एक तरह का बड़ा नींबू
२. मदिरालय (उर्दू)
३. भले-बुरे को पहचानना, समझना
४. नटना
५. बराबरी, तुलना
९. लेखादि का विषय (उर्दू)
१० गर्व, नाज
१२. पेड़, तरू
१३. भीतरी, अंदरूनी
१४. अपरिमित (उर्दू)
१७. जहरीला
१९. बेजान. निष्प्राण
२०. अफसोस, दुख
२१. एक प्रकार का वाहन

### वर्ग पहेली-6349



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**रिपोर्ट** *चुनावी राज्य मिजोरम को लेकर एडीआर की रिपोर्ट में खुलासा*

# 39 में से 35 विधायक करोड़पति, विस में एक भी महिला विधायक नहीं

■ डा.कला अय्यर

**नई दिल्ली, (देशबन्धु)। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मिजोरम इलेक्शन वॉच द्वारा सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मिजोरम के मौजूदा विधायकों में से कम से कम 35 विधायक ( विधानसभा के सदस्य) करोड़पति हैं। सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के 27 में से।**

23 (85 फीसदी) विधायकों ने 1 करोड़ से अधिक की संपत्ति घोषित की है। ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी विधायक करोड़पति हैं। सबसे अधिक नेटवर्थ वाले विधायक एमएनएफ के रॉबर्ट रोमाविया रॉयटे हैं, जिनकी संपत्ति लगभग 44.75 करोड़ है। एमएनएफ के रामथन माविया की कुल संपत्ति लगभग 17 करोड़ है और ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट के लालछुआनथंगा ने 13 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। सबसे कम नेटवर्थ वाले विधायक टीजे लालनंटलुआंगा हैं, जिनकी



■ **मिजोरम विस चुनाव सात नवंबर को होंगे**

संपत्ति 43.6 लाख है। मिजोरम के एक मौजूदा विधायक की संपत्ति की औसत कीमत 4.8 करोड़ है। यह आंकड़ा कांग्रेस विधायकों के लिए सबसे अधिक है, जिनके पास औसतन 5.13 करोड़ की संपत्ति है, जबकि भाजपा के लिए यह सबसे कम है, जिनके एक विधायक की औसत संपत्ति 3.31 करोड़ है।

आगामी मिजोरम विधानसभा चुनाव 7 नवंबर को होंगे और मतगणना 3 दिसंबर को होगी। सत्तारूढ़ एमएनएफ, जो भाजपा के नेतृत्व वाले नॉर्थ-ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस (एनईडीए) का हिस्सा है, को ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम), कांग्रेस और भाजपा द्वारा चुनौती दी जाएगी। विश्लेषण किए गए 27 एमएनएफ विधायकों की प्रति विधायक औसत संपत्ति 4.99 करोड़ रुपए है, जबकि विश्लेषण किए गए छह जेडपीएम नेताओं की प्रति विधायक औसत संपत्ति 3.89 करोड़ रुपए है, विश्लेषण किए गए पांच कांग्रेस विधायकों की प्रति विधायक औसत संपत्ति 5.13 करोड़ रुपए है और एक भाजपा विधायक की संपत्ति 3.31 करोड़ रुपये है। मिजोरम में सबसे अमीर विधायक रॉबर्ट रोमाविया रॉयटे एमएनएफ आइजोल से हैं, जो दक्षिण विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं, उनकी संपत्ति 44.74 करोड़ रुपये है। रॉयटे के बाद 16.98 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ एमएनएफ विधायक रामथनमाविया हैं। वह पूर्वी तुईपुई की विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। विधायक जेडपीएम के लालछुआनथंगा ने 12.94 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि 27 विधायकों ने अपने हलफनामे में देनदारियों की घोषणा की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नौ (23 प्रतिशत) विधायकों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता पांचवीं पास और 12वीं पास के बीच घोषित की है। जबकि 29 (74 प्रतिशत) विधायकों ने स्नातक या उससे ऊपर की शैक्षणिक योग्यता घोषित की है। इसमें कहा गया है, एक विधायक डिप्लोमा धारक है। तीन (8 प्रतिशत) विधायकों ने अपनी उम्र 30 से 40 साल के बीच घोषित की है, जबकि 26 (66 प्रतिशत) विधायकों ने अपनी उम्र 41 से 60 साल के बीच घोषित की है।

# खेल जगत

## पेरू अर्जेंटीना मुकाबले में मेसी का खेलना संदिग्ध

**लीमा।** नेशनल स्टेडियम में बुधवार को खेले जाने वाले पेरू बनाम अर्जेंटीना फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफाइंग मुकाबले लियोनेल मेसी का खेलना संदिग्ध है। मेसी (36) को हाल दाहिने पैर की मांसपेशियों में दर्द के कारण इंटर मियामी क्लब के लिए कई एमएलएस मैचों से बाहर कर दिया गया है। मेसी ने कल होने वाले मुकाबले से पूर्व अभ्यास में भी भाग नहीं लिया है। अगर मेसी कल होने वाले मुकाबले में खेलते है तो कोच लियोनेल स्कालोनी को जूलियन अल्वारेज या लुटारो मार्टिनेज में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ सकता है। पेरू क्वालीफाइंग में अपने दो मैच हार चुका है। खिलाड़ी और कोच जुआन रेनोसो जानते हैं कि विश्व कप चैंपियन के खिलाफ उन्हें कहीं अधिक कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।



# निसंक-कुशल परेरा की शतकीय भागीदारी श्रीलंका के काम न आई

■ जम्पा के गेंद से 'चौके', मार्श व इंग्लिश के अर्द्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया की पहली जीत

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली।** पथुम निसंक और कुशल परेरा की सलामी जोड़ी की तेज शतकीय भागीदारी भी श्रीलंका के काम नहीं आई। मैन ऑफ द' मैच तुरुप के लेग स्पिनर एडम जम्पा (4/47) के बुने स्पिन के जाल तथा सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श और जोश इंग्लिश के तेज अर्द्धशतकों की बदौलत पांच बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को लखनउ में सोमवार को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 में ) पांच विकेट से करारी शिकस्त दे तीन मैचों में पहली जीत दर्ज की। वहीं श्रीलंका की यह तीन मैचों में तीसरी हार है। पथुम निसंक (61 रन, 67गेंद, 8 चौके) और कुशल परेरा (78 रन, 82 गेंद, 12 चौके) की सलामी जोड़ी ने आक्रामक अंदाज में आगाज कर 21.4 ओवर 125 रन जोड़ श्रीलंका को मजबूत शुरुआत दी। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस (2/36) ने अपने शुरू के तीन ओवर में पहले निसंक और फिर कुशल परेरा को आउट कर %जहाज' में ऐसा छेद किया कि सबसे लेग स्पिनर एडम जम्पा (4/47)ने इसका लाभ उठा लय वापस पाते हुए श्रीलंका को 43.3 ओवर में मात्र 209 रन पर ढेर कर दिया। निसंक और कुशल परेरा के साथ अकेले चरित असलंका (25 रन, 39 गेंद, एक छक्का) ने अंतिम बल्लेबाज के रूप में आउट होने से भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकना क्रिकेट स्टेडिशम में ऑफ स्पिनर ग्लेन मैक्सवेल की गेंद को स्लॉग स्वीप करने की कोशिश में मरनस लबुशेन को कैच थमाने से पहले मैदान पर टिकने की मंशा दिखाई। जवाब में सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (52 रन,51 गेंद, नौ चौके ) और जोश इंग्लिश (58 रन, 59 एक छक्का, पांच चौके) के तेज अर्द्धशतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 35.2 ओवर में पांच विकेट पर 215 रन बनाकर मैच जीत लिया। मरकस स्टोइनस ने पारी के 36 वें तथा बाएं हाथ के स्पिनर दिनुथ वेलागे के दसवें व आखिरी ओवर की दूसरी गेंद पर छक्का जड़ कर 88 गेदों के बाकी रहते ऑस्ट्रेलिया को मौजूदा विश्व कप की पहली जीत दिलाई। ग्लेन मैक्सवेल 21 गेंद दो छक्कों और चार चौको की मदद से 31 तथा स्टोइनस 10 गेंद खेल एक छक्के और दो चौकों 20 रन बनाकर नॉटआउट रहे और इन दोनों छठे विकेट के लिए 23 रन की असमाप्त भागीदारी की। श्रीलंका के सबसे कामयाब तेज गेंदबाज दिलशान मधुशंका (3/38) ने अपने दूसरे ओवर की पहली नीची गेंद पर पहले डेविड वॉर्नर(11 रन, 6 गेंद,एक छक्का)को फिर इसी ओवर की अंतिम नीची रहती गेंद को खेलने से चूक एलबीडब्ल्यू आउट हुए और ऑस्ट्रेलिया अपने शुरू के दो विकेट चार ओवर में 24 रन पर गंवा गहरे संकट मे दिखी। मार्श ने बेवजह मुश्किल दूसरा रन चुराने के फेर में मरनस लबुशेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 57 रन जोड़े। जमते दिख रहे लबुशेन (40 रन, ) ने मधुशंका की ऑफ स्टंप के बाहर शॉर्ट गेंद को उड़ाने के फेर में मिडविकेट पर करुणा रत्ने को कैच थमाया और ऑस्ट्रेलिया ने चौथा विकेट 29 वें ओवर में 156 पर खोया। इंग्लिश पारी के 34 वें ओवर में बाएं हाथ के दिनुथ वेलागे की धीमी गेंद को उड़ाने के फेर में तीक्ष्णा को कवर में कैच जब पांचवें बल्लेबाज के रूप में आउट होकर पैवेलियन लौटे तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर पांच 192 रन था।

निसंक ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस की शॉर्ट गेंद को हुक करने की कोशिश की और डेविड वॉर्नर ने दौड़ते हुए डीप स्क्वॉयर लेग पर कैच करा 22 वें ओवर में उनकी खतरनाक होती भागीदारी को तोड़ श्रीलंका को 125 पर श्रीलंका का पहला विकेट चटकाया। पांच ओवर बाद कमिंस ने अपनी कोण बना कर तेजी से अंदर आती गेंद पर बोल्ड कर श्रीलंका की सलामी जोड़ी को 157 रन पर पैवेलियन लौटाया। लेग स्पिनर एडम जम्पा ने अगले ओवर में अपनी गेंद की लेंग्थ को कुछ खींचा श्रीलंका के कप्तान कुशल मेंडिस (9) इसे ड्राइव करने गए और वॉर्नर ने अपने घुटनों पर डीप मिड विकेट पर एक और शानदार कैच लपक उसका स्कोर तीन विकेट पर 165 रन कर दिया। श्रीलंका के स्कोर में नौ रन ही और जुड़े थे कि जंपा के अगले ओवर मे सदीरा समरविक्रमा (8) लेग ब्रेक के लिए खेले लेकिन गेंद सीधे उनके पैड पर पड़ी और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट घोषित किया। श्रीलंका ने जब 32.1 ओवर में चार विकेट पर 178 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोके दिया गया और तब धनंजय डिसिल्वा सात और चरित असलंका चार रन पर खेल रहे थे।

बारिश के कारण खेल शुरू होने पर स्टार्क के ओवर की तीसरी गेंद को धनंजय डिसिल्वा ने कट करने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके बल्ले को लगकर उनका विकेट उड़ा ले गई और श्रीलंका 32.3 ओवर में पांचवां विकेट मात्र 178 पर खो गहरे संकट में फंस गई। दिनथ वेलागे(2) पारी के 35 वें ओवर रन आउट हुए और जम्पा ने अपने दो ओवर में पहले चमिका करुणारत्ने (2) और महिश तीक्ष्णा (0) को एलबीडब्ल्यू आउट कर श्रीलंका का स्कोर 40 ओवर में आठ विकेट पर 199 रन कर दिया और स्कोर में पांच ही और जुड़े थे कि लाहिरी कुमार(4) को मिचेल स्टार्क ने बोल्ड किया और असलंका को मैक्सवेल ने लबुशेन के हाथों कैच करा उसकी पारी 43.3 ओवर में समेट दी।

# लौरा वोल्वार्ड्ट आईसीसी महिला टी-20 बल्लेबाजी की सर्वश्रेष्ठ रैकिंग के करीब



**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी संभालने के बाद सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) महिला टी-20 बल्लेबाजी में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के करीब पहुंच गई हैं। वोल्वार्ड्ट ने पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम की कमान संभाली है, लेकिन इस अतिरिक्त जिम्मेदारी ने उनकी बल्लेबाजी को प्रभावित नहीं होने दिया।

दक्षिण अफ्रीकी 24 वर्षीय खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम दो टी-20 में 53 और 24 रन बनाए और कुछ समय के लिए अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 712 अंक हासिल कर ली, जबकि बारिश से प्रभावित श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर रही थी। जिससे वोल्वार्ड्ट अपने सर्वश्रेष्ठ 712 रेटिंग से 710 पर वापस आ गयी है, लेकिन टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में अभी भी एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर है।

आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दाएं हाथ की बल्लेबाज ने दक्षिण अफ्रीका के लिए अंतरिम कप्तान बनने के बाद से पांच टी-20 पारियों में 46.8 की औसत और 123.2 की स्ट्राइक रेट से 234 रन बनाए हैं। न्यूजीलैंड की अमेलिया केर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 70 और 61 रनों की पारी के बाद तीन पायदान की छलांग लगाकर 14वें स्थान पर पहुंच गई हैं इस युवा खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी मिला।

ऑस्ट्रेलिया की हरफनमौला खिलाड़ी ताहलिया मैकग्राथ 794 रेटिंग अंकों के साथ टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं और दूसरे स्थान पर टीम की साथी बेथ मूनी से 30 अंक आगे हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेक म्लाबा दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं। जो कि एक्लेस्टोन से 27 अंक पीछे हैं। एक्लेस्टोन 765 अंक के साथ शीर्ष पर बनी हुई है।

न्यूजीलैंड की अनुभवी ली ताहुहू ने पांचवें टी-20 में वोल्वार्ड्ट और तज़मिन ब्रिट्स के बेशकीमती विकेटों सहित 2/20 लेकर अपने मौके का भरपूर फायदा मिला है। न्यूलीलैंड की 33 वर्षीय इस तेज गेंदबाज ने टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में चार ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गयी है।हालांकि दक्षिण अफ्रीका महिला टीम 20 ओवर के प्रारूप पर ध्यान केंद्रित कर रही थीं। एकदिवसीय ऑलराउंडर रैंकिंग में एशले गार्डनर से मैरिज़ेन कप्प ने शीर्ष स्थान छीन लिया है। ऑस्ट्रेलिया की डायनेमो को 14 अंक का नुकसान हुआ और वह ऑलराउंडर रैंकिंग में एक स्थान गिरकर दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है।

इंग्लैंड की स्पिनर एक्लेस्टोन ने सफेद गेंद की रैंकिंग में अपना दबदबा कायम रखा है और आईसीसी महिला एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में अभी भी शीर्ष स्थान पर है।

# अफगानिस्तान से न्यूजीलैंड को रहना होगा सतर्क



**चेन्नई।** आईसीसी विश्वकप में शानदार फार्म में चल रही न्यूजीलैंड को बुधवार को चेपॉक में खेले जाने वाले 16वें मुकाबले में अफगानिस्तान से सतर्क रहना होगा।

एकदिवसीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच अबतक दो मैच खेले गए हैं और दोनों ही मैच न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की हैं। वही विश्वकप इतिहास में दोनों टीमें दो बार भिड़ी है और दोनों बार न्यूजीलैंड विजयी रहा है।

इसे देखते हुए न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी नजर आता है। लेकिन अफगानिस्तान ने अपने पिछले मैच में इंग्लैंड को 69 रनों से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर करते हुए पहली जीत हासिल की है। यह विश्वकप इतिहास में उसकी दूसरी जीत है। इसे देखते हुए न्यूजीलैंड को सतर्क रहने की आवश्यकता होगी। अफगानिस्तान ने इंग्लैंड के साथ हुए पिछले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए रहमानुल्लाह गुरबाज 80 रन और इकरम अलीखिल 58 रनों की पारी बदौलत 49.5 ओवरों में 284 बनाये थे। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड 40.3 ओवरों में 215 रनों पर ऑलआउट कर अपनी पहली जीत दर्ज की थी। अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान और मुजीब उर रहमान ने सर्वाधिक 3-3 विकेट और मोहम्मद नबी ने दो विकेट हासिल किये। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम भी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन रहा है। टीम ने अपने तीनों ही मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की है। लेकिन बंगलादेश के खिलाफ हुए मुकाबले में उंगली में चोट लगने के कारण केन विलियम्सन बाहर हो चुके हैं। ऐसे में अगले मुकाबले में न्यूजीलैंड टीम की कमान टॉम लैथम के हाथों में होगी।

न्यूजीलैंड ने बंगलादेश को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी थी। बंगलादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 245 रन बनाये थे। मुश्फिकुर रहीम ने सर्वाधिक 66 रनों की पारी टीम के लिए खेली थी। लॉकी फर्गुयसन ने सर्वाधिक तीन विकेट लिये। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए डेवोन कॉनवे के (45 रन), केन विलियम्सन (78 रन) और डेरिल मिशेल के नाबाद 89 रनों की पारी की बदौलत जीत दर्ज की थी। जानकारों के अनुसार एमए. चिदंबरम स्टेडियम, चेपॉक के पिच काफी ज्यादा धीमी है। जिसके चलते यहां स्पिनरों को काफी ज्यादा मदद मिलती है। इस पिच पर टॉस जीतकर टीम पहले बल्लेबाजी करना बेहतर हो सकती है।

# रोहित शर्मा भारत के लिए आदर्श कप्तान : पोंटिंग



मुंबई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा घरेलू धरती पर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में भारत के लिए आदर्श कप्तान हैं। पोंटिंग ने कहा कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर जोरदार जीत के साथ अपने क्रिकेट विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत की है।

तीन जीतों के साथ अंक तालिका में भारत शीर्ष पर है। रोहित ने मेजबान टीम को उत्साही प्रशंसकों के सामने खेलने के दौरान आने वाले अतिरिक्त दबाव की चिंता से मुक्त कर दिया है। उन्होंने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को घरेलू समर्थन के बीच भारत के लिए आगे बढ़ने की कुंजी बताया है। पोंटिंग ने आईसीसी को बताया, वह (रोहित) बहुत शांत स्वभाव का है। वह जो कुछ भी करता है उसमें बहुत शांत रहता है। आप उसके खेलने के तरीके से भी यह देख सकते हैं। वह काफी शांत स्वभाव का बल्लेबाज भी है और मैदान के अंदर और बाहर भी वह इसी तरह का है। उन्होंने कहा, हम चुपचाप बैठकर यह नहीं कह सकते कि किसी स्तर पर दबाव उन पर हावी नहीं होगा, या इसका उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि यह टूर्नामेंट की विशालता के साथ होगा। लेकिन वह इसे स्वीकार करेंगे और सामना करेंगे।

उन्होंने कहा कि विश्व कप में भारत का नेतृत्व करने के लिए रोहित सबसे अच्छे व्यक्ति हैं जिससे कोहली को बल्ले से अपनी प्रमुख भूमिका पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने कहा, विराट जैसा कोई व्यक्ति, जो थोड़ा अधिक दिल से काम करता है और शायद प्रशंसकों की बात सुनता है और प्रशंसकों के साथ थोड़ा अधिक खेलता है, उनके व्यक्तित्व वाले किसी व्यक्ति के लिए यह शायद थोड़ा कठिन होगा। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे लगता है कि रोहित को इससे कोई दिक्कत नहीं होगी। वह एक शानदार व्यक्ति हैं और लंबे समय से एक महान खिलाड़ी रहे हैं और उन्होंने भारत के कप्तान के रूप में बहुत अच्छा काम किया है।

# पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले आश्वस्त महसूस कर रहे हैं एडम जम्पा

बेंगलुरू। ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम ज़म्पा ने गेंद से चमकते हुए श्रीलंका के खिलाफ चार विकेट लेकर मौजूदा आईसीसी वनडे विश्व कप में लगातार दो हार के बाद ऑस्ट्रेलिया को बेहद जरूरी जीत दिलाई। लगातार हार से उबरते हुए, पांच बार का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 1996 के चैंपियन श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट की जीत के बाद अंक तालिका में सबसे नीचे से आठवें स्थान पर चला गया।

श्रीलंका के खिलाफ जीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जम्पा ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी योजनाओं का खुलासा किया. ज़म्पा ने कहा, मुझे बस अपना विकेट लेने का रवैया बनाए रखने की कोशिश करनी है क्योंकि यही मेरे लिए काम करता है, चाहे मैं रन बनाऊं या नहीं। उन्होंने कहा, हमें पाकिस्तान के खिलाफ अगला कठिन मुकाबला खेलना है, लेकिन मैं अपने लिए चीजें समान रखने की कोशिश करूंगा। ज़म्पा ने 4-47 विकेट के साथ प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता और गेंदबाजी करते समय अपनी परेशानी का खुलासा किया।

इस विश्व कप में जम्पा का गेंद के साथ सफर अच्छा नहीं रहा। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ एक विकेट लिया और भारत के खिलाफ उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। श्रीलंका के खिलाफ गेंद के साथ उनके प्रदर्शन में कुछ सुधार हुआ और ऑस्ट्रेलिया का अभियान पटरी पर आ गया। 31 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा था। मुझे पिछले कुछ दिनों से पीठ की ऐंठन से परेशानी हो रही थी, इसलिए यह बस उससे उबरने की कोशिश करने के बारे में था।

# सिंधु ने गिल्मर को हराकर डेनमार्क ओपन के अगले राउंड में पहुंची



**ओडेंस।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने मंगलवार को डेनमार्क ओपन 2023 महिला एकल के राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को हराकर अगले राउंड में पहुंच गयी हैं। ओडेंस के जिस्के बैंक एरीना में खेले गये मुकाबले मे 12वीं रैंकिंग वाली पीवी सिंधु ने दुनिया की 28वें नंबर की स्कॉटिश शटलर के खिलाफ 21-14, 18-21, 21-10 से जीत हासिल की।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु तीसरे गेम में पूरी तरह से हावी रही और गिल्मर पर अपनी दूसरी जीत हासिल की। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बुधवार को बीडब्ल्युएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 में इंडोनेशियाई सातवीं वरीयता प्राप्त ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से भिड़ेंगी। तुनजुंग ने इस साल की शुरुआत में स्पेन मास्टर्स फाइनल में सिंधु को हराया था। पिछले सप्ताह आर्कटिक ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली सिंधु ने अच्छी शुरुआत करते हुए शुरुआती गेम में बढ़त हासिल कर ली। हालांकि, गिल्मर ने दूसरे गेम में वापसी की और भारतीय शटलर की कोशिशों के बावजूद मैच को तीसरे और निर्णायक गेम तक ले जाने में सफल रहीं। टूर्नामेंट में देर से जगह बनाने वाली आकर्षी कश्यप ने भी महिला एकल प्रतियोगिता में अगले राउंड में प्रवेश किया। दुनिया की 38वें नंबर की भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने जर्मनी की यवोन ली को 10-21, 22-20, 21-12 से हराया। वहीं पुरुष एकल में, किदांबी श्रीकांत पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के वेंग होंग यांग से 21-19, 10-21, 16-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यह पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी की इस साल खेले गए 15 बीडब्ल्युएफ वर्ल्ड टूर टूर्नामेंट में शुरुआती दौर में सातवीं हार थी।

लक्ष्य सेन आज शाम को पुरुष एकल मुकाबले में एक्शन में नज़र आएंगे। मौजूदा पुरुष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को अपने पहले राउंड में मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी से खेलने के लिए रखा गया था। हालांकि, भारतीय जोड़ी ने अंतिम पलों में अपना नाम वापस ले लिया, जिससे उनके विरोधियों को वॉकओवर मिल गया। भारतीय महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद और पुरुष युगल जोड़ी एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने भी टूर्नामेंट शुरू होने से पहले नाम वापस ले लिया।

# विश्व कप के शुरुआती चरण में स्पिनरों का बोलबाला

**नई दिल्ली।** अगर कोई एक विषय है जो 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के शुरुआती चरण से सामने आता है, तो वह है कि अगर टीमों को टूर्नामेंट में मैच जीतना है और आगे बढ़ना है तो स्पिनरों का एक महत्वपूर्ण परीक्षण बनकर उभरना है। विश्व कप के आधिकारिक विश्लेषण प्रदाता क्रिकविज़ द्वारा आईएएनएस को दिए गए टूर्नामेंट के 15 मैचों के आंकड़ों के अनुसार, कुछ पैटर्न उभर कर सामने आए हैं जिसमें ऑफ-स्पिन और ऑर्थोडॉक्स स्पिन हावी हैं, इसके बाद लेग-स्पिन और अपरंपरागत स्पिन हैं।

यदि 2020 तक, कलाई के स्पिनर एकदिवसीय मैचों में धमाल मचाने लगेंगे, तो 2023 विश्व कप में ऑफ-स्पिन और ऑर्थोडॉक्स स्पिन वापस तस्वीर में आ जाएंगे और इसमें प्रमुख स्थान ले लेंगे। अब तक, ऑफ स्पिनरों ने 39.22 की औसत, 42.6 की स्ट्राइक-रेट और 5.51 की इकोनॉमी रेट और 47.5त्न की डॉट-बॉल प्रतिशत के साथ 27 विकेट लिए हैं। दूसरी ओर, रूढ़िवादी स्पिनरों ने 34.93 की औसत से 29 विकेट लिए हैं, जिसमें 40.4 की स्ट्राइक-रेट और 5.18 की इकॉनोमी दर, साथ ही 48.7 की डॉट-बॉल प्रतिशत शामिल है।

इसकी तुलना में, लेग स्पिनरों ने 36.61 के औसत, 39.1 के स्ट्राइक-रेट और 5.6 के इकॉनमी रेट के साथ 18 विकेट हासिल किए हैं, जिसमें उनका डॉट-बॉल प्रतिशत 43.2 है। अपरंपरागत स्पिन की बात करें, जो एक दुर्लभ प्रजाति है, उन्होंने 22.14 की औसत से सात विकेट लिए हैं, स्ट्राइक रेट 32.4 और इकोनॉमी रेट 4.09 है, उनका डॉट-बॉल प्रतिशत 56.3 है। ऑफ-स्पिन और ऑर्थोडॉक्स गेंदबाजों के बेहतर परिणाम विश्व कप में अग्रणी विकेट लेने वालों की सूची में भी प्रतिबिंबित होते हैं- न्यूजीलैंड के मिशेल सैंटर, बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर, आठ विकेट लेकर संयुक्त रूप से अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, उनके बाद दूसरे स्थान पर भारत के रवींद्र जड़ेजा हैं जिन्होंने पांच विकेट लिए और बाएं हाथ के अपरंपरागत स्पिनर कुलदीप यादव ने भी इतने ही विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड ने सेंटनर को बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रचिन रवींद्र और अंशकालिक ऑफ स्पिन ग्लेन फिलिप्स के साथ जोड़ा है। भारत ने मुख्य रूप से जडेजा और कुलदीप का उपयोग किया है, जिसमें शीर्ष ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को आखिरी मिनट में प्रवेश मिला है, जबकि नीदरलैंड ने लेग स्पिनर शारिज़ अहमद के स्थान पर ऑफ-ब्रेक गेंदबाज आर्यन दत्त का भी उपयोग किया है।



प्रतियोगिता के पहले सप्ताह में, पहली पारी में पिचें अधिक शुष्क थीं, जिसके परिणामस्वरूप खेल के उस चरण में स्पिनरों को बहुत सारे विकेट मिले। जब तक दूसरी पारी आई, रोशनी में लक्ष्य का पीछा करना आसान हो गया। उदाहरण के लिए, अहमदाबाद में टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में, न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने पहली पारी में पांच विकेट लिए और आसान रन चेज़ में इंग्लैंड के स्पिन आक्रमण को कोई विकेट नहीं दिया। धर्मशाला में एक दिन के खेल में, बांग्लादेश के स्पिनरों ने अफगानिस्तान के छह विकेट लिए और कम स्कोर का आसानी से पीछा किया। चेन्नई में दिन-रात के खेल में, भारत की स्पिन तिकड़ी जड़ेजा, कुलदीप और अश्विन ने पहली पारी में सामूहिक रूप से छह विकेट लिए और 2-3 से पिछड़ने के बावजूद मेजबान टीम ने लक्ष्य का पीछा पूरा किया, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एक भी विकेट नहीं ले सके। स्पिनरों के लिए दूसरी पारी में पटकथा बदलनी शुरू हुई जब सेंटनर ने पांच विकेट लेकर न्यूजीलैंड को नीदरलैंड पर 99 रन से जीत दिलाई।

## सार संक्षेप

### 13 वर्षीय अंगद ने लद्दाख में 19,024 फीट की ऊंचाई पर बनाया ट्रेनिंग का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** 13 वर्षीय छात्र अंगद ने 19,024 फीट की ऊंचाई पर सर्वाइबल व सैन्य ट्रैनिंग करके नेशनल रिकार्ड बनाया है। अंगद ने लद्दाख में विश्व के सबसे ऊंचे उमालिंगला क्षेत्र पर 19024 फीट पर सर्वाइबल व सैन्य ट्रैनिंग की है। इण्डिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड ने अंगद को यह राष्ट्रीय खिताब दिया है। इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड के मुताबिक यह बालक देश में सबसे कम उम्र का बच्चा है जिसने 19024 फीट (उमालिंग- ला दरी) की ऊंचाई पर रहकर बेहद कठिन ट्रेनिंग की है। विशेषज्ञों के मुताबिक भारत का उमालिंगला पास, हिमालय की कई ऊंची चोटियों के बेस कैम्प से भी अधिक ऊंचाई पर है। इसकी ऊंचाई 19024 फीट है। ऐसे स्थान पर ऑक्सीजन न के बराबर होती है और जरा सोचिए कैसे एक 13 वर्षीय बालक वहां रहकर 7 दिवसीय कठिन ट्रेनिंग करता है। अंगद के ट्रेनर्स का मानना है कि अपने माउंटेनियरिंग के कठोर कार्य से रोंगटे खड़े कर देने वाले 13 वर्षीय अंगद भारद्वाज ने भारत - चाइना बॉर्डर पर देश का मान बढ़ाया है। जिस ऊंचाई (19024 फीट) पर हवा भी ना पहुंचे, वहां अंगद ने पहुंच कर सबसे कम उम्र में सर्वाइवल ट्रेनिंग करके एक बेहद मुश्किल रिकॉर्ड इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड में दर्ज किया है। अंगद ने यह 7 दिवसीय ट्रेनिंग बॉर्डर रोड संस्थान के साथ की है। अंगद ने विषम परिस्थितियों व माइनस तापमान में बेहद कठोर ट्रेनिंग - रक्षा मंत्रालय के सीमा सड़क संगठन के साथ की तथा इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड में नया कीर्तिमान स्थापित किया।

### आईसीसी ने अफगानी खिलाड़ी रहमानुल्लाह गुरबाज को लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप लीग मैच के दौरान अपने बल्ले का अपमान करने और उसे कुर्सी पर पटकने के लिए अफगानिस्तान के खिलाड़ी रहमानुल्लाह गुरबाज़ को आधिकारिक फटकार लगाई है। इंग्लैंड के खिलाफ अफगानिस्तान की जीत के हीरो रहे रहमानुल्लाह गुरबाज़ को आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए दंडित किया गया था। अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो एक अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, ग्राउंड उपकरण या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग से संबंधित है। इसके अलावा, गुरबाज़ के अनुशासनात्मक

## सुडोकू 6349 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 |
| 5 | 4 | 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 8 | 7 |
| 8 | 1 | 2 | 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 5 |
| 6 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 1 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 |
| 7 | 5 | 9 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 2 |

SENSEX | BSE 66428.09 ▲ 261.16 | 19811.60 ▲ 79.75 | MCX Gold 59400 ▲ 234 | silver 71800 ▲ 763



# [ अर्थ जगत ]

## रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 83.24 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तीन पैसे की बढ़त के साथ 83.24 (अस्थायी) पर बंद हुआ। स्थानीय शेयर बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच रुपये ने एक सीमित दायरे में कारोबार किया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि सकारात्मक घरेलू बाजारों के कारण रुपया थोड़े सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहा है। हालांकि, मजबूत अमेरिकी डॉलर और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर चिंताओं से इसका लाभ सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.24 पर खुला।



## डाबर को 321 करोड़ रुपये के जीएसटी भुगतान को लेकर नोटिस

**नयी दिल्ली।** तेल, साबुन जैसे दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली डाबर को 320.60 करोड़ रुपये का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान करने का नोटिस मिला है। डाबर इंडिया ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी संबंधित प्राधिकरण के पास मामले को गुण-दोष के आधार पर चुनौती देगी। कंपनी ने कहा, डाबर को केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) अधिनियम, 2017 की धारा 74 (5) के तहत कर देनदारी के बारे में सूचना मिली है। इसमें जीएसटी के रूप में 320.60 करोड़ रुपये ब्याज और जुर्माने के साथ भुगतान करने की सलाह दी गयी है। ऐसा नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा।

## ट्राइडेंट ग्रुप के ठिकानों पर आयकर की दबिश

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग की ओर से ट्राइडेंट ग्रुप के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। यह छापेमारी देशभर में चल रही है। ट्राइडेंट ग्रुप यार्न, होम टेक्सटाइल, पेपर और स्टेशनरी, केमिकल्स और अडेप्टिव पावर के क्षेत्र में काम करता है, इसकी विनिर्माण सुविधाएं बुधनी, मध्य प्रदेश, बरनाला और धौला, पंजाब में स्थित हैं।

**जम्मू, कठुआ और पठानकोट में ईडी की कार्रवाई**- प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) धन शोधन निवारण अधिनियम के एक मामले में जम्मू, कठुआ और पठानकोट में विभिन्न स्थानों पर स्थित आरबी एजुकेशनल ट्रस्ट के आठ परिसरों पर तलाशी ले रहा है।

# चीनी भंडार न बताने पर सख्ती की तैयारी, लग सकती है स्टॉक लिमिट

*नई दिल्ली। चीनी का कारोबार करने वाली सभी संस्थाएं अगर कल यानी 17 अक्टूबर तक आधिकारिक पोर्टल पर अपने भंडार का खुलासा नहीं करती हैं तो केंद्र सरकार चीनी के व्यापार पर स्टॉक सीमा लगाने पर विचार कर सकती है। सूत्रों मुताबिक सरकार पहले 17 अक्टूबर तक भंडार का खुलासा नहीं करने वालों पर राज्य सरकार की कार्रवाई का इंतजार करेगी और उसके बाद भी अगर खुलासा संतोषजनक नहीं मिलता है तो व्यापक भंडार सीमा लगाई जा सकती है।*

सूत्रों का कहना है कि ‘ अधिकारी जो आंकड़े एकत्र कर रहे हैं जिन्होंने अपने चीनी के भंडार बता दिए हैं और जिन्होंने अब तक ऐसा नहीं किया है उन पर कार्रवाई पर विचार किया जा रहा है।’ उन्होंने कहा कि कुछ बड़े नाम हैं जो इस प्रक्रिया से दूर हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चीनी निर्यात पर प्रतिबंध 31 अक्टूबर के बाद अनिश्चितकाल तक बढ़ाया भी जा सकता है। उन्होंने कहा, ‘फिलहाल चीनी का निर्यात 31 अक्टूबर तक



प्रतिबंधित श्रेणी में है और उसके बाद हम इसे अनिश्चितकाल तक बढ़ा देंगे।’ दोनों निर्णय जाहिर तौर पर चीनी की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए लिए गए हैं। उत्पादन कम होने के कारण पिछले कुछ हफ्तों से चीनी के दाम बढ़ रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि सरकार का मानना है कि 2023-24 में चीनी का उत्पादन लगभग 3-3.1 करोड़ टन होने की उम्मीद है जो लगभग 2.8 करोड़ टन की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगा। 30 सितंबर 2023 को समाप्त हुए 2022-23 चीनी सीजन में भारत ने लगभग 3.3 करोड़ टन चीनी का उत्पादन किया है। भारत ने चीनी सीजन 2023-24 की शुरुआत 56 लाख टन चीनी के शुरुआती स्टॉक के साथ की। यह पिछले सीजन के 63 लाख टन चीनी के शुरुआती स्टॉक से थोड़ा कम था। इस वर्ष असामान्य रूप से लंबे और शुष्क अगस्त के कारण भारत के चीनी उत्पादन में गिरावट का अनुमान है। इस बीच, एक समाचार एजेंसी ने कल कहा था कि सरकार ने चीनी कारोबारियों को 17 अक्टूबर तक खाद्य मंत्रालय की वेबसाइट पर अपने भंडार की जानकारी देने के लिए अंतिम आदेश जारी किया है।

23 सितंबर को खाद्य मंत्रालय ने एक आदेश जारी कर सभी चीनी के सभी हितधारकों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और प्रोसेसरों को वेबसाइट पर साप्ताहिक रूप से अपने भंडार की अद्यतन स्थिति बताने का निर्देश दिया था।

मंत्रालय ने हितधारकों को पत्र लिखकर कहा था, ‘चीनी और वनस्पति तेल निदेशालय को कई ऐसे उदाहरण मिले हैं जहां इनमें से कई संस्थाओं के पास पर्याप्त मात्रा में चीनी के भंडार हैं, जिसकी जानकारी नहीं है।’

# शेयर बाजार में तीन दिन की गिरावट पर लगा ब्रेक, सेंसेक्स 261 अंक चढ़ा



*मुंबई। ग्लोबल मार्केट से मिले पॉजिटिव रुझानों और एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, विप्रो, टेक एम, एसबीआई, एक्सिस बैंक और टाइटन के शेयरों में तेजी के दम पर हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट के सिलसिले पर ब्रेक लग गया। दोनों फ्रंटलाइन इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में बढ़त दर्ज की गई।*

आज के कारोबार में सेंसेक्स 261 अंक मजबूत हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 80 अंकों की बढ़त दर्ज की गई। इस बीच, व्यापक बाजारों ने अपनी बढ़त का सिलसिला जारी रखा। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.3 फीसदी बढ़ा, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.6 फीसदी बढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 261.16 अंक यानी 0.39 फीसदी की बढ़त के साथ 66,428.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 66,559.82 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 66,309.18 तक आया। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी में भी 79.75 अंक यानी 0.4 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 19,811.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 19,849.75 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 19,775.65 तक आया।

**पावर ग्रिड बना सेंसेक्स का टॉप गेनर**- आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 22 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। पावर ग्रिड, कोटक बैंक, टेक महिंद्रा, आईटीसी और एनटीपीसी सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा पावर ग्रिड के शेयरों को हुआ। इसके शेयर 1.97 फीसदी चढ़े।

**इन शेयरों में आई गिरावट**- वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में 8 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक,टीसीएस और जेएसडब्ल्यू स्टील सेंसेक्स के टॉप लूजर्स रहे। सबसे ज्यादा नुकसान टाटा मोटर्स के शेयरों को हुआ। इसके शेयर 1.55 फीसदी गिर गए।

## एचजेडएल कंपनी से बाहर होगी सरकार, धीरे-धीरे बेचेगी अपनी हिस्सेदारी

*नई दिल्ली। सरकार, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में अपनी बची हुई हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में है। हिंदुस्तान जिंक में सरकार अपनी हिस्सेदारी धीरे-धीरे करके बेचेगी। इस हिस्सेदारी से सरकार अधिक से अधिक वैल्यू हासिल करना चाहती है। यह बात फाइनेंशियल एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में कही गई है। मौजूदा मार्केट प्राइस पर सरकार की हिस्सेदारी की वैल्यू करीब 40000 करोड़ रुपये है। हिंदुस्तान जिंक के शेयर मंगलवार को 321.15 रुपये पर बंद हुए हैं।*

**हिंदुस्तान जिंक में वेदांता की 64.92 प्रतिशत हिस्सेदारी**- हिंदुस्तान जिंक, वेदांता लिमिटेड की सहायक कंपनी है। हिंदुस्तान जिंक में वेदांता की हिस्सेदारी 64.92 पर्सेंट है। साल 2002-03 में देश की सबसे बड़ी जिंक माइनिंग को प्राइवेटाइज्ड किया गया था। कंपनी में सरकार की 29.54 पर्सेंट हिस्सेदारी को पब्लिक फ्लोट के रूप में कैटेगाइज्ड किया गया था। हालांकि, साल 2021 में वेदांता सरकार से बची हुई हिस्सेदारी खरीदने का केस हार गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को पब्लिक ऑफर्स के जरिए हिस्सेदारी बेचकर एग्जिट करने की अनुमति दी है।

**ऑफर फॉर सेल लाने की तैयारी में है सरकार**- हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के शेयरों का पहला (ऑफर फॉर सेल) लाने के लिए मर्चेंट बैंकर्स के साथ बातचीत चल रही है। ऑफर फॉर सेल चालू वित्त वर्ष में आ सकता है। हिंदुस्तान जिंक, देश की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक प्रॉड्यूसर है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी के माइन्ड मेटल प्रॉडक्शन में 1 पर्सेंट की मामूली गिरावट आई है। पिछले एक साल में हिंदुस्तान जिंक के शेयरों में करीब 15 पर्सेंट का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 18 अक्टूबर 2022 को 280.60 रुपये पर थे, जो कि 17 अक्टूबर 2023 को 321.15 रुपये पर बंद हुए हैं।

# आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक पर लगाया जुर्माना



*मुंबई। रिजर्व बैंक ने कुछ नियामकीय नियमों के उल्लंघन के लिए आईसीआईसीआई बैंक पर 12.19 करोड़ रुपये और कोटक महिंद्रा बैंक पर 3.95 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने नियामक अनुपालन में कमियों के लिए चार सहकारी बैंकों पर मौद्रिक जुर्माना लगाया है।*

**ये सहकारी बैंक हैं** - गुजरात मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, मकरपुरा इंडस्ट्रियल एस्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड और द सेवलिया अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड।

रिजर्व बैंक ने गुजरात मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, अहमदाबाद, गुजरात पर 4.50 लाख का मौद्रिक जुर्माना लगाया है।

### चार सहकारी बैंकों पर मौद्रिक जुर्माना

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुंबई के द कपोल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी नहीं है और कमाई की संभावनाएं भी नहीं हैं। रिजर्व बैंक ने बयान में कहा कि लाइसेंस रद्द करने के साथ ही सहकारी बैंक को बैंकिंग कारोबार से तत्काल प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिसमें जमा स्वीकार करना और जमा वापस करना शामिल है।

बयान के मुताबिक, सहकारिता मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव और सहकारी समितियों के केंद्रीय पंजीयक से भी बैंक को बंद करने और बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है। रिजर्व बैंक ने कहा कि प्रत्येक जमाकर्ता जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से पांच लाख रुपये तक की जमा बीमा दावा राशि पाने का हकदार होगा।

## निवेशकों के पास भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे का हिस्सा बनने का मौका : मोदी



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि निवेशकों के पास देश के साथ साझेदारी करने और भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) का हिस्सा बनने का अवसर है।*

यहां ‘ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया शिखर सम्मेलन’ का उद्घाटन करने के बाद मोदी ने कहा कि भारत ने गलियारे पर आम सहमति बनाने के लिए जी-20 शिखर सम्मेलन में जोर दिया। मोदी ने कहा कि बहुत कम देशों को विकास, जनसांख्यिकी, लोकतंत्र और मांग का सौभाग्य मिला हुआ है। साथ ही उन्होंने वैश्विक निवेशकों को भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इतिहास में जब भी भारत की समुद्री क्षमताएं मजबूत हुई हैं तो इससे देश तथा दुनिया को फायदा हुआ है। उनकी सरकार पिछले 9-10 वर्षों में समुद्री क्षेत्र को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। शिखर सम्मेलन के तीसरे संस्करण में मोदी ने 18,800 करोड़ रुपये से अधिक की बंदरगाह से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण में 4,539 करोड़ रुपये के ‘टूना टेकरा ऑल-वेदर डीप-ड्राफ्ट टर्मिनल’ की आधारशिला भी रखी, जिसे भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे की सहायता के लिए विकसित किया जा रहा है।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 16000-17000, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7500-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-11500, फाइन 11500-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10500-11000,फाइन 11000-11500।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3100, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3400-3500, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5200-5500 दुबराज भाटापारा 5000-5100, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5800-6000, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3500-3700, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 9000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4100-4300, फाइन 4300-4400, मुरमुरा-5500-6000, फाइन- 7000-7500, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60300 चांदी टंच-71300 चांदी रिफाइन -72300

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60300 चांदी टंच-71300

चांदी रिफाइन -72300


## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83. 25 |
| एक यूरो | 87. 83 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 101.16 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 52· 79 |
| एक जापानी येन | 00· 55 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 106 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 116 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 प्रति कि.

जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 75 नेट प्रति किलो

जिंदा काकरेल-मुर्गा- 150 रु. कि लो

(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6900, 6 एम एम 6900, 8 एम एम 6400, 10 एम एम 6250,12 एम एम, 6200 एवं 16 एम 6200 रु.। तार- 78 रु. किलो।


# 35 लाख शादियों से होगा 4.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार



*नई दिल्ली। देश में अगले महीने से शुरू हो रहे शादियों के सीजन में खूब कारोबार होने की उम्मीद है। नवंबर-दिसंबर में लाखों शादियां होने की संभावना है, जिनसे पिछले साल की तुलना में इस साल अधिक कारोबार होने का अनुमान है।*

शादियों के दौरान सोने-चांदी के आभूषण, साड़ी, लहंगा-चुन्नी, फर्नीचर, रेडीमेड कपड़े, कपड़े, जूते, शादी और ग्रीटिंग कार्ड, मेवे, मिठाइयां, फल, पूजा सामग्री, किराना, खाद्यान्न, सजावट का सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स और कई उपहार आइटम आदि की खूब मांग रहती है। मैरिज हॉल, बैंड, डीजे, टेंट आदि कारोबारियों को भी कारोबार मिलता है।

**23 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच लाखों शादियां**- कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि इस वर्ष 23 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच देश भर में लगभग 35 लाख शादियां संपन्न होने का अनुमान है। शादी से संबंधित सामानों की खरीद से इस दौरान 4.25 लाख करोड़ रुपये का खर्च इस सीजन में होने की संभावना है। पिछले साल इसी अवधि में करीब 32 लाख शादियां हुई और खर्च 3.75 लाख करोड़ रुपये आंका गया था। दिल्ली में इस सीजन में 3.5 लाख से अधिक शादियों से करीब 1 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है।

**नवंबर में 5 और दिसंबर में 6 दिन विवाह के लिए शुभ**- कैट की आध्यात्मिक एवं वैदिक ज्ञान समिति के अध्यक्ष एवं प्रख्यात वैदिक विद्वान आचार्य दुर्गेश तारे के अनुसार नक्षत्रों की गणना के अनुसार नवंबर में विवाह की तिथियां 23, 24, 27, 28, 29 हैं, जबकि दिसंबर माह में 3, 4,7, 8, 9 और 15 तारीखें विवाह के लिए शुभ दिन हैं। उसके बाद तारा एक महीने के लिए मध्य जनवरी तक डूब जाता है और फिर मध्य जनवरी से शुभ दिन शुरू हो जाएंगे।

**शादियों में खर्च 3 लाख रुपये से लेकर 1 करोड़ रुपये से भी ज्यादा**- खंडेलवाल ने कहा कि इस शादी सीजन में करीब 6 लाख शादियों में प्रति शादी 3 लाख रुपये का अनुमानित खर्च आएगा, जबकि करीब 10 लाख शादियों में प्रति शादी करीब 6 लाख रुपये, 12 लाख शादियों में प्रति शादी लगभग 10 लाख खर्च होंगे। 6 लाख शादियों में प्रति शादी 25 लाख खर्च होंगे। 50 हजार शादियों में प्रति शादी 50 लाख खर्च होंगे, जबकि 50 हजार शादियां ऐसी होंगी जिनमें 1 करोड़ या उससे अधिक पैसे खर्च होंगे। कुल मिलाकर इस एक महीने में शादी के सीजन में बाजारों में शादी की खरीदारी से करीब 4.25 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह होगा। शादी के सीजन का अगला चरण जनवरी के मध्य से शुरू होगा और जुलाई तक जारी रहेगा।

# कई बैंकों ने अक्टूबर में बढ़ाई ब्याज दरें, 9.45 फीसदी तक मिल रहा ब्याज




*नई दिल्ली। अक्टूबर के महीने में कई सारे बैंकों में सामान्य नागरिकों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर ब्याज बढ़ाया है। आज हम आपको कुछ उन बैंकों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन बैंकों ने हाल ही में एफडी पर ब्याज बढ़ाया है।*

**बैंक ऑफ इंडिया**-बैंक 1 अक्टूबर से सीनियर सिटीजन को 7.75 फीसदी तक एफडी पर ब्याज दे रहा है। **बैंक ऑफ बड़ौदा**-बैंक ने टर्म डिपॉजिट पर ब्याज दरों में 3 बारह तक फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दर को 0.50 फीसदी बढ़ा दिया है।

अब वरिष्ठ नागरिकों को बैंक ऑफ बड़ौदा 2 वर्ष से 3 वर्ष की एफडी पर 7.9 फीसदी तक का ब्याज दे रहा हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा तिरंगा प्लस जमा योजना के तहत 399 दिनों की फिक्स्ड डिपॉजिट पर वरिष्ठ नागरिकों को 7.8 फीसदी ब्याज दे रहा है। इसके साथ ही बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने भी ब्याज दरों में बदलाव किया है।

**यूनिटी बैंक**-बैंक ने 701 दिनों की एफडी पर अपनी ब्याज दरों में इजाफा कर दिया है। यूनिटी बैंक अब वरिष्ठ नागरिकों को 9.45 फीसदी का ब्याज ऑफर कर रहा है। 701 दिनों के निवेश पर वार्षिक 8.95 फीसदी का ब्याज ऑफर कर रहे हैं। **केनरा बैंक**-5 अक्टूबर से बैंक ने अपनी एफडी दरों को रिवाइज किया है। अब वरिष्ठ नागरिकों को बैंक 7.75 फीसदी तक ब्याज दे रहा है। **यस बैंक**-यस बैंक 4 अक्टूबर से सीनियर सिटीजन को 8 फीसदी तक एफडी ब्याज दर ऑफर कर रहा है।

**कर्नाटक बैंक**-बैंक वरिष्ठ नागरिकों को 1 अक्टूबर से 7.75 फीसदी तक की एफडी ब्याज दर ऑफर कर रहा है। **इंडसइंड बैंक**-बैंक वरिष्ठ नागरिकों को 1 अक्टूबर से 8.25 फीसदी तक एफडी पर ब्याज दे रहा है। **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक**-आईडीएफसी फर्स्ट बैंक 1 अक्टूबर से सीनियर सिटीजन को एफडी पर 8 फीसदी तक ब्याज दर दे रहा है।


## बैंक ऑफ महाराष्ट्र का मुनाफा 72 फीसदी बढ़ा, एचडीएफसी बैंक को 16811 करोड़ का लाभ




*नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक को चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 16,811 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। एचडीएफसी लि. के विलय के बाद बैंक ने पहली बार परिणाम जारी किया है। इस दौरान उसकी कुल आय एक साल पहले के 46,181 करोड़ से बढ़कर 78,406 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई।*

उधर, बुरे फंसे कर्ज (एनपीए) में कमी और ब्याज आय बढ़ने से बैंक ऑफ महाराष्ट्र को सितंबर तिमाही में 920 करोड़ रुपये का फायदा हुआ है। एक साल पहले समान तिमाही में 535 करोड़ रुपये की तुलना में यह 72 फीसदी अधिक है। कुल आय बढ़कर 5,796 करोड़ रही।

**जियो फाइनेंशियल का मुनाफा दोगुना बढ़ा**- शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद जियो फाइनेंशियल ने पहला वित्तीय परिणाम जारी किया है। सितंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा दोगुना से अधिक बढ़कर 668.18 करोड़ रुपये पहुंच गया। राजस्व 47 फीसदी बढ़कर 608.04 करोड़ पहुंच गया। लाभांश आय 216.85 करोड़ व कुल लागत 71.43 करोड़ रुपये रही।




**फेडरल बैंक को 35.54 फीसदी अधिक मुनाफा**- फेडरल बैंक का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध मुनाफा 35.54 फीसदी बढ़कर 953.82 करोड़ पहुंच गया।?ब्याज आय 17 फीसदी बढ़कर 2,056.42 करोड़ पहुंच गई। सकल एनपीए घटकर 2.26 फीसदी रह गया।


## देशबन्धु

### ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22



नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।



प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## रेलवे की मॉकड्रिल विवादों में घिरी, कर्मचारियों में आक्रोश

# भूखे-प्यासे घंटों काम करता रहा एआरटी स्टाफ



**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे में कहीं भी यदि रेल हादसा होता है तो सबसे पहले यहां का एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन (एआरटी) में तैनात स्टाफ जिस स्थिति में होता है, उसी स्थिति में घर छोड़कर घटना स्थल पर पहुंचने के लिए दौड़ लगाता है। चाहे उसे भूख लगी हो या प्यासा, इन सब बातों को दरकिनार करते हुए वह अपने कर्तव्य को पूरा करने तत्पर रहता है।

ऐसी स्थिति में जिम्मेदार रेल प्रशासन की ड्यूटी है कि वह इन स्टाफ के भोजन-पानी का प्रबंध करें, लेकिन पिछले दिनों पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल अंतर्गत भेड़ाघाट स्टेशन पर एनडीआरएफ व रेलवे के हुए संयुक्त मॉकड्रिल में एआरटी स्टाफ घंटों भूखे काम करता रहा, जबकि इस मॉकड्रिल में शामिल सभी अधिकारी, कर्मचारियों के लिए 5 लाख रुपए की राशि भी आवंटित की गई थी। मंडल रेल प्रबंधक को इस मामले की शिकायत भी की गई है। 12 अक्टूबर की रात 8.23 बजे राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) बटालियन एवं रेलवे विभाग की टीम द्वारा संयुक्त फुल स्केल मॉक ड्रिल अभ्यास का आयोजन किया गया।

इसके अंतर्गत काल्पनिक दुर्घटना का घटनाक्रम दर्शाया गया एवं घटना से निपटने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा अपने कर्मचारियों का कौशल दक्षता जांचने के लिये एनडीआरएफ बटालियन की टीम के साथ रेलवे से होने वाली आपदाओं से किस तरह निपटा जाए इसका संयुक्त अभ्यास किया गया।

**इसलिए आया विवादों में-** सूत्रों के अनुसार रेल प्रशासन को एआरटी स्टाफ के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए इस 5 लाख की राशि में से भोजन, पानी आदि का प्रबंध करना था।

रेल प्रशासन ने इसका प्रबंध भी किया, लेकिन वह पर्याप्त मात्रा में नहीं, खासकर दुर्घटना राहत से सीधे जुड़े एआरटी स्टाफ बिन भोजन के रह गये।

एआरटी स्टाफ के साथ मॉकड्रिल के दौरान दोयम दर्जे का व्यवहार किया गया। उन्हें भोजन तक उपलब्ध नहीं कराया गया, यह काफी गंभीर विषय है। मामले की जानकारी लगते ही रेल प्रशासन से शिकायत की गई है। वहीं इसके पहले भी कई मामले एआरटी के सामने आये हैं, जिसमें उन्हें ड्यूटी के दौरान भोजन, नाश्ते का प्रबंध नहीं किया गया। डीआरएम के संज्ञान में भी कई मामले लाये गये हैं, उन्होंने भी आश्वस्त किया था कि यह गंभीर विषय है और उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित भी किया था कि भविष्य में ऐसी गलती नहीं होना चाहिए, लेकिन फिर भी ऐसी घटना हुई है। जिसका यूनियन ने विरोध जताया है।

**- रोमेश मिश्रा, मंडल सचिव, डबलूसीआरईयू, जबलपुर**

### दो प्रकार के भोजन का ऑर्डर हुआ

बताया गया है कि इस मॉक ड्रिल के दौरान दो प्रकार के भोजन का प्रबंध था। एक वीआईपी थाली तथा दूसरी व्यवस्था भोजन के पैकेट थे, जिसमें आलू की सब्जी व पुड़ी थी। एआरटी स्टाफ में इस बात को लेकर आक्रोश रहा कि उनके 84 कर्मचारी ड्यूटी पर थे, लेकिन उनके लिए कुल 10 पैकेट पुड़ी-सब्जी के दिये गये थे। शेष 74 के लिए कोई प्रबंध नहीं था। जिससे नाराज सभी 84 स्टाफ ने भोजन नहीं किया। इस मामले की शिकायत अगले दिन एआरटी स्टाफ ने डीआरएम को की और वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) को भी अवगत कराया, जिसके बाद यूनियन ने डीआरएम व एडीआरएम के संज्ञान में यह मामला लाया और जिस विभाग के पास स्टाफ के भोजन-पानी के प्रबंधन की जिम्मेदारी थी, उन पर कार्रवाई किये जाने की मांग की।

-रेल प्रशासन ने तय मानदंडों के मुताबिक सभी स्टाफ को भोजन उपलब्ध कराया था। इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं रखी है। भोजन के पैकेट स्टाफ को दिये गये थे, उसमें मेन्यू के हिसाब से ही सामग्री थी।

**- विश्व रंजन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, जबलपुर**



**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी में नवरात्र का महापर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। कई दुर्गा पंडालों में देवी प्रतिमाएं स्थापित की जा चुकी हैं। जहां क्षेत्रीय श्रृद्धालु देवी दुर्गा व मां काली की अराधना के लिये पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में रद्दी चौकी स्थित मनोकामना महाकाली समिति के पंडाल में माता काली की रौद्र रूप धारण किये प्रतिमा स्थापित कर दी गई है। जिसके दर्शन करने के लिये क्षेत्रीयवासी पहुंच रहे हैं। क्षेत्रीय जनों में ऐसी मान्यता है कि माता के सामने जो मनोकामना मांगी जाये वह पूर्ण हो जाती है। इसलिये यहां श्रृद्धालुओं की भीड़ रहती है।

## छत्तीसगढ़ से फिर हाथी पहुंचे अनूपपुर, ग्रामीणों को किया अलर्ट



**अनूपपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के मरवाही वन परिक्षेत्र में विचरण करने के बाद दो हाथी अनूपपुर जिले में के वन परिक्षेत्र कोतमा के टांकी गांव में पहुंचे हैं।

सोमवार देर रात दो हाथियों ने ग्रामीणों के खेतों में लगी धान को अपना भोजन बनाया और मंगलवार की सुबह टांकी पूर्व के जंगल में विश्राम कर रहे हैं।

हाथियों के आने की सूचना पर वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है। विभाग हाथियों के समूह पर नजर बनाए हुए हैं। छत्तीसगढ़ राज्य से लगे मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में विगत कई वर्षों से हाथियों का आगमन और विचरण हो रहा है। लेकिन पिछले दो-तीन वर्षों से हाथियों के आने की संख्या बढ़ती जा रही है।

ये हाथियों का समूह ग्रामीणों में आतंक का पर्याय बन चुका है। हाथी गांव में घुस कर ग्रामीणों का घर तोड़ रहे हैं तो कहीं उनके घर का अनाज भी खा जाते हैं।

बीते कुछ माह पहले हाथियों का झुंड विचरण करते हुये एक कंपनी में घुस गया था। जिसके बाद वन विभाग ने इन पर नजर रखना शुरू कर दिया। जिससे ग्रामीणों के जान माल का नुकसान हो। इस समय भी विभाग ने ग्रामीणों को अलर्ट रहने के लिये कहा है।

## अब फर्जी डिग्री पर कसेगी नकेल, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में बार कोड लागू होगा




**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय बार कोड व क्यूआर कोड सिस्टम लागू करने जा रहा है. जिसे स्कैन करते ही छात्र-छात्राओं की सारी जानकारी मिल जाएगी। इस व्यवस्था से फर्जी डिग्री पर भी नकेल कसेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने 15 हजार से ज्यादा डिग्री की तैयारी कर ली है।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि डिग्री को सुरक्षित रखने व आकर्षक बनाने के लिए इस तरह की व्यवस्था की जा रही है। वहीं फर्जी डिग्री की पहचान करने में भी आसानी होगी और न नहीं फर्जी डिग्री बन पाएगी। कहीं से भी इसे सत्यापित किया जा सकता है। डिग्री में क्यूआर व बारकोड को मोबाइल फोन से स्कैन करते ही स्टूडेंट का नाम, रोल नम्बर सहित अन्य जानकारी सामने आ जाएगी, जिसमें होलोग्राम के साथ मैग्रेटिक लाइन भी होगी, जो नोट में लगने वाली पट्टी की तरह होगी। सुरक्षा मानक इतने सख्त हैं कि नकल करना भी आसान नहीं होगा।

## फर्जी अंक सूची के आधार पर नौकरी व पदोन्नति लेने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई

**कटनी, देशबन्धु।** कटनी जिले के एक सरकारी स्कूल में गलत अंक सूची के आधार पर नियुक्ति पाने और पदोन्नति लेने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने शासकीय प्राथमिक शाला हरतला टोला की प्राथमिक शिक्षक मीना कोरी पर गलत अंक सूची का सहारा लेकर पदोन्नति प्राप्त करने के मामले में विभागीय जांच से संबंधित आरोप पत्र जारी किया है। इसके लिये संबंधित शिक्षक से 10 दिन में लिखित परिवाद प्रस्तुत करते हुए यह स्पष्ट करने के लिये कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बड़वारा ने प्राथमिक शिक्षक राम नारायण तिवारी की फर्जी शिक्षक बनने की शिकायत के संबंध में जानकारी दी थी। जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी आरोप पत्र में कहा है कि प्राथमिक शिक्षक मीना कोरी को जांच अधिकारी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से नहीं उपस्थित होन पर या मध्यप्रदेश सिविल सेवा प्रावधानों का पालन करने में असफल रहने पर जांच अधिकारी ने विभागीय जांच संस्थित की गई है। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी ने बड़वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी बड़वारा के पत्र पर व्यापम की अंक सूची और सेवा अभिलेखों में संलग्न व्यापम की अंक सूची को कूट रचित तरीके से तैयार कर फर्जी शिक्षक बनने की शिकायत में कार्रवाई करते हुये शासकीय प्राथमिक शाला कुटी टोला संकुल केन्द्र शासकीय उच्चातर माध्यमिक विद्यालय बालक बरही के प्राथमिक शिक्षक राम नारायण तिवारी को मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम के प्रावधान अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## लोकायुक्त टीम ने रोजगार सहायक को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

**गाडरवारा देशबन्धु।** जनपद पंचायत साईंखेड़ा कार्यालय में लोकायुक्त की टीम ने रिश्वत लेते हुए ग्राम पंचायत अजंदा के ग्राम रोजगार सहायक प्रशांत बड़कुर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़कर वैधानिक कार्यवाही की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत अजंदा के सरपंच सरपंच शिवानी मेहरा के पति हल्के मेहरा से रोजगार सहायक ने जीरो टेकिंग एवं पंचायत में हुए नाली सड़क के निर्माण कार्यों की राशि निकालने के लिए 35 हजार की रिश्वत के तौर पर मांग की थी। प्रार्थी द्वारा पूर्व में पहली क़िस्त रूप में 10 हजार का मोबाइल लिया था दूसरी किस्त 25 हजार की मंगलवार जनपद कार्यालय देने पहुंचे इस दौरान लोकायुक्त की टीम ने रिश्वत लेते हुए रोजगार सहायक को रंगे हाथों पकड़ लिया।



लोकायुक्त विभाग को सरपंच पति द्वारा रिश्वत लेने की शिकायत की गई थी। मंगलवार को पैसे देते समय लोकायुक्त टीम जनपद कार्यालय साईंखेड़ा पहुंची और रंगे हाथों पकड़कर कार्यवाही की गई। लोकायुक्त की टीम की कार्यवाही से जनपद कार्यालय में हड़कंप मच गया था।

लोकायुक्त की टीम में डीएसपी सुरेखा परमार, टीआई स्वप्निल दास, निरीक्षक मंजू तिर्की एवं 5 सदस्ययी दल प्रमुख था।

## लोकायुक्त ने रोजगार सहायक को रिश्वत लेते दबोचा

### लाडली बहना योजना के नाम पर ले रहा रूपया

**डिंडौरी, देशबन्धु।** डिंडौरी जिले में जबलपुर लोकायुक्त ने शहपुरा जनपद पंचायत क्षेत्र के सरसवाही ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक को लाडली बहना योजना के तहत आवास फार्म भरवाने के नाम पर 500 रूपए की रिश्वत लेते बस स्टैण्ड से गिरफ्तार किया है।



लोकायुक्त निरीक्षक रेखा प्रजापति ने बताया कि सरसवाही ग्राम पंचायत निवासी अशोक तेमरे की पत्नी सावित्री बाई ने लाडली बहना आवास योजना का फार्म भरा था उसके लिये रोजगार सहायक नान सिंह मसराम ने 500 रूपये की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त में शिकायत की थी। इसके बाद लोकायुक्त पुलिस ने रोजगार सहायक को रंगे हाथों गिरफ्तार करने की योजना बनाई और मंगलवार जब आवेदक अपनी पत्नी के साथ शहपुरा बस स्टैण्ड में रोजगार सहायक नान सिंह मसराम को 500 रूपये की रिश्वत दे रहा था तभी पुलिस ने तत्काल उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।

## शासकीय कर्मचारी की मौत के मामले में सुनवाई आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाई कोर्ट ने तालाब में डूबने से विंगत शासकीय कर्मी की विधवा को मुआवजा न दिए जाने के रवैये को आड़े हाथों लिया है। इसी के साथ अमरवाड़ा, छिंदवाड़ा के एसडीओ को निर्देश दिया कि 24 घंटे के भीतर शपथ पत्र पर जवाब पेश करें, ऐसा न किए जाने पर व्यक्तिगत रूप से हाजिर हों।

मामले की आज 18 अक्टूबर को होनी है। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता अमरवाड़ा निवासी सविता डेहरिया की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा, शिवम शर्मा व अमित स्थापक ने पक्ष रखा।

## निराश्रित महिला का कराया गया पुनर्वास

### मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सराहनीय पहल

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने न्याय सबके लिए की संकल्पना को साकार करते हुए निराश्रित महिला का पुनर्वास सुनिश्चित कराया। यह महिला इंद्रा मार्केट क्षेत्र में भटकती रहती थी। जिसकी दयनीय हालत की जानकारी प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। जिसे गंभीरता से लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये गये। जिसके पालन में तत्काल कार्रवाई करते हुए मोक्ष मानव एवं जनोत्थन समिति के आश्रय गृह में महिला का पुनर्वास कराया गया। इस दौरान उसके चेहरे पर मुस्कान खिल गई।

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव राजीव कर्महे ने बताया कि आश्रय गृह में स्वच्छ वस्त्र, बिस्तर व मेडिकल सुविधा के साथ प्रतिदिन भोजन मिलेगा। दरअसल, न्याय सबके लिए प्रकल्प अंतर्गत पूर्व में भी इसी तरह के सराहनीय कार्य प्रशासन व स्वयंसेवी संस्थाओं के समन्वय से किए जाते रहे हैं। जनभागीदारी से यह सब संभव हो जाता है। इसके लिए दयालु जन व संगठन उत्साह से आगे आते हैं।

## बारह वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को, जिन्हें फोटो पहचान पत्र जारी किया गया है, उन्हें मतदान से पहले मतदान केंद्र पर अपनी पहचान के लिए फोटो पहचान पत्र (ईपिक) प्रस्तुत करना होगा।

वे मतदाता, जो फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा। मतदान ईपिक नहीं होने पर इन 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/ पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। अप्रवासी भारतीय मतदाताओं (एनआरआई) को केवल पहचान के लिए अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा।







**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 126 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 116 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 106 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 106 |

मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 102 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 112 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 122 |

मोबाइल नं. 9300692405

